सच, सिर्फ सच
**
# वॉयस ऑफ लखनऊ
सोमवार, 04 मई, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 120, पेज 12, 3.50 रुपये
www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



## कंपनियों की पूंजी 2.20 लाख करोड़ बढ़ी

देश की टॉप 10 कंपनियों में से चार का मार्केटकैप बीते हफ्ते 2.20 लाख करोड़ रुपए बढ़ा है। भारतीय शेयर बाजार में तेजी को माना जा रहा है। } 10

## भारत वैश्विक संकटों को अवसरों में बदले : नड्डा

केंद्रीय मंत्री जे .पी . नड्डा ने कहा कि भारत को अपनी घरेलू ताकत बढ़ाने के लिए मौजूदा वैश्विक अनिश्चितताओं को अवसरों में बदलना चाहिए। } 12

# दृष्टि उपग्रह का सफल प्रक्षेपण

### पीएम मोदी ने विश्व के पहले ऑप्टोसार उपग्रह मिशन के प्रक्षेपण पर दी बधाई

एजेंसी



नयी दिल्ली। स्पेसएक्स ने रविवार को कैलिफॉर्निया से फाल्कन 9 रॉकेट के जरिये बेंगलुरु आधारित स्टार्ट-अप गैलेक्सआई के मिशन दृष्टि उपग्रह का प्रक्षेपण किया। कंपनी के अनुसार, मिशन दृष्टि दुनिया का पहला ऑप्टोएसएआर उपग्रह है, जिसमें इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल (ईओ) और सिंथेटिक अपर्चर रडार (एसएआर) सेंसर को एक ही प्लेटफॉर्म पर जोड़ा गया है। पीएम मोदी ने विश्व के पहले ऑप्टोसार उपग्रह मिशन के प्रक्षेपण पर बधाईदी।

ईओ सेंसर धूप और साफ मौसम में उच्च गुणवत्ता की तस्वीरें लेते हैं जबकि एसएआर सेंसर रडार पल्स के जरिए हर मौसम तथा हर समय तस्वीरें उपलब्ध कराते हैं। मिशन दृष्टि के सफलतापूर्वक कक्षा में पहुंचने के बाद हमारा ध्यान इसकी कमीशनिंग को पूरा करने पर है। इस चरण के दौरान हम अपने ऑप्टोएसएआर पेलोड से मिलने वाले अलग तरह के डेटा को लेकर दुनियाभर में खासी रुचि देख रहे हैं। कंपनी ने कहा कि यह उपग्रह पारंपरिक प्रणालियों की सीमाओं से आगे जाने में मदद करेगा और विभिन्न पर्यावरणीय परिस्थितियों में अधिक विश्वसनीय व निरंतर डेटा उपलब्ध कराएगा। मिशन दृष्टि का प्रक्षेपण पांच वर्षों तक स्वदेशी अनुसंधान एवं विकास, व्यापक पर्यावरणीय परीक्षण और प्रदर्शन सत्यापन के बाद किया गया। इंडियन स्पेस एसोसिएशन (आईएसपीए) के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) ए.के. भट्ट ने कहा, गैलेक्सआई ने वह उपलब्धि हासिल की है जो दुनिया में कुछेक संस्थाओं ने हासिल की है और वह है एक ही प्लेटफॉर्म पर ऑप्टिकल तथा एसएआर क्षमताओं को सहज रूप से जोड़कर हर मौसम में निरंतर निगरानी संभव बनाना। उन्होंने कहा कि इस प्रौद्योगिकी की खास बात सिर्फ इसकी क्षमता नहीं, बल्कि इसका व्यापक प्रभाव भी है, खासकर अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में, जहां पृथ्वी निरीक्षण के क्षेत्र में समयबद्ध और निर्णय लेने के लिए उपयोगी जानकारी बेहद महत्वपूर्ण होती है। आईएसपीए देश में अंतरिक्ष और उपग्रह कंपनियों का प्रमुख उद्योग संगठन है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को गैलेक्सआई द्वारा विश्व के पहले ऑप्टोसार उपग्रह मिशन दृष्टि के प्रक्षेपण ...शेष पृष्ठ 10 पर

# टंकी पर फंसे बच्चों के लिए योगी ने भेजा हेलीकॉप्टर

### सुरक्षित बचाये गये दो बच्चे, सीढ़ी टूटने से एक की हुई थी मौत

जिला संवाददाता





सिद्धार्थनगर। उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थनगर जिले में एक पानी की टंकी की सीढ़ी टूटने से नीचे गिरकर एक लड़के की मौत हो गई और दो अन्य लोग घायल हो गए जबकि दो अन्य लोगों को सेना के हेलीकॉप्टर की मदद से नीचे उतारा गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। इस बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रशासन ने युद्धस्तर पर राहत एवं बचाव अभियान चलाया।

पुलिस ने बताया कि सिद्धार्थनगर शहर में कांशीराम कॉलोनी में रहने वाले पांच लड़के शनिवार को पास में ही स्थित करीब 30 साल पुरानी और जर्जर हो चुकी पानी की टंकी पर चढ़ गए थे। उन्होंने बताया कि लड़के जब नीचे उतर रहे थे तभी टंकी की सीढ़ी अचानक ढह गई, जिससे उनमें से तीन लड़के नीचे गिर गए, जबकि दो अन्य सीढ़ी टूटने की वजह से ऊपर ही फंसे रह गए। पुलिस ने बताया कि टंकी के ऊपर फंसे दो लड़कों को नीचे उतारने के लिए एक वैकल्पिक रास्ता बनाने की कोशिश की जा रही थी लेकिन बारिश के चलते व्यवधान उत्पन्न होने के बाद गोरखपुर से मंगवाए गए वायु सेना के हेलीकॉप्टर की मदद से दोनों लड़कों को रविवार सुबह सकुशल नीचे उतार लिया गया। पुलिस के मुताबिक, शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घायल गोलू (12), सनी (14) और सिद्धार्थ (10) को फौरन मेडिकल कॉलेज ले गए, जहां सिद्धार्थ को मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि गोलू और सनी की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें गोरखपुर के अस्पताल में स्थानातंरित कर दिया गया। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी. एन. ने बताया कि टंकी ...शेष पृष्ठ 10 पर

## संक्षेप

### ईरान के प्रस्ताव पर ट्रंप को संदेह

दुबई। ईरान ने अमेरिका को भेजे नवीनतम प्रस्ताव में दोनों देशों के बीच गतिरोध के लिए जिम्मेदार मुद्दों को 30 दिनों के भीतर सुलझाने का आह्वान किया है। इसका उद्देश्य युद्धविराम को बढ़ाने के बजाय युद्ध को समाप्त करना है। ईरानी सरकार से जुड़ी मीडिया ने यह खबर दी। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वह युद्ध समाप्त करने के लिए ईरान के एक नए प्रस्ताव पर मंथन कर रहे हैं। लेकिन उन्होंने ईरान के साथ कोई समझौता होने की संभावना पर संदेह भी जताया। ईरान के सुरक्षा प्रतिष्ठानों से घनिष्ठ संबंध रखने वाली अर्ध-सरकारी नूर न्यूज एजेंसी ने खबर दी कि खाड़ी देश की ओर से भेजे गए 14 सूत्री प्रस्ताव में युद्धविराम की अवधि बढ़ाने के बजाय युद्ध को समाप्त का आह्वान किया गया है। अमेरिका की नौ सूत्री योजना के जवाब में दिए गए इस प्रस्ताव में अमेरिका से ईरान पर लगे प्रतिबंध हटाने, नौसैनिक नाकेबंदी समाप्त करने, क्षेत्र से सेना वापस बुलाने और लेबनान में इजराइल के सैन्य अभियानों सहित सभी प्रकार की शत्रुता समाप्त करने का आह्वान किया गया है।

### कूज हादसा: मरने वालों की संख्या 13

जबलपुर। मध्यप्रदेश के जबलपुर जिले में बरगी बांध में हुए क्रूज हादसे में मृतकों की संख्या बढ़कर 13 हो गई है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। रविवार सुबह पांच वर्षीय बालक मयूरम और उसके चाचा कमराज (लगभग 50) के शव बरामद किए गए। कमराज खमरिया आयुध निर्माण फैक्टरी में कर्मचारी थे। बरगी के उप पुलिस अधीक्षक अंजुल अयंक मिश्रा ने पीटीआई भाषा को फोन पर बताया कि दोनों के शव पानी में मिले, जिन्हें बाहर निकाल लिया गया है। उन्होंने बताया कि अब सभी 13 लापता लोगों का पता चल गया है और शवों को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल भिजवाया गया है। सेना के करीब 20 गोताखोरों सहित 200 से अधिक बचावकर्मी, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल, राज्य आपदा मोचन बल और स्थानीय गोताखोरों की टीम शामिल रहीं।

# यूपी में इस साल होगी 1.5 लाख सरकारी भर्ती

### 9 साल में 9 लाख से अधिक पारदर्शी भर्तियों का बना रिकॉर्ड, भर्ती प्रक्रिया में सेंधमारी रोकने के लिए लागू किया गया सख्त कानून: सीएम

विशेष संवाददाता



लखनऊ। प्रदेश में पिछले नौ वर्षों में 9 लाख से अधिक नौजवानों को सरकारी नौकरी दी गई है। यह किसी भी राज्य में सर्वाधिक नियुक्तियों की प्रक्रिया को सकुशल एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न करने का रिकॉर्ड है। सिर्फ अधीनस्थ चयन आयोग इस वर्ष 32 हजार से अधिक नियुक्तियों की प्रक्रिया संपन्न करेगा। शिक्षा चयन आयोग हजारों शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया पूरी करेगा।

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग को लगभग 15 हजार भर्तियां करनी है। इस प्रकार चालू वित्तीय वर्ष (2026-27) में डेढ़ लाख से अधिक सरकारी भर्तियों की प्रक्रिया संपन्न होनी है। प्रक्रिया में किसी प्रकार की सेंध न लगे, इसके लिए सख्त कानून भी बनाया है, जिसके तहत सेंधमारी करने वालों को आजीवन कारावास की सजा और उसकी पूरी संपत्ति को जब्त किया जाता है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को लोक भवन में उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के लिए नवचयनित 357 कनिष्ठ विश्लेषकों (औषधि) तथा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के नवचयनित 252 दंत स्वास्थ्य विज्ञानियों को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में कहीं। अपने संबोधन के पहले मुख्यमंत्री ने नवचयनित अभ्यर्थियों को नियुक्त पत्र वितरित किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर माता-पिता की इच्छा होती है कि उनका बच्चा अच्छी शिक्षा प्राप्त कर एक सुरक्षित और बेहतर भविष्य की ओर आगे बढ़े। इसके लिए वे हरसंभव प्रयास करते हैं, लेकिन जब अपेक्षित परिणाम नहीं मिलते, तो न केवल उस युवा के सपने टूटते हैं, बल्कि उसके माता-पिता और परिवार से जुड़े अन्य लोगों की उम्मीदें भी चकनाचूर हो जाती हैं। किसी युवा के सपनों का टूटना केवल एक व्यक्ति के साथ अन्याय नहीं है, बल्कि यह आने वाली पीढ़ियों के भविष्य के साथ धोखा है। उत्तर प्रदेश की ह्यबीमारू राज्यह्न के रूप में पहचान बनाने में चयन प्रक्रियाओं में भेदभाव, बेईमानी और भ्रष्टाचार की भूमिका थी। भर्ती प्रक्रियाओं में अनियमितताएं इतनी अधिक थीं कि न्यायालय को बार-बार हस्तक्षेप करना पड़ता था। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले लगभग हर नियुक्ति प्रक्रिया पर कहीं न कहीं कोर्ट स्टे लगते थे, न्यायालय से कड़ी टिप्पणियां मिलती थीं। स्थिति यह थी कि जो व्यक्ति पात्र नहीं था, वह भी आयोग का चेयरमैन बन जाता था। यहां तक कि फर्जी डिग्री वाले लोग चयन प्रक्रिया का नेतृत्व कर रहे थे। पैसे के लेनदेन के कारण भर्तियां प्रभावित होती थीं और योग्य उम्मीदवारों को अवसर नहीं मिल पाता ...शेष पृष्ठ 10 पर

### एक दिन में लगेंगे 35 करोड़ से अधिक पौधे, बनेगा कीर्तिमान : योगी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस वर्ष एक दिन में 35 करोड़ पौधरोपण का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा है कि विगत वर्षों में जनभागीदारी से प्रदेश ने वृक्षारोपण में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं और अब इसे जनआंदोलन के रूप में आगे बढ़ाया जाएगा। रविवार को वृहद पौधरोपण अभियान-2026 की तैयारियों की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने आह्वान किया कि ह्यएक पेड़ मां के नामह्न अभियान के तहत प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र में न्यूनतम 05 सहजन के पौधे लगाए जाएं, जबकि स्कूल-कॉलेजों में हर छात्र कम से कम एक पौधा लगाए। मुख्यमंत्री ने गंगा एक्सप्रेस-वे के दोनों किनारों पर बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण को केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि सतत जन-अभियान के रूप में विकसित किया जाए। बैठक में बताया गया कि प्रदेश में पिछले वर्षों में वृक्षारोपण के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। वर्ष 2009 से 2016 के बीच जहां 51.48 करोड़ पौधे लगाए गए थे, वहीं वर्ष 2017 से 2025 के बीच यह संख्या बढ़कर 242.13 करोड़ हो गई। इसी अवधि में वन एवं वृक्ष आवरण में 3 लाख 38 हजार एकड़ की ऐतिहासिक वृद्धि दर्ज की गई है और हरित आवरण लगभग 9.96 प्रतिशत तक पहुंच गया है। कार्बन स्टॉक में वृद्धि के मामले में भी प्रदेश राष्ट्रीय औसत (1.13 प्रतिशत) से आगे है और 2.46 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की ...शेष पृष्ठ 10 पर

# योजनाओं को जमीनी स्तर पर लागू करना प्राथमिकता

### मुख्य सेवक सदन में जनसंवाद कार्यक्रम, प्रदेश के कोने-कोने से पहुंचे लोग



प्रमुख संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता केवल योजनाओं की घोषणा करना नहीं, बल्कि उन्हें जमीनी स्तर पर सफलतापूर्वक लागू कर नागरिकों तक उसका वास्तविक लाभ पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि जब तक विकास का फायदा अंतिम व्यक्ति तक नहीं पहुंचेगा, तब तक प्रयास अधूरे माने जाएंगे। मुख्य सेवक सदन में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याएं मुख्यमंत्री के सामने रखीं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग ले ते हुए सड़क, पेयजल, विद्युत, स्वास्थ्य, शिक्षा तथा भूमि से जुड़े मामलों को प्रमुखता से उठाया। मुख्यमंत्री ने सभी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों को तत्काल आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को सख्त संदेश देते हुए कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनावश्यक विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रशासन की कार्यप्रणाली की असली परीक्षा इसी बात से होती है कि वह जनता की समस्याओं का समाधान कितनी तेजी और दक्षता से करता है। मुख्यमंत्री ने ...शेष पृष्ठ 10 पर

# पश्चिम बंगाल समेत पांच राज्यों के चुनाव नतीजे आज

### कड़ी सुरक्षा के बीच सुबह आठ बजे शुरू होगी मतगणना, फाल्टा विसक्षेत्र में 21 को होगा पुनर्मतदान



एजेंसी

नयी दिल्ली। पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल, असम और पुड्डुचेरी विधानसभाओं तथा विभिन्न राज्यों के आठ विधानसभा क्षेत्रों के उप चुनावों की मतगणना कड़ी सुरक्षा के बीच सोमवार सुबह आठ बजे शुरू होगी। पश्चिम बंगाल में दक्षिण 24 परगना जिले की फाल्टा विधानसभा क्षेत्र में पुनर्मतदान कराये जाने के चुनाव आयोग के निर्णय के अनुसार वहां 21 मई को फिर मतदान कराया जायेगा।

राज्य की शेष 243 सीटों के चुनावों की मतगणना कल सुबह आठ बजे शुरू होगी। सभी राज्यों में शुरुआती आधे घंटे में पोस्टल बैलेट पेपर की मतगणना होगी। इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन से की जा रही मतगणना पूरी होने से पहले पोस्टल बैलेट पेपर की मतगणना हर हाल में पूरी कर ली जायेगी। कल रात तक सभी राज्यों के चुनावों के नतीजे आ जाने की उम्मीद है। चुनाव आयोग के सूत्रों के अनुसार पांचों राज्यों में मतगणना के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। सभी मतगणना केन्द्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये ...शेष पृष्ठ 10 पर

### बंगाल व असम में मतगणना में लगे यूपी के पीसीएस

लखनऊ। चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल और असम में मतगणना कराने के लिए यूपी के पीसीएस अधिकारियों की भी ड्यूटी लगाई है। पश्चिम बंगाल में 17 और असम में सात पीसीएस अफसरों को प्रेक्षक बनाया गया है। चंदन पटेल, रामजी मिश्रा, अभय कुमार पांडे, प्रदीप कुमार, संजीव कुमार, शिशिर कुमार, अजय कुमार राय को भेजा गया है। आनंद कुमार सिंह, अनूप कुमार, बृजेश कुमार त्रिपाठी, दीपेंद्र यादव, धीरेंद्र सिंह, दीप्ति देव यादव, मनोज कुमार सागर, नागेंद्र नाथ यादव, पंकज कुमार, रमेश यादव को भेज गया है। अमित कुमार, अतुल कुमार, हिमांशु कुमार गुप्ता, ललित कुमार, राहुल यादव, अरविंद कुमार द्विवेदी व शशि भूषण एडिशनल कमिश्नर मुरादाबाद को भेजा गया है।



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 46.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 26.00 डिसे. |


**भीतर पढ़ें**


- शिक्षा मित्रों का गोरखपुर में कल सम्मान करेंगे योगी (पृष्ठ-02)
- चित्रकूट में कल्याणकारी योजनाओं से आ रहा बदलाव (पृष्ठ-02)
- प्रमुख कच्चे माल पर शुल्क छूट की मांग की (पृष्ठ-10)
- तंजानिया में खेती कर रहे हैं हरियाणा के किसान (पृष्ठ-14)
- कंगाल पाक पर मंडराया बड़ा खतरा (पृष्ठ-14)


**विशेष खबर** 14,760 करोड़ खर्च करेगी सरकार, लाखों युवाओं को मिलेगा प्रशिक्षण, हर साल 10 लाख से अधिक युवाओं को एडवांस स्किलिंग देने का लक्ष्य

# हब एंड स्पोक मॉडल से यूपी में बढ़ेंगे कौशल व उद्योग

विशेष संवाददाता




लखनऊ। प्रदेश में युवाओं को रोजगारपरक कौशल से जोड़ने के लिए सरदार पटेल एम्प्लॉयमेंट एंड इंडस्ट्रियल जोन्स के तहत 12 मेगा स्किल हब और 63 जिला स्किल केंद्र स्थापित होंगे। यह मेगा स्किल हब और जिला स्किल केंद्र प्रदेश की आर्थिक प्रगति के साथ-साथ युवाओं के भविष्य को भी मजबूत आधार देंगे। इसके लिए योगी सरकार करीब 14,760 करोड़ रुपये खर्च करेगी। इसके जरिये योगी सरकार ने हर साल 10 लाख से अधिक युवाओं को एडवांस स्किलिंग देने का लक्ष्य रखा है।

प्रदेश सरकार की योजना हब एंड स्पोक मॉडल पर आधारित होगी। इसमें 12 बड़े शहरों क्रमशः लखनऊ, गौतमबुद्धनगर, कानपुर, वाराणसी, गोरखपुर, आगरा, मेरठ, सहारनपुर, झांसी, बरेली, मुरादाबाद और गाजियाबाद में मेगा स्किल हब बनाए जाएंगे। इनके साथ जुड़े 63 जिला स्किल केंद्र स्पोक के रूप में काम करेंगे। इस मॉडल के जरिए हर जिले तक कौशल विकास और उद्योगों की पहुंच सुनिश्चित की जाएगी। मेगा स्किल हब जहां बड़े स्तर पर प्रशिक्षण और उद्योगों को आकर्षित करेंगे, वहीं जिला केंद्र स्थानीय युवाओं को उनकी जरूरत के अनुसार प्रशिक्षण देंगे। इसकी विशेषता है कि इसमें स्किलिंग और औद्योगिक विकास को एक साथ जोड़ा गया है। योगी सरकार का उद्देश्य हर जिले में ऐसे औद्योगिक जोन विकसित करना है, जहां युवाओं को प्रशिक्षण के साथ-साथ रोजगार और स्वरोजगार के अवसर भी मिलें। इन केंद्रों में तकनीकी कौशल के साथ-साथ सॉफ्ट स्किल, भाषा प्रशिक्षण, डिजिटल साक्षरता और आधुनिक तकनीकों का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। इसके अलावा उद्योगों के लिए ह्यप्लग एंड प्ले सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी, जिससे निवेश को बढ़ावा मिलेगा। स्किल हब और जिला केंद्रों में प्रशिक्षण की विविध श्रेणियां होंगी। इसमें पारंपरिक कौशल के साथ-साथ आधुनिक और भविष्य आधारित कौशल जैसे रोबोटिक्स, डेटा एनालिटिक्स, इंडस्ट्रियल ऑटोमेशन, डिजिटल मार्केटिंग आदि शामिल होंगे। स्थानीय जरूरतों के अनुसार कौशल चयन किया जाएगा, जिससे ह्यवन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट जैसी योजनाओं को भी मजबूती मिलेगी। इससे न केवल स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि युवाओं को अपने ही जिले में रोजगार के अवसर मिल सकेंगे। योजना में सरकार के साथ निजी क्षेत्र की भी अहम भूमिका होगी। सरकार बुनियादी ढांचा और प्रारंभिक निवेश उपलब्ध कराएगी जबकि संचालन और प्रशिक्षण का काम निजी साझेदारों के जरिए किया जाएगा। शुरूआती पांच वर्षों तक वायबिलिटी गैप फंडिंग के जरिए इन संस्थानों को सहयोग दिया जाएगा। इससे स्किलिंग सेंटर और ...शेष पृष्ठ 10 पर

# पूर्वी दिल्ली की आवासीय इमारत में आग लगने से नौ लोगों की मौत





नयी दिल्ली। पूर्वी दिल्ली के विवेक विहार में रविवार तड़के एक आवासीय इमारत में आग लगने से एक बच्चे समेत दो परिवारों के कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि विवेक विहार फेज- । में चार मंजिला इमारत में आग लगने की सूचना तड़के करीब तीन बजकर 48 मिनट पर मिली, जिसके बाद पुलिस, दमकल और आपदा प्रबंधन दल मौके पर पहुंचे। आग ने इमारत की दूसरी, तीसरी और चौथी मंजिल पर स्थित कई फ्लैट को अपनी चपेट में ले लिया, जिसके बाद अफरा-तफरी के बीच बचाव के लिए प्रयास शुरू किए गए। छत का दरवाजा बंद होने के कारण इमारत में फंसे लोगों के लिए आग से बचकर निकलना मुश्किल हो गया। आग बुझाने के लिए दमकल ...शेष पृष्ठ 10 पर

# 357 कनिष्ठ विश्लेषकों की नियुक्ति से दवा गुणवत्ता जांच को मिलेगी रफ्तार

## प्रदेश की 18 प्रयोगशालाएं होंगी पूर्ण रूप से संचालित, दवाओं व कास्मेटिक उत्पादों की गुणवत्ता पर निगरानी होगी स्थापित

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** प्रदेश में जनस्वास्थ्य सुरक्षा को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम का तहत रविवार को खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के अंतर्गत चयनित 357 कनिष्ठ विश्लेषक (औषधि) अभ्यर्थियों को मुख्यमंत्री ने नियुक्ति पत्र वितरित किए। वर्ष 2024 के विज्ञापन के सापेक्ष वर्ष 2026 में पूरी हुई यह भर्ती प्रक्रिया उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से पारदर्शी तरीके से सम्पन्न हुई है। इन नियुक्तियों के माध्यम से दवा की गुणवत्ता जांच की रफ्तार बढ़ेगी। साथ ही प्रदेश की सभी 18 प्रयोगशालाएं पूर्ण रूप से संचालित होंगी और विश्लेषण क्षमता में भी प्रतिवर्ष 4 गुणा से अधिक की वृद्धि होगी।

कनिष्ठ विश्लेषक (औषधि) की नियुक्ति से प्रदेश में दवा एवं सौंदर्य प्रसाधनों की गुणवत्ता जांच व्यवस्था को नई गति मिलेगी। इनका प्रमुख दायित्व औषधि एवं कास्मेटिक्स एक्ट 1940 तथा संबंधित नियमों के अंतर्गत विभिन्न जनपदों से औषधि निरीक्षकों द्वारा संग्रहित नमूनों का वैज्ञानिक परीक्षण करना है। यह परीक्षण न केवल दवाओं की शुद्धता, प्रभावशीलता और मानक अनुरूपता सुनिश्चित करेगा, बल्कि नकली, मिलावटी और मानकहीन उत्पादों की पहचान कर उनके विरुद्ध त्वरित कार्रवाई का मार्ग भी प्रशस्त करेगा। इससे बाजार में उपलब्ध दवाओं और कास्मेटिक उत्पादों की गुणवत्ता पर सख्त निगरानी स्थापित होगी, जिससे आम जनता को सुरक्षित और भरोसेमंद उत्पाद उपलब्ध हो सकेंगे। साथ ही, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप परीक्षण से प्रदेश की गुणवत्ता नियंत्रण प्रणाली और अधिक सुदृढ़ होगी, जो जनस्वास्थ्य सुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। प्रदेश में औषधि गुणवत्ता परीक्षण की व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए अब हर मण्डलीय मुख्यालय पर आधुनिक औषधि प्रयोगशालाओं की स्थापना कर कुल 18 प्रयोगशालाओं को फर्नीचर एवं अत्याधुनिक उपकरणों से सुसज्जित किया गया है। पहले जहां केवल 5 प्रयोगशालाओं के सहारे पूरे प्रदेश की जांच व्यवस्था सीमित थी, वहीं अब यह नेटवर्क व्यापक और सशक्त रूप में सामने आया है। कनिष्ठ विश्लेषकों की नियुक्ति के बाद ये सभी प्रयोगशालाएं पूर्ण क्षमता के साथ कार्य करेंगी, जिससे नमूनों के परीक्षण में तेजी आएगी और लंबित मामलों में उल्लेखनीय कमी होगी। इससे न केवल समयबद्ध जांच सुनिश्चित होगी, बल्कि गुणवत्ता नियंत्रण की निगरानी भी अधिक प्रभावी और व्यापक हो सकेगी। यह व्यवस्था प्रदेश में दवा और कास्मेटिक उत्पादों की विश्वसनीयता बढ़ाने के साथ-साथ जनस्वास्थ्य सुरक्षा को एक मजबूत आधार प्रदान करेगी। नई नियुक्तियों के बाद प्रदेश में औषधि नमूनों की जांच क्षमता में ऐतिहासिक वृद्धि दर्ज की जाएगी। अब तक जहां प्रतिवर्ष लगभग 12,000 नमूनों का ही परीक्षण संभव था, वहीं यह क्षमता बढ़कर 54,500 नमूने प्रतिवर्ष तक पहुंच जाएगी, जो चार गुना से अधिक की वृद्धि है। इससे न केवल परीक्षण की गति तेज होगी, बल्कि अधिक व्यापक स्तर पर दवाओं और कास्मेटिक उत्पादों की गुणवत्ता की निगरानी भी सुनिश्चित की जा सकेगी। बढ़ी हुई क्षमता के साथ नमूनों की समयबद्ध जांच संभव होगी, जिससे बाजार में उपलब्ध मानकहीन या संदिग्ध उत्पादों पर शीघ्र नियंत्रण किया जा सकेगा।

### पारदर्शी भर्ती से सभी वर्ग के युवाओं को मिला अवसर

इस भर्ती प्रक्रिया में कुल 357 अभ्यर्थियों का चयन किया गया, जिसमें 143 अनारक्षित, 75 अनुसूचित जाति, 06 अनुसूचित जनजाति, 97 अन्य पिछड़ा वर्ग एवं 36 आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अभ्यर्थी शामिल हैं। यह चयन प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी, निष्पक्ष और मेरिट आधारित रही, जिसमें किसी भी प्रकार की सिफारिश या हस्तक्षेप की गुंजाइश नहीं रही। 11 मार्च 2026 को घोषित परिणाम सरकार की तेज, जवाबदेह और सुशासन आधारित कार्यप्रणाली का प्रमाण है। यह भर्ती न केवल विभिन्न वर्गों को संतुलित प्रतिनिधित्व प्रदान करती है, बल्कि युवाओं में यह विश्वास भी मजबूत करती है कि मेहनत और प्रतिभा के आधार पर ही सफलता संभव है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में पारदर्शी भर्ती व्यवस्था ने नई कार्यसंस्कृति स्थापित की है, जिससे युवाओं को बिना किसी भेदभाव के समान अवसर प्राप्त हो रहे हैं और सरकारी तंत्र में भरोसा और सशक्त हुआ है।

### योगी के नेतृत्व में निष्पक्ष भर्ती प्रक्रिया बनी भरोसे की पहचान

- रोजगार के अवसरों से राज्य के रूप में जाना जा रहा उत्तर प्रदेश
- चयनित महिला अभ्यर्थियों ने सीएम योगी का जताया आभार, कहा- मिल रहा पूरा सम्मान

**लखनऊ।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के 357 कनिष्ठ विश्लेषक (औषधि) तथा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के 252 दंत स्वास्थ्य विज्ञानियों के चेहरे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों नियुक्ति पत्र पाकर खुशी से दमक उठे। उन्होंने योगी सरकार की पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया की सराहना की।

कनिष्ठ विश्लेषक (औषधि) के पद पर चयनित औरैया के प्रतीक कुमार दीक्षित ने कहा कि भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से हुई है। उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि समयबद्ध तरीके से चयन प्रक्रिया पूरी होना युवाओं के लिए बड़ी राहत है। प्रतीक ने यह भी कहा कि पहले प्रयोगशालाओं की संख्या कम थी, लेकिन योगी सरकार ने लैब बढ़ाकर रोजगार के नए अवसर सृजित किए हैं। दंत स्वास्थ्य विज्ञानी (डेंटल हाइजीनिस्ट) के पद पर चयनित लखनऊ की साक्षी सिंह ने नियुक्ति पत्र पाकर कहा कि यह पूरे परिवार के लिए गौरव का क्षण है। उन्होंने कहा कि पूरी चयन प्रक्रिया पारदर्शी रही, जिसके कारण योग्य अभ्यर्थियों को अवसर मिला है।

मुख्यमंत्री के संबोधन से उन्हें प्रेरणा मिली है और वे अपने दायित्व का पूरी निष्ठा से निर्वहन करेंगी। दंत स्वास्थ्य विज्ञानी (डेंटल हाइजीनिस्ट) के पद पर चयनित कानपुर नगर की सभ्या कटियार ने कहा कि योगी सरकार में युवाओं को लगातार रोजगार के अवसर मिल रहे हैं। उन्होंने इसे अपने जीवन का गौरवपूर्ण दिन बताते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के विचारों से प्रेरित होकर वो अपने पद की जिम्मेदारियों को पूरी ईमानदारी से निभाएंगी। कनिष्ठ विश्लेषक औषधि के पद पर चयनित गाजीपुर के राकेश कुमार यादव ने कहा कि नियुक्ति पत्र पाकर मुझे बहुत खुशी है। भर्ती प्रक्रिया निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से हुई है। जो योग्य अभ्यर्थी हैं सिर्फ वही चयनित हुए हैं। राकेश ने कहा कि सीएम योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने नया मुकाम हासिल करके पूरे देश में अग्रणी राज्य के रूप में जाना जा रहा है।

**महिलाओं और युवाओं को मिला सम्मान :** कनिष्ठ विश्लेषक औषधि के पद पर चयनित मुरादाबाद की प्रियंका गौतम ने कहा कि मुख्यमंत्री के हाथों नियुक्ति पत्र मिलना उनके लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने बताया कि वर्तमान सरकार में सभी वर्गों, खासकर महिलाओं को सम्मान मिल रहा है। पहले जहां जानकारी तक नहीं मिल पाती थी, वहीं अब सरकार स्वयं बुलाकर सम्मान दे रही है। दंत स्वास्थ्य विज्ञानी (डेंटल हाइजीनिस्ट) के पद पर चयनित बस्ती के ऋषभ प्रताप सिंह और सीतापुर की पूजा वर्मा ने भी मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताते हुए कहा कि भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष रही और इससे युवाओं का भरोसा मजबूत हुआ है।

कार्यक्रम के दौरान अभ्यर्थियों ने एक स्वर में कहा कि योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने देश में एक नई पहचान बनाई है।

# शिक्षा मित्रों का गोरखपुर में कल सम्मान करेंगे सीएम योगी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** योगी सरकार ने शिक्षामित्रों के मानदेय में वृद्धि के बाद अब उनके सम्मान को भी प्राथमिकता देते हुए व्यापक तैयारी शुरू कर दी है। इस पहल को प्रदेशव्यापी स्वरूप देते हुए पांच मई को गोरखपुर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ राज्यस्तरीय भव्य कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। 18,000 रुपये प्रतिमाह मानदेय के साथ लगभग 1.43 लाख शिक्षामित्रों को इस प्रक्रिया से जोड़ा जाएगा, जिसके माध्यम से पूरे प्रदेश में यह स्पष्ट संदेश जाएगा कि शिक्षा व्यवस्था की नींव को मजबूत करने वाले शिक्षामित्रों को अब उचित पहचान और संबल मिल रहा है।


शिक्षामित्रों को अप्रैल से ही बढ़े हुए मानदेय का लाभ मिलना शुरू हो चुका है और अब पांच मई को गोरखपुर के बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह से मुख्यमंत्री इसके औपचारिक शुभारंभ के साथ शिक्षामित्रों से संवाद भी करेंगे। सुबह 11 बजे होने वाले इस कार्यक्रम के समानांतर सभी जनपदों में भी आयोजन कर इसे व्यापक रूप दिया जाएगा। परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत लगभग 1.43 लाख शिक्षामित्रों के लिए लिया गया यह निर्णय अब पूरी तरह लागू हो चुका है। एक अप्रैल 2026 से प्रभावी इस व्यवस्था के तहत बेसिक शिक्षा के 13,597 और समग्र शिक्षा के 1,29,332 शिक्षामित्रों को 18,000 रुपये प्रतिमाह की दर से भुगतान किया जा रहा है, जिससे उनका आर्थिक सशक्तीकरण हुआ है। मानदेय में वृद्धि और यह पहल शिक्षामित्रों के मनोबल को बढ़ाने के साथ-साथ विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता को भी नई दिशा देगी।

गोरखपुर में होने वाला यह आयोजन शिक्षा सुधार के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दूरदर्शन और मुख्यमंत्री के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर किया जाएगा, जिससे प्रदेशभर के शिक्षामित्र इस अवसर के साक्षी बन सकें। साथ ही, सभी जनपदों में भी समानांतर रूप से आयोजन किए जाएंगे, जहां स्थानीय स्तर पर जन-प्रतिनिधियों, अधिकारियों, शिक्षकों और शिक्षामित्रों की भागीदारी उल्लेखनीय होगी।

# युवा संसद का समापन, माय भारत संग युवाओं ने दिया राष्ट्र चिंतन को स्वर

## पहली बार विधानसभा में गूंजी उत्तर प्रदेश की युवा शक्ति, युवा संसद है युवाओं की आत्मशक्ति के जागरण का पर्व : दिनेश शर्मा

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के मार्गदर्शन में मेरा युवा भारत उत्तर प्रदेश की ओर से आयोजित तीन दिवसीय राज्य स्तरीय विकसित भारत युवा संसद का रविवार को भव्य समापन हुआ। 01-03 मई तक आयोजित इस युवा संसद कार्यक्रम में प्रदेश के सभी 75 जनपदों से कुल 375 प्रतिभागी शामिल हुए और केन्द्रीय बजट 2026 विषय पर माय भारत संग जुड़कर विकसित भारत के संकल्प को स्वर दिया। समापन दिवस पर मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद एवं पूर्व उप मुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा ने युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय और मेरा युवा भारत की पहल की सराहना करते हुए राज्य स्तरीय विकसित भारत युवा संसद को युवाओं की आत्मशक्ति के जागरण का पर्व बताया। उन्होंने कहा कि एकाग्रता, स्पष्ट उद्देश्य और कुछ कर गुजरने की तमन्ना ही युवा की पहचान है, और यही जागृत युवा विकसित उत्तर प्रदेश व विकसित भारत के निर्माण की दिशा तय करेंगे। 75 जनपदों से आए 375 प्रतिभागियों की सहभागिता को उन्होंने युवा चेतना का सशक्त संकेत बताते हुए कहा कि यह मंच युवाओं को नेतृत्व क्षमता, संसदीय समझ और राष्ट्र निर्माण की जिम्मेदारी से जोड़ रहा है। उन्होंने केंद्रीय बजट 2026 को युवाशक्ति आधारित बताते हुए उद्यमिता, स्टार्टअप, नवाचार और कौशल विकास में युवाओं की भूमिका को रेखांकित किया तथा विश्वास जताया कि यही युवा आगे चलकर राष्ट्रीय मंच पर उत्तर प्रदेश का गौरव बढ़ाएंगे और देश की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। युवा संसद में प्रत्येक वक्ता ने निर्धारित 3 मिनटों में जो गहराई, दृष्टि और राष्ट्र के प्रति प्रतिबद्धता दिखाई।

प्रदेश के विभिन्न गाँवों और कस्बों से निकलकर आए इन होनहार युवाओं ने अपने विचारों और तर्कों से सभी का ध्यान आकर्षित किया। उनकी प्रस्तुति में गांव की जमीनी समझ, राष्ट्रीय दृष्टिकोण और वैश्विक सोच का अनूठा संगम देखने को मिला। पारंपरिक वेशभूषा में सजे युवाओं ने जब मंच संभाला, तो उनके शब्दों में अनुभव, संवेदना और प्रतिबद्धता का संगम दिखाई दिया। यह आयोजन विकसित भारत के उस रोडमैप की झलक बनकर सामने आया, जिसमें गांव, जिला, प्रदेश और राष्ट्र–चारों स्तर एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। इन युवाओं को विधानसभा में भाषण देने का यह अवसर माय भारत प्लेटफॉर्म के माध्यम से मिला। माय भारत उत्तर प्रदेश द्वारा प्रदेशभर के सभी जनपदों में जिला युवा संसद का आयोजन कर उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर इन युवाओं को चुनकर विधानसभा में आमंत्रित किया गया। माय भारत द्वारा राज्य स्तरीय विकसित भारत युवा संसद के लिए निर्धारित विषय–केंद्रीय बजट 2026: विकसित भारत 2047 की ओर युवाओं के मार्ग को सुदृढ़ बनाना–पर युवाओं ने रोजगार, स्टार्टअप, डिजिटल इंडिया, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ग्रामीण विकास, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण और स्किल डेवलपमेंट जैसे विभिन्न आयामों को जोड़ते हुए अपने विचार प्रस्तुत किए।

प्रतिभागियों ने अपने विचारों में इस बात को प्रमुखता से रखा कि पहली बार केन्द्रीय बजट की आधारशिला को युवाओं के सुझावों से आकार मिला जब माय भारत की ओर से आयोजित विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2026 के दौरान रखी गई, जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवाओं से सीधे संवाद कर उनके सुझावों को सुना और नीति-निर्माण में प्रमुखता से शामिल किया। युवा वक्ताओं ने बताया कि स्वास्थ्य, उद्यमिता, स्वच्छता, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में युवाओं के दृष्टिकोण को बजट में स्थान दिया गया है जो सरकार के युवाओं के प्रति विश्वास को दर्शाता है।

समापन सत्र में उप्र सरकार के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने युवाओं को संबोधित कर जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया और युवाओं के उत्साह, उमंग, अनुशासन एवं विजन की प्रशंसा की।

वहीं विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग में उत्तर प्रदेश के ग्रुप कैप्टन अमन कुमार को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। अधिकांश प्रतिभागी पहली बार उत्तर प्रदेश विधानसभा पहुंचे तो उनके चेहरे पर उत्साह, जिज्ञासा और गर्व का मिश्रण साफ नजर आया। कई युवाओं ने इसे अपने जीवन का टर्निंग पॉइंट अनुभव बताया, जहां उन्होंने केवल सुना नहीं, बल्कि लोकतंत्र को जीया। कार्यक्रम का लाइव प्रसारण उत्तर प्रदेश विधानसभा के आधिकारिक यूट्यूब चैनल पर लाइव प्रसारण किया गया जिसे प्रदेशभर से हजारों लोगों ने देखा। विजेताओं में जालौन के अंकित कुमार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि बलिया की शिप्रा सिंह द्वितीय और कानपुर नगर की रश्मि रंजन साहू तृतीय स्थान पर रहीं।

# बूथ मजबूत होगा, तो संगठन स्वतः ही मजबूत होगाः धर्मपाल सिंह

विशेष संवाददाता (vol)

- संगठन के बूथ सशक्तीकरण, कार्यकर्ता सक्रियता एवं जनसंपर्क को लेकर व्यापक दिशा-निर्देश दिए

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने रविवार को गाजियाबाद में पश्चिम क्षेत्र एवं अलीगढ़ में ब्रज क्षेत्र की बैठकों को संबोधित करते हुए संगठन के बूथ सशक्तिकरण, कार्यकर्ता सक्रियता एवं जनसंपर्क को लेकर व्यापक दिशा-निर्देश दिए। बैठकों में जिला अध्यक्षों, जिला प्रभारियों एवं सभी मंडलों के प्रवासियों के साथ संगठन की बूथ स्तर पर मजबूती को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सबसे बड़ी शक्ति उसका सुदृढ़ संगठनात्मक ढांचा है, जिसकी नींव मजबूत बूथ इकाई पर खड़ी है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि यदि बूथ मजबूत होगा, तो संगठन स्वतः ही मजबूत होगा और यही चुनावी सफलता का आधार बनेगा। उन्होंने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ है और उनकी सक्रियता से ही पार्टी की विचारधारा, नीतियां और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचती हैं। उन्होंने कहा कि संगठन को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए प्रशिक्षण वर्गों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रशिक्षण के माध्यम से कार्यकताओं को विचारधारा, संगठनात्मक कार्यपद्धति और जनसंपर्क के कौशल से सुसज्जित किया जाता है। इसलिए आगामी प्रशिक्षण वर्गों को सुव्यवस्थित, अनुशासित और परिणामोन्मुखी बनाया जाए।

# अल्पसंख्यकों पर जुल्म करने वालों को सत्ता से बाहर करेंगे

## अल्पसंख्यक समाज ने देश की आजादी में कुर्बानी दीः अविनाश पांडे

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस द्वारा अल्पसंख्यक समाज सम्मेलन में रविवार को नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक कांग्रेस पूर्व विधायक सोहेल अंसारी ने पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने अस्पताल से वीडियो कांफ्रेंस से संबोधित किया और दोगुनी ताकत से वापस आने का भरोसा दिया।

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस महासचिव और उत्तर प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे ने भाजपा सरकार को अल्पसंख्यक समाज और मुसलमानों पर अत्याचार करने वाली सरकार बताया। कांग्रेस के अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी ने कहा कि कांग्रेस आपका अपना घर है, जुल्मी भाजपा सरकार का खात्मा करने को जनता तैयार है। उन्होंने कहा कि इस देश को बनाने में अल्पसंख्यक समाज का महत्वपूर्ण योगदान रहा है, भाजपा मोदी सरकार में अल्पसंख्यकों को जिस प्रकार से हिंदू राष्ट्र के नाम पर एजेंडा चलाकर प्रताड़ित किया जा रहा है। आज इस मंच से संकल्प लेना होगा, संगठन मजबूत करना होगा उसी से कार्यकर्ता का सम्मान बढ़ेगा। प्रदेश की 403 सीटों में 143 सीटों पर जो चाह ले परिणाम वहीं होगा। अखिल भारतीय कांग्रेस के अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी ने कहा कि जाग जाओ , भाजपा की कायर सरकार जो विदेशी ताकतों के समाने जनता के हितों के मुद्दों पर समझौता कर रही है, और मुद्दों पर बात ना हो इसलिए हिंदू - मुसलमान करके लोगों में जहर बोल रही है , ऐसे लोग कभी देश के हिमायती नहीं हो सकते।

दिल्ली कांग्रेस प्रभारी एवं विधायक काजी निजामुद्दीन ने कहा कि इस देश को चलाने के लिए 56 इंच के सीने की नही 56 इंच के दिल की जरूरत है जो सिर्फ राहुल गांधी के पास है। बिहार विधानसभा में कांग्रेस विधानमंडल दल नेता शकील अहमद ने कहा कि उत्तर प्रदेश कांग्रेस की नींव है आपकी जिम्मेदारी है कि उत्तर प्रदेश में कांग्रेस को मजबूत करें। उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक कांग्रेस के अध्यक्ष सोहेल अंसारी ने कहा कि उत्तर प्रदेश की धरती हमेशा इस देश की राजनीति को दिशा देती है, जब-जब उत्तर प्रदेश ने दिशा दी है, देश की राजधानी दिल्ली तक उसकी धमक सुनाई दी है, 2024 में जनता ने संविधान बदलने वालों और समाज को बांटने वालों को मुंह की खानी पड़ी। सांसद तनुज पुनिया ने कहा कि आज सबसे ज्यादा अत्याचार किया जा रहा है इसके पीछे मनुवादी ताकतें हैं। उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री अजय राय ने अस्वस्थ होने के नाते अस्पताल से ही अल्पसंख्यक सम्मेलन कार्यक्रम को संबोधित किया और अल्पसंख्यक समाज की लड़ाई को लड़ने का भरोसा दिया। श्री राय ने कहा कि वह पूरी तरीके से स्वस्थ होकर दुगनी ताकत से समाज की सेवा के लिए , अल्पसंख्यक समाज की हक और अधिकार की लड़ाई के लिए वापस आ रहे हैं, उत्तर प्रदेश में 2027 में अल्पसंख्यक समाज कांग्रेस का साथ देने के लिए तैयार है।

# चित्रकूट में कल्याणकारी योजनाओं से आ रहा व्यापक बदलाव

**लखनऊ।** प्रदेश की वर्तमान सरकार का विजन समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक विकास की मुख्यधारा को प्रभावी ढंग से पहुंचाना है। इस संकल्प को साकार करने के लिए प्रदेश भर में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है, जो न केवल आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों का संबल बनी हैं, बल्कि युवाओं और बुजुर्गों के जीवन में एक व्यापक सकारात्मक परिवर्तन भी लेकर आई हैं। इसी कड़ी में चित्रकूट जनपद में संचालित समाज कल्याण विभाग की महत्वपूर्ण पहल मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना और वृद्धजन आश्रम जैसी परियोजनाएं सामाजिक सरोकारों के क्षेत्र में नए प्रतिमान स्थापित कर रही हैं। यह शासन की दूरदर्शिता और जिला प्रशासन की सक्रियता का ही परिणाम है कि आज बुंदेलखंड के दूर-दराज के क्षेत्रों में रहने वाले प्रतिभाशाली छात्र अपनी आंखों में प्रशासनिक अधिकारी बनने का सपना हकीकत में बदलते देख रहे हैं और असहाय बुजुर्गों को गरिमापूर्ण जीवन का अधिकार मिल रहा है।

मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना प्रदेश के मेधावी युवाओं के लिए एक क्रांतिकारी कदम के रूप में उभरी है। प्रदेश सरकार की इस योजना का प्राथमिक उद्देश्य उन आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को निःशुल्क कोचिंग और उच्च स्तरीय मार्गदर्शन प्रदान करना है, जो संसाधनों के अभाव में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी से दूर रह जाते थे। चित्रकूट के राजकीय जिला पुस्तकालय कर्वी में संचालित इस केंद्र पर वर्तमान में 301 छात्र-छात्राएं सिविल सेवा, जेईई, नीट और अन्य एकदिवसीय परीक्षाओं के लिए निःशुल्क कक्षाएं प्राप्त कर रहे हैं। इस योजना की गुणवत्ता और सार्थकता का जीवंत प्रमाण श्री दिवाकर सिंह की सफलता में झलकता है। दिवाकर सिंह ने इसी कोचिंग के माध्यम से तैयारी करते हुए उत्तर प्रदेश समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा-2023 में सफलता प्राप्त कर समीक्षा अधिकारी के पद पर अपना चयन सुनिश्चित किया। दिवाकर सिंह की यह उपलब्धि न केवल उनके व्यक्तिगत संघर्ष और मेधा का परिणाम है, बल्कि यह प्रदेश सरकार द्वारा प्रदत्त शैक्षिक संसाधनों की उपयोगिता को भी रेखांकित करती है। उनकी इस सफलता ने चित्रकूट के अन्य ग्रामीण और दूर-दराज के विद्यार्थियों में एक नया आत्मविश्वास भरा है। विद्यार्थियों की बढ़ती रुचि और सकारात्मक परिणामों को देखते हुए जिला प्रशासन ने आगामी शैक्षणिक सत्र 2026-27 से मऊ, मानिकपुर और राजापुर जैसी अन्य तहसीलों में भी इस निःशुल्क कोचिंग सुविधा का विस्तार करने का निर्णय लिया है। प्रदेश सरकार का यह प्रयास स्पष्ट करता है कि शिक्षा के क्षेत्र में क्षेत्रीय असमानता को मिटाने के लिए प्रशासन निरंतर कार्य कर रहा है। शिक्षा के साथ-साथ समाज का एक अन्य संवेदनशील हिस्सा हमारे बुजुर्ग हैं, जिनके प्रति उत्तरदायित्व निभाना किसी भी कल्याणकारी शासन का आधार होता है। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित वृद्धजन आश्रम इसी मानवीय दृष्टिकोण का एक उत्तम उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है। विनायकपुर, विकास खंड कर्वी स्थित यह आश्रम निराश्रित और असहाय बुजुर्गों को न केवल छत प्रदान कर रहा है, बल्कि उन्हें ससम्मान भोजन और चिकित्सा जैसी बुनियादी सुविधाएं भी निःशुल्क उपलब्ध करा रहा है। हाल ही में जिला प्रशासन की तत्परता और संवेदनशीलता के सुखद परिणाम सामने आए हैं। एक 100 वर्षीय वृद्धा, जिन्हें उनके परिजनों की ओर से परित्यक्त कर दिया गया था, को प्रशासन ने त्वरित कार्यवाही करते हुए सुरक्षित आश्रम तक पहुंचाया। इसके पश्चात प्रशासन के निरंतर प्रयासों से परिजनों को अपनी नैतिक भूल का आभास हुआ और वे उन्हें पुनः अपने साथ ले गए।

# भाजपा न महंगाई रोक सकी और न भ्रष्टाचार : अखिलेश यादव

## पश्चिम बंगाल में दीदी ऐतिहासिक वोटों से जीतेंगी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा एक झूठ की परत के ऊपर दूसरी परत चढ़ा देते हैं। प्रोपेगंडा भाजपा का टारगेटेड कैम्पेन है। भाजपा न महंगाई रोक पाई और न भ्रष्टाचार। अपने लोगों से मुनाफाखोरी करायी। जिसके कारण महंगाई और भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच गयी है। श्री यादव ने कहा कि पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस के दाम बढ़ने से खाना- पीना, यातायात सब चीज की मंहगाई बढ़ जाती है।

समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में अखिलेश यादव ने कहा कि महिला आरक्षण को लेकर भाजपा की मंशा कभी साफ नहीं रही। आम जनता और महिलाओं को भ्रमित करने के लिए झूठा अभियान चला रहे हैं। श्री यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार और बेईमानी के सारे रिकॉर्ड टूट गये हैं। स्मार्ट मीटर के नाम पर जनता को लूटा जा रहा है। सरकार लोगों की जेब से पैसा निकाल कर अपने चहेतों की जेब में डाल रही है। स्मार्ट मीटर से बड़े पैमाने पर धांधली और बेईमानी हो रही है। अगर स्मार्ट मीटर में बेईमानी हो सकती है तो ईवीएम कैसे सुरक्षित है। ईवीएम में बेईमानी क्यों नहीं हो सकती है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में दीदी ऐतिहासिक वोटों से जीतेंगी, बंगाल में दीदी थी और दीदी रहेंगी।

उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव में जनता भाजपा को हटाने को तैयार है। भाजपा पूरे प्रदेश में बड़े पैमाने पर डीजे के जरिए नफरत फैलाने की तैयारी कर रही है। इस बार भाजपा डीजे के माध्यम से चुनाव लड़ेगी।

### हाईस्कूल, इंटरमीडिएट में टापरों को लैपटाप देकर किया सम्मानित

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय पर रविवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा में टापर छात्र-छात्राओं को डिजिटल डिवाइड खत्म करने के लिए लैपटाप देकर सम्मानित किया। बच्चों से उन्होंने कहा कि वे परीक्षाओं की इन सफलताओं से आगे भी बढ़े और दूसरों को भी अपने ज्ञान का लाभ दें। श्री यादव ने कहा कि नेताजी के समय कन्याविद्या धन योजना शुरू हुई थी। लड़कियों की पढ़ाई के लिए 30 हजार रूपए दिए गए थे। 2027 में समाजवादी सरकार बनने पर केजी से लेकर पीजी तक मुफ्त शिक्षा की व्यवस्था होगी। अखिलेश यादव ने लखनऊ में मलिहाबाद की कक्षा 12 की छात्र उन्जिला फातिमा को 97 प्रतिशत अंक आईएससी बोई परीक्षा में हासिल करने पर लैपटाप दिया। क्राइस्ट चर्च कालेज लखनऊ की इंटर में आईएससी बोर्ड परीक्षा में 98.75 प्रतिशत अंक पाने पर दिव्यांग छात्रा सारा मोईन को तालियों की गड़गड़ाहट के बीच अखिलेश यादव ने लैपटाप दिया। उनके शिक्षक को भी सम्मानित किया गया। सारा मोईन मूक बधिर के साथ अंधता की भी शिकार है लेकिन सभी चुनौतियों को पार करते हुए वह अपने माता-पिता के सहयोग से पढ़ाई में अव्वल रही। गुरूजी पूर्व सांसद उदय प्रताप सिंह ने कहा कि जीवन में सफलता ही सब कुछ नहीं, जीवन में दूसरों के काम आने को सार्थक होना मानते हैं। मेरठ के सरधना क्षेत्र से विधायक अतुल प्रधान के सौजन्य से आज जिला मेरठ के टॉपर हाईस्कूल के 13 और इंटरमीडिएट के 12 छात्र-छात्राओं को भी अखिलेश यादव ने लैपटॉप दिया। इनके अतिरिक्त लखनऊ की अनन्या यादव को राजनीतिक विज्ञान में 100 में 100 नम्बर पाने के लिए और सीतापुर की अंकिता यादव को इंटर में प्रदेश में 5वां स्थान पाने पर लैपटॉप देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मोहिबुल्ला नदवी सांसद, राजेन्द्र चौधरी पूर्व कैबिनेट मंत्री, प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल, पूर्व मंत्री अरविन्द सिंह गोप, विधायक रविदास मेहरोत्रा, प्रभु नारायण विधायक, पूर्व सांसद अरविन्द कुमार सिंह, उत्तर लखनऊ पूजा शुक्ला उपस्थित रहीं।



# 16 जिलों में नवनिर्मित 30 वृहद गोसंरक्षण केंद्रों का उद्घाटन आज

**लखनऊ।** पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह सोमवार को प्रदेश के 16 जिलों में नवनिर्मित 30 वृहद गोसंरक्षण केंद्रों का वर्चुअल उद्घाटन करेंगे। श्री सिंह राजधानी के बादशाहबाग स्थित पशुपालन निदेशालय में आयोजित एक कार्यक्रम में सभी गोसंरक्षण केंद्रों का वर्चुअल उद्घाटन करेंगे। कार्यक्रम के माध्यम से प्रदेश में निराश्रित एवं बेसहारा गोवंश के संरक्षण, संवर्धन एवं बेहतर देखभाल की व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किया जाएगा। राज्य सरकार द्वारा गोवंश संरक्षण के लिए निरंतर प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं, जिससे गोसंरक्षण केंद्रों की संख्या एवं उनकी सुविधाओं में लगातार वृद्धि हो रही है। इन नवस्थापित वृहद गोसंरक्षण केंद्रों के माध्यम से स्थानीय स्तर पर गोवंश के लिए सुरक्षित आश्रय एवं समुचित प्रबंधन सुनिश्चित किया जाएगा।

संक्षेप

## वारंटी गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर- पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत, इटवा पुलिस ने मारपीट के एक मामले में वांछित वारंटी विक्रम मिश्रा को गिरफ्तार किया है। आरोपी को विधिक कार्यवाही के बाद न्यायालय में पेश किया गया गिरफ्तार आरोपी की पहचान गोविंदपुर, थाना इटवा, जनपद सिद्धार्थनगर निवासी विक्रम मिश्रा (उम्र लगभग 43 वर्ष) पुत्र उमाशंकर मिश्रा के रूप में हुई है। वह फौजदारी वाद संख्या 644/23 (ममता मिश्रा बनाम विक्रम मिश्रा) में वांछित था, जो ग्राम न्यायालय इटवा से संबंधित है। यह गिरफ्तारी पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा 'वांछित अभियुक्त व वारंटी अभियुक्तों' की गिरफ्तारी के संबंध में चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में की गई।

## मां-बेटी समेत तीन महिलाओं की मौत

कौशांबी। जिले के मंझनपुर तहसील क्षेत्र के चकथाम्भा गांव में रविवार की सुबह तालाबसे मिट्टी निकालते समय अचानक टीला ढह जाने से मलवा में दबकर मां बेटी समेत तीन महिलाओंकी मौके पर मृत्यु हो गई जबकि अन्य दो लोगघायल हो गए। चकथाम्भा गांवके 5 लोग आज घर की पुताई की मिट्टी गांवके बाहर तालाबके कंदरासे खोद कर निकाल रहे थे ,इसी दौरान मिट्टी का ऊपरी टीला टूट कर गिर गया जिसमें सभी 5 लोग दब गए। चीख-पुकार सुनकर गांवके लोग मौके पर आकर मिट्टी हटाकर मलवा में दबे सभी लोगों को बाहर निकाला जिनमें से उत्तरा देवी(45), गीता देवी (40) एवं उसकी पुत्री अंकिता (8) की मौत हो गई जबकि अमित (10) जितिया (45) गंभीर रूप से घायल हो गई।

## दूध भरे टैंकर की चपेट में आने से तीन की मौत

गोण्डा। जिले के नवाबगंज थानाक्षेत्र में कनकपुर गांव के पास रविवार को दूध से भरे टैंकर की चपेट में आयें दम्पत्ति एवं बच्चे सहित तीन लोगों की मृत्यु हो गयी। पुलिस सूत्रों के अनुसार,बस्ती जिले के कलवारी थाना क्षेत्र अंतर्गत गंगानगर के रहने वाले मानसिंह (45) अपनी पत्नी उर्मिला(40) और बेटे लवकुश (12) संग बाइक से रिश्तेदारी में जा रहे थे कि रास्ते में कनकपुर गांव के पास पीछे से तेज रफ्तार आ रहें अनियंत्रित टैंकर ने बाइक को टक्कर मार दी।

# खेसरहा में निरीक्षण के दौरान सख्त कार्रवाई के निर्देश

### आयुष्मान कार्ड निर्माण में लापरवाही पर अधीक्षक की चेतावनी



सिद्धार्थनगर- सीएचसी अधीक्षक डॉ. सुजीत कुमार पाण्डेय ने खेसरहा क्षेत्र की बेलबनवा, कोटिया पाण्डेय, सुभई नगवा और बेलऊख ग्राम पंचायतों में संचालित स्वास्थ्य केंद्रों और आयुष्मान कार्ड निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान कई स्थानों पर आयुष्मान कार्ड बनाने की गति धीमी पाई गई, जिस पर उन्होंने संबंधित सीएचओ को चेतावनी दी।

अधीक्षक डॉ. सुजीत कुमार पाण्डेय ने स्पष्ट किया कि शासन की इस महत्वपूर्ण योजना में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि यदि आने वाले दिनों में आयुष्मान कार्डों की संख्या में अपेक्षित वृद्धि नहीं होती है, तो संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। कार्य की प्रगति की निगरानी के लिए अब प्रतिदिन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा की जाएगी। सभी कर्मचारियों को अपने दैनिक लक्ष्य और उसकी उपलब्धि की रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी। एएनएम और आशा कार्यकताओं को निर्देशित किया गया है कि वे गांव-गांव जाकर पात्र लाभार्थियों से संपर्क करें और यह सुनिश्चित करें कि कोई भी व्यक्ति आयुष्मान भारत योजना के लाभ से वंचित न रहे।

अधीक्षक ने कहा कि उनका लक्ष्य शत-प्रतिशत पात्र परिवारों को आयुष्मान भारत योजना से जोड़ना है। इस कार्य में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। इस निरीक्षण के दौरान सीएम फैलो दुर्गेश कुमार गुप्ता, बीपीएम अमरनाथ गुप्ता और अन्य पर्यवेक्षक तथा क्षेत्रीय कर्मचारी भी उपस्थित थे।

# किशोर का शव मिला

### हत्या की आशंका, 4 युवकों पर लगा आरोप

**सिद्धार्थनगर**- किशोर का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से सनसनी फैल गई। शव पर चोट के गंभीर निशान मिलने के बाद परिजनों ने गांव के चार युवकों पर हत्या का आरोप लगाया है। मामला मोहाना थाना क्षेत्र के शिवपतिनगर गांव का है। टोला मोहाना बाजार में रविवार को सगीर पुत्र कलीमुल्ला का शव घर से करीब 50 मीटर दूरी पर संदिग्ध परिस्थितियों में बरामद हुआ। शव पर मुंह, नाक और सिर पर गंभीर चोटों के निशान मिले हैं, जिससे हत्या की आशंका जताई जा रही है। परिजनों ने गांव के ही चार युवकों पर हत्या का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि सगीर पूरी तरह स्वस्थ था और उसकी किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी। ऐसे में उसकी संदिग्ध मौत ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। मृतक के बड़े भाई जबीउल्लाह के मुताबिक, शनिवार रात घर के पास एक भोज कार्यक्रम आयोजित था, जिसमें सगीर रात करीब 12 बजे शामिल होने गया था। काफी देर तक घर वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने उसके मोबाइल पर संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन फोन बंद मिला।

इसके बाद परिवार ने कार्यक्रम स्थल और आसपास के क्षेत्रों में उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। रविवार दोपहर करीब 12 बजे पुलिस को सूचना दी गई। इसके कुछ घंटों बाद शाम करीब 4 बजे परिजनों ने घर से थोड़ी दूरी पर सगीर का शव देखा। बताया जा रहा है कि सगीर गांव के एक मदरसे में कक्षा 6 का छात्र था। उसकी अचानक मौत से परिवार और ग्रामीणों में शोक और आक्रोश का माहौल है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। परिजनों और ग्रामीणों ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी और सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## किशोरी के साथ मारपीट को लेकर दो अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज

प्रतापगढ़। बाइक सवार दो अज्ञात बदमाशों द्वारा किशोरी को धक्का देकर घर के बगल के टैंक में गिरा देने को लेकर पुलिस ने केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के पूरे वंशी निवासी विमलचन्द्र मिश्र पुत्र स्व. राममनोहर मिश्रा ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि उसकी पन्द्रह वर्षीया पुत्री दो मई को अपनी मां के साथ सो रही थी। सुबह करीब साढ़े चार बजे उसकी पुत्री विस्तर पर नहीं दिखी तब परिजन परेशान हो उठे। इस बीच ग्रामीणों ने बताया कि घर के बगल बने टैंक से आवाज आ रही है। वहां जाने पर किशोरी टैंक के अन्दर रो रही थी। घायल अवस्था में किशोरी को ग्रामीणों की मदद से परिजनों ने टैंक से बाहर निकाला। पीड़िता ने बताया कि वह शौंच के लिये घर के बाहर निकली तभी बाइक सवार दो अज्ञात लोगों ने उसके साथ मारपीट व गाली गलौज करते हुये धक्का देकर टैंक में गिरा दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात दो बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## कोर्ट की फटकार पर आधा दर्जन से अधिक के खिलाफ दलित उत्पीड़न का केस

प्रतापगढ़। कोर्ट की फटकार पर उदयपुर पुलिस ने आधा दर्जन से अधिक आरोपियों के खिलाफ दलित उत्पीड़न तथा मारपीट व गाली गलौज एवं धमकी को लेकर केस दर्ज किया है। उदयपुर थाना क्षेत्र के सेमरा निवासी नीलम सरोज पत्नी महेश सरोज ने कोर्ट से फरियाद की कि बीती पचीस फरवरी को आरोपियों द्वारा नाली के विवाद को लेकर उसे तथा परिवार के सदस्यों को गाली गलौज के साथ लाठी डंडों से मारपीट कर चोटहिल कर दिया। आरोपियों ने पीड़िता को जातिसूचक गालियां भी दी। पीड़िता ने कोर्ट में की गयी फरियाद में कहा है कि पुलिस ने उसके विपक्षियों की तरफ से तहरीर पर एक तरफा मुकदमा दर्ज किया गया है। अफसरों से शिकायत करने के बावजूद उदयपुर पुलिस ने जांच के नाम पर पीड़िता की तहरीर पर केस नहीं दर्ज किया। कोर्ट की फटकार पर उदयपुर पुलिस ने गांव के बृजेश यादव पुत्र बालकिशन, सुनील यादव पुत्र सुखराम, बालगोविन्द पुत्र शिवमंगल यादव, पंकज यादव पुत्र चन्द्रेश यादव, श्यामा पत्नी लालजी, पिंकी व निक्की पुत्रीगण राजकुमार यादव, बिट्टन यादव पत्नी राजकुमार के खिलाफ गम्भीर धाराओं में केस दर्ज किया है।

## चोरी के माल समेत लालगंज पुलिस ने अंतर्जनपदीय बदमाशों को दबोचा

प्रतापगढ़। लालगंज कोतवाली पुलिस ने चोरी के माल समेत पांच अर्न्तजनपदीय बदमाशों को दबोचने में सफलता ली है। एसपी दीपक भूकर के अपराध नियंत्रण अभियान के तहत लालगंज के प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार के दिशा निर्देश के तहत पुलिस टीम ने प्रयागराज तथा जौनपुर और कौशाम्बी के बदमाशों के साथ जिले के दो बदमाशों को धर दबोचा है। दरोगा बनवारी लाल पाल व मिथलेश चौरसिया तथा महिला उपनिरीक्षक दीपिका सिंह के साथ पुलिस टीम ने चार बदमाशों पर भदारी कला जंगल के पास से हिरासत में लिया। वहीं एक अभियुक्ता को पुलिस टीम ने उसके घर से हिरासत में लिया। पकड़े गये बदमाशों के पास से पुलिस टीम ने सोने की गलाई गयी धातु के साथ चोरी के पैसे से बदमाशों द्वारा खरीदे गये आईफोन व एक बिना नम्बर की बाइक भी बरामद किया है। पूछताछ के बाद प्रतापगढ़ के महेशगंज थाना के ग्राम धोनू का पुरवा निवासी सौरभ मिश्रा पुत्र रवीन्द्र मिश्र तथा पूरे छेमी की एक अभियुक्ता व प्रयागराज जिले के करैली थाना के न्याय का पुरवा निवासी आशीष केसरवानी पुत्र चन्द्रशेखर, जौनपुर जिले के थाना मुगरा बादशाहपुर के मधुपुर निवासी शुभम मिश्रा पुत्र बृजेश कुमार तथा कौशाम्बी जिले के थाना तरवा के लोही निवासी अमरजीत प्रजापति पुत्र कामता प्रसाद को चोरी के आरोप में पुलिस ने जेल भेज दिया। बता दें बीती पन्द्रह अप्रैल की रात ग्राम छेमी पूरे नोती में पीड़िता के घर से बदमाशों ने दरवाजे का ताला तोड़कर जेवरात व बर्तन तथा टीवी चोरी कर लिया था। पुलिस द्वारा पीड़िता की तहरीर पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज किया गया। चोरी की घटना के त्वरित खुलासे को लेकर एएसपी पश्चिमी बृजनन्दन राय तथा लालगंज सीओ आशुतोष मिश्रा ने प्रभारी निरीक्षक आलोक समेत पुलिस टीम की सराहना की है।

## महिला थाना ने 12 परिवारों में कराई सुलह



सिद्धार्थनगर- महिला थाना की सराहनीय पहल से 12 परिवारों में फिर से खुशियां लौट आई हैं। 3 मई को महिला थाना परिसर स्थित मिशन शक्ति केंद्र में प्रभारी निरीक्षक भाग्यवती पाण्डेय के नेतृत्व में काउंसलिंग के माध्यम से इन दंपतियों के बीच के मनमुटाव को दूर किया गया और उन्हें एक साथ विदा किया गया। इस प्रयास ने न केवल बिखरते परिवारों को टूटने से बचाया, बल्कि समाज में आपसी संवाद और समझदारी की एक मिसाल भी पेश की। प्रभारी निरीक्षक भाग्यवती पाण्डेय ने अपनी टीम के साथ मिलकर सभी मामलों को गंभीरता से सुना और धैर्यपूर्वक काउंसलिंग की। इस दौरान महिला हेल्प डेस्क और काउंसलिंग टीम की सक्रिय भूमिका रही, जिसमें महिला हेड कांस्टेबल रीना रावत, महिला आरक्षी संगीता गौतम और महिला आरक्षी रीना का विशेष योगदान रहा। काउंसलिंग के बाद जिन 12 परिवारों को एक साथ विदा किया गया, उनमें विभिन्न थाना क्षेत्रों के दंपति शामिल थे। इनमें रीमा पत्नी अवधेश (घुघुलिया, थाना उसका बाजार), सुनीता पत्नी जोखन (सेखुई ताल, थाना भवानीगंज), नाजमा पत्नी अजहरुद्दीन (कोईलहवा टोला नरायनपुर, थाना मोहाना), सकीना पत्नी फिरोज (बारिकपार, थाना मिश्रौलिया), लीलावती पत्नी शब्बू (मनोहरापुर, थाना पचपेड़वा, जनपद बलरामपुर), राधिका लोधी पत्नी गणेश लोधी (कोयरी दतरेगवा, थाना उसका बाजार),इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक भाग्यवती पाण्डेय ने बताया कि मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला थाना लगातार ऐसे प्रयास कर रहा है।

## स्वास्थ्य मेले का सीएमओ ने किया औचक निरीक्षण

**श्रावस्ती।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अशोक कुमार सिंह द्वारा आज जनपद के ब्लॉक जमुनहा अंतर्गत आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों पर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और लापरवाही पाए जाने पर संबंधित कर्मचारियों के प्रति नाराजगी जताते हुए सुधार के कड़े निर्देश दिए।

सीएमओ ने सबसे पहले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नासिरगंज का दोपहर 01:30 बजे निरीक्षण किया। उस समय तक ओपीडी में 43 मरीजों का उपचार किया जा चुका था। लैब में 14 जांचें तथा 4 गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच (एएनसी) दर्ज की गई। निरीक्षण के दौरान आशा संगिनी ड्रेस कोड में नहीं पाई गईं, जबकि कर्मचारी सावंत राव स्वामी बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित मिले। इस पर सीएमओ ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए स्पष्टीकरण तलब किया।

इसके बाद उन्होंने दोपहर 12:30 बजे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरदत्त नगर गिरंट का निरीक्षण किया, जहां 21 मरीजों की ओपीडी तथा 5 लैब टेस्ट किए गए थे। यहां ड्यूटी के दौरान आशा बहुएं अनुपस्थित पाई गईं, जिसे गंभीरता से लेते हुए सीएमओ ने रिपोर्ट मांगी है। सीएमओ ने प्राथमिक स्वास्थ्य



केंद्र जमुनहा में भी स्वास्थ्य मेले की व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया और मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने सभी प्रभारियों और स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देशित किया कि मेले में आने वाले प्रत्येक मरीज को गुणवत्तापूर्ण उपचार और निशुल्क

- **स्वास्थ्य मेले में लापरवाही पर जतायी कड़ी नाराजगी, दिये सुधार के कड़े निर्देश**

दवाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने, समय से उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा ड्रेस कोड का पालन करने के निर्देश भी दिए। सीएमओ ने स्पष्ट कहा कि मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## अपर पुलिस अधीक्षक की मौजूदगी में आई-रैड कार्यशाला आयोजित

श्रावस्ती। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देशन में पुलिस कार्यालय के सभागार कक्ष में आई-रैड (इंटीग्रेटेड रोड एक्सीडेंट डाटाबेस) कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में जनपद के सभी थानों के कंप्यूटर ऑपरेटर, विवेचक तथा यातायात पुलिसकर्मियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों ने आई-रैड पोर्टल के माध्यम से सड़क दुर्घटनाओं की रियल टाइम एंट्री (तत्काल प्रविष्टि), दुर्घटना के कारणों का विश्लेषण तथा ब्लैक स्पॉट (दुर्घटना संभावित स्थान) चिन्हीकरण की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्रशिक्षण में यह भी बताया गया कि सही और समय पर डाटा फीडिंग (आंकड़ा प्रविष्टि) से सड़क सुरक्षा को बेहतर बनाया जा सकता है। अपर पुलिस अधीक्षक ने अपने संबोधन में कहा कि आई-रैड प्रणाली के माध्यम से दुर्घटनाओं के सटीक आंकड़े प्राप्त होंगे, जिससे दुर्घटना संभावित क्षेत्रों की पहचान कर प्रभावी रोकथाम की योजना बनाई जा सकेगी। उन्होंने सभी संबंधित कर्मियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक सड़क दुर्घटना की सूचना तत्काल आई-रैड पोर्टल पर दर्ज करना सुनिश्चित करें, ताकि आंकड़े सटीक और अद्यतन बने रहें। इस अवसर पर पेशकार पुलिस अधीक्षक भानु प्रताप सिंह, प्रभारी यातायात सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यशाला का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना तथा आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करना रहा।

## डीजे लदी पिकअप पलटने से एक की मौत

**सिद्धार्थनगर**- जिले में कल भोर एक सड़क हादसे में डीजे लदी पिकअप पलट गई। बांसी-धानी मार्ग पर हुए इस हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। वाहन बारात से लौट रहा था और चालक को झपकी आने के कारण अनियंत्रित हो गया। सभी घायलों का इलाज माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। यह घटना शुक्रवार सुबह करीब चार बजे बांसी-धानी मार्ग पर तिवारीपुर गांव के पास हुई। जानकारी के अनुसार, पिकअप में डीजे लदा था और उस पर कुल नौ लोग सवार थे। अचानक चालक को झपकी आने से वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में जा पलटा। बताया गया कि बलरामपुर जनपद के पचपेड़वा थाना क्षेत्र के लवकहवा गांव से सूरज मौर्य के घर से बारात खेसरहा विकासखंड क्षेत्र के बिशुनपुर मुस्तहकम के टोला नावट में लालबहादुर मौर्य के यहां आई थी। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद सभी लोग डीजे लदी पिकअप से अपने गांव लौट रहे थे। इस दुर्घटना में लवकहवा निवासी 26 वर्षीय विजय कुमार यादव पुत्र सालिक राम की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। घायलों में अशोक गौतम, संदीप वर्मा, शहंशाह, जीवन प्रसाद और राजेश यादव शामिल हैं, जिनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और ग्रामीण एकत्र हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने तत्काल सभी घायलों को अस्पताल भिजवाया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इसके अतिरिक्त, क्रेन की सहायता से दुर्घटनाग्रस्त पिकअप को खाई से बाहर निकाला गया।



# महर्षि वाल्मीकि सम्मान एवं विराट कवि सम्मेलन संपन्न

जिला संवाददाता

**श्रावस्ती**। साहित्य, संवेदना और संस्कारों की त्रिवेणी उस समय साकार हो उठी, जब अखिल भारतीय साहित्य परिषद अवध प्रान्त के तत्वावधान में जिला पंचायत सभागार भिनगा में ह्लमहर्षि वाल्मीकि सम्मान एवं विराट कवि सम्मेलनह्व का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। यह आयोजन केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि शब्दों की ऐसी साधना थी, जिसमें भावनाएं, विचार और संस्कृति एक साथ स्पंदित हो उठे। कार्यक्रम में जिले के गणमान्य नागरिकों, साहित्य अनुरागियों और दूर-दराज से पधारे कवियों की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को विशिष्ट ऊँचाई प्रदान की। मंच पर पूर्व सांसद एवं जिला अध्यक्ष दद्दन मिश्रा, आरएसएस जिला प्रचारक भानू प्रकाश तथा वरिष्ठ स्वयंसेवक श्रवण द्विवेदी की उपस्थिति ने आयोजन को गरिमा और प्रेरणा से परिपूर्ण कर दिया।



कवि सम्मेलन का आरंभ होते ही वातावरण शब्दों की मधुर लय से गुंजायमान हो उठा। किसी कवि की ओजपूर्ण वाणी में राष्ट्रभक्ति की ज्वाला दहक रही थी, तो किसी की हास्य रस की प्रस्तुति ने श्रोताओं के चेहरों पर मुस्कान बिखेर दी। वहीं भावप्रवण कविताओं ने हृदय के कोमल तारों को छूकर एक अद्भुत अनुभूति प्रदान की। कवियों ने भारतीय संस्कृति, साहित्यिक परंपरा और वर्तमान सामाजिक सरोकारों पर अपने विचारों की सशक्त अभिव्यक्ति दी, जिससे पूरा सभागार साहित्यिक चेतना से आलोकित हो उठा। वरिष्ठ कवि मधुकर, अध्यक्ष विनोद कुमार मिश्रा, राजकिशोर पाण्डेय एवं मनोज मिश्र कप्तान सहित अनेक रचनाकारों ने अपनी प्रभावशाली प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर महर्षि वाल्मीकि के महान व्यक्तित्व और उनके अमर कृतित्व पर भी विस्तार से प्रकाश डाला गया तथा उनके आदर्शों को जीवन में उतारने का प्रेरक संदेश दिया गया। कार्यक्रम के अंत में आयोजक महामंत्री श्रवण कुमार सायक ने सभी अतिथियों और कवियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं और हमारी सांस्कृतिक विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम बनते हैं। अंततः यह आयोजन शब्दों की ऐसी यात्रा बन गया, जिसकी स्मृतियाँ लंबे समय तक जनमानस में साहित्यिक आलोक के रूप में जीवित रहेंगी।

## सर्विलांस सेल ने 55 गुमशुदा मोबाइल बरामद कर लौटाये



श्रावस्ती। जनपद की सर्विलांस सेल ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए 55 गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद कर उनके असली मालिकों को वापस सौंप दिए। इन मोबाइल फोन की कुल कीमत लगभग 15 लाख 43 हजार रुपये बताई गई है।

पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देश पर गुमशुदा मोबाइल फोन की तलाश के लिए विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान को अपर पुलिस अधीक्षक चन्द्रकेश सिंह के नेतृत्व और क्षेत्राधिकारी क्राइम भरत पासवान के पर्यवेक्षण में संचालित किया गया। सर्विलांस टीम ने आधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए मोबाइल के आईएमईआई नंबर, लोकेशन और नेटवर्क डाटा का विश्लेषण किया। इसके आधार पर विभिन्न थानों में दर्ज मोबाइल गुमशुदगी के मामलों पर कार्य करते हुए सभी मोबाइल बरामद किए गए। बरामद किए गए मोबाइल फोन को पुलिस कार्यालय के सभागार कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में संबंधित लोगों को सौंपा गया। अपने मोबाइल वापस पाकर लोगों के चेहरे खुशी से खिल उठे और उन्होंने पुलिस का आभार व्यक्त किया। अपर पुलिस अधीक्षक श्री चन्द्रकेश सिंह ने कहा कि पुलिस आम जनता की समस्याओं को प्राथमिकता से हल करने के लिए तकनीक का अधिक से अधिक उपयोग कर रही है। उन्होंने बताया कि इस तरह के अभियानों से न केवल लोगों को राहत मिलती है, बल्कि पुलिस और जनता के बीच विश्वास भी मजबूत होता है। इस दौरान सर्विलांस सेल और सीईआईआर पोर्टल पर कार्य कर रही टीम की सराहना की गई और उन्हें आगे भी इसी तरह मेहनत से काम करने के लिए प्रेरित किया गया। बरामदगी करने वाली टीम में प्रभारी सर्विलांस सेल उपनिरीक्षक शादाब आलम, कांस्टेबल अभिषेक कुमार सिंह, सूरज कुमार, अंकित सिंह और चरन सिंह शामिल रहे।

## कन्हैया की लीलाओं में जीवन के सुमंगल का होता है मार्ग प्रशस्त: धीरेन्द्रपाल



प्रतापगढ़। बेलहा के समीप हिरउ का पुरवा में हो रही श्रीमद् भागवत कथा में रविवार को भगवान श्रीकृष्ण के लोकावतार के मंगल पर जुड़ी कथाओं को सुन श्रद्धालु भावविभोर हुये दिखे। कथाव्यास छोटी काशी राजातारा से पधारे आचार्य धीरेन्द्रपाल कृष्ण त्रिपाठी जी ने बताया कि बाल्यावस्था में ही भगवान श्रीकृष्ण के हाथों राक्षसी प्रवृत्तियों का विनाश होने लगा। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की इन लीलाओं को देखसुन पृथ्वी पर सुख शान्ति के मंगल मार्ग का शुभ संकेत भी मिलने लगा। आचार्य धीरेन्द्र जी ने बताया कि कन्हैया का गो माता के प्रति प्रेम की लीला हमें जीव के प्रति दया और संरक्षण का भाव समझाया करती है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का माखन प्रेम ममता और मातृत्व को सम्मान का भाव लिये हुये है। कथा व्यास ने द्वारिकाधीश की उपासना को जीवन के भूले बिसरे पाप से मुक्ति का सबसे सुगम उपाय बताया। उन्होंने कहा कि द्वारिकाधीश के जप में मनुष्य को स्वतः पाप से मुक्ति मिल जाया करती है। कथा के दौरान श्रीराधे संकीर्तन में भी श्रद्धालुओं को मगन देखा गया। वहीं आयोजक रामदुलारे यादव ने श्रद्धालुओं के साथ कथाव्यास को सम्मानित भी किया। इस मौके पर इं. अतुल शुक्ला, पप्पू तिवारी, राजू सिंह, रंजन सिंह, अभिनव शुक्ला, महेन्द्र पाल तिवारी, संगम लाल दुबे, ऋषभ तिवारी, राजाराम यादव, श्याम नारायण तिवारी, विजय यादव, केशवदत्त पाण्डेय, आचार्य पवन द्विवेदी, रामदेव यादव, विपिन यादव, मिथलेश यादव आदि मौजूद रहे।

# प्रमोद तिवारी ने जम्मू कश्मीर के लेफ्टिनेंट गवर्नर से की भेंट

**प्रतापगढ़**। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी की जम्मू कश्मीर के लेफ्टिनेंट गवर्नर मनोज सिन्हा से शनिवार की देर शाम शिष्टाचार भेंट हुयी। केन्द्रीय वित्त मंत्रालय की संसदीय सलाहकार समिति की बैठक में शामिल होने जम्मू कश्मीर दौरे पर पहुंचे राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी एवं उप राज्यपाल मनोज सिन्हा के बीच हुयी भेंट वार्ता में आतंकवाद के खिलाफ राष्ट्रीय एकजुटता पर जोर दिया गया। अपनी छोटी बेटी प्रो. डॉ. विजयश्री सोना के साथ राजभवन पहुंचे सांसद प्रमोद तिवारी व उप राज्यपाल मनोज सिन्हा के बीच करीब पैंतालीस मिनट की गर्मजोशी के साथ हुई लम्बी भेंट वार्ता में अहम राष्ट्रीय मसलों पर द्विपक्षीय चर्चा भी हुयी। भेंट वार्ता के दौरान सांसद प्रमोद तिवारी ने



आपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना के अदम्य साहस तथा पराक्रम व शौर्य के साथ साथ जम्मू कश्मीर के लोगों की राष्ट्रीयता परक एक जुटता को भी जमकर सराहा। वहीं लेफ्टिनेंट गवर्नर मनोज सिन्हा ने सांसद प्रमोद तिवारी के साथ अपने पुराने बेहतर संबंधों की यादगार को साझा करते हुये उनके संसदीय एवं विधायी ज्ञान की प्रशंसा भी की। वहीं सांसद प्रमोद तिवारी ने पहलगाम की बैसरन घाटी पहुंचकर पिछले साल अप्रैल में आतंकवादियों के हमले में निर्दोष शहीद भारतीयों के प्रति अपनी श्रद्धांजलि भी अर्पित की। श्रीनगर में सांसद प्रमोद तिवारी रविवार को केन्द्रीय वित्त मंत्रालय की संसदीय सलाहकार समिति की बैठक में भी शामिल हुये। बैठक में उन्होंने राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाये जाने को लेकर अपने महत्वपूर्ण सुझाव भी समिति को सौंपे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने जारी विज्ञप्ति में दी है।

## दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर- जनपद के मिश्रौलिया थाना पुलिस ने दुष्कर्म के एक मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी बाल अपचारी को घटना के 24 घंटे के भीतर पुलिस अभिरक्षा में ले लिया। उसे आवश्यक विधिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायालय में पेश किया गया। यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे अपराध नियंत्रण अभियान के तहत की गई। पुलिस के अनुसार, मिश्रौलिया थाने में मु0अ0सं0 67/2026 धारा 64(2) भा0न्या0सं0 के तहत मामला दर्ज किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के आदेश पर पुलिस टीम सक्रिय हुई। अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के निर्देशन और क्षेत्राधिकारी इटवा पवीन प्रकाश के पर्यवेक्षण में, प्रभारी निरीक्षक मिश्रौलिया मनोज कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में पुलिस ने यह कार्रवाई की।

संक्षेप

## विधायक ने बंद पड़ी सरकारी बस सेवा को फिर शुरू कराया



मझगांवा, गोरखपुर। बांसगांव विधायक डॉ विमलेश पासवान के अथक प्रयासों से क्षेत्रवासियों की एक पुरानी मांग पूरी हो गई है। विधायक की पहल पर रोडवेज ने गोरखपुर से वाया गोबरहिया-रकहट मार्ग पर बस सेवा को पुनः बहाल कर दिया है इस मार्ग पर बस सेवा बंद होने से ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। अन्नू पाण्डेय और अन्य निवासियों ने विधायक जी के समक्ष अपनी समस्या रखी थी, जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए विधायक डॉ. पासवान ने शासन और परिवहन निगम के समक्ष इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया। उनके प्रयासों के फलस्वरूप परिवहन निगम ने न केवल बस सेवा शुरू की, बल्कि यात्रियों की सुविधा के लिए विधिवत समय-सारिणी भी जारी कर दी है। परिवहन निगम की रिपोर्ट के अनुसार, मिनी बस यूपी78 एलएन6110 अब नियमित रूप से इस मार्ग पर दौड़ेगी। यह बस रकहट से सुबह 07:30 बजे चलकर गोबरहिया, गगहा और कौड़ीराम होते हुए सुबह 09:20 बजे गोरखपुर पहुंचेगी। गोरखपुर से शाम 05:30 बजे प्रस्थान कर यह रात 07:20 बजे रकहट पहुंचेगी। यात्रियों की सुविधा के लिए बस का रात्रि विश्राम रकहट में ही सुनिश्चित किया गया है। विधायक डॉ. विमलेश पासवान ने इस सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि क्षेत्र का विकास और जनता की सुविधा उनकी पहली प्राथमिकता है। बस सेवा शुरू होने से छात्रों और नौकरीपेशा लोगों को अब आवागमन में कोई असुविधा नहीं होगी।

## गुरु शिष्य सम्मान कार्यक्रम का आयोजन

पाटन उन्नाव। बिछिया ब्लॉक के ग्राम करौन्दी में बाबा जय गुरु देव शिष्य सम्मान का भव्य आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह पहुंचे। पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह ने सर्वप्रथम कार्यक्रम स्थल में पहुंचकर बाबा जय गुरु देव को पुष्प अर्पित करके नमन किया व आयोजित कार्यक्रम में कहा समाज में एकता भाई चारा एक दूसरे के प्रति प्रेम सहयोग भावना अधिक से अधिक हो इस पर जोर दिया, गुरु के बिना सफलता असम्भव है इसलिए हमें अपने गुरुजनो का सदैव सम्मान करना चाहिये, समारोह में अनेको बाबा जय गुरु देव के अनुयायियों ने पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह मानव सेवा समाज सेवा के वृहद कार्यों की प्रशंसा की गयी। इस अवसर पर मुख्य रूप से उसेना प्रधान राजेंद्र लोधी, पूर्व प्रधान कोरारी रामलखन सिंह, आशू सिंह राठौर प्रधान डोकरई, पूर्व प्रधान गौरी त्रिभानपुर राजेश वर्मा, आर के सिंह मामाजी, पंकज सिंह बाबा, प्रखर सिंह, सुनील सिंह, सूरज सिंह, अमन सिंह, रौनक सिंह, अवधेश सिंह, इकबाल सिंह यादव, शुभम, विक्रम यादव, राघवेंद्र सिंह, सेनू यादव, अनीश यादव, रामू, विश्वजीत चैहान, सौरभ सिंह रामजी यादव आदि सैंकड़ो लोग मौजूद रहे।

## युवक की पिटाई, मुकदमा दर्ज

चौरीचौरा, गोरखपुर। चौरीचौरा थाना क्षेत्र की एक छात्रा से छेड़छाड़ का मामला प्रकाश में आया है। किसी युवक द्वारा विरोध करने पर आरोपी ने युवक की पिटाई कर जान से मारने की धमकी दी है। चौरीचौरा पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। बताते चलें कि स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव की एक पीड़ित महिला ने चौरीचौरा पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी पुत्री क्षेत्र के एक इंटर कॉलेज में पढ़ने जाती है। उसने बताया कि विद्यालय के पास आमकोल मार्ग पर उपाध्या छावनी निवासी एक युवक छात्रा पर अश्लील टिप्पणी किया। गांव के ही युवक अरविंद दास अश्लील टिप्पणी का विरोध करने पर आरोपी ने उसके साथ मारपीट किया।

# सीएम देंगे 613 करोड़ के विकास का उपहार

## 71 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास कल करेंगे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ



**गोरखपुर।** जीवन सुगमता (ईज ऑफ लिविंग) को और रफ्तार देने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार (5 मई) को 613 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों का उपहार देंगे। वह गोरखपुर विकास प्राधिकरण (जीडीए) की 71 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। करीब 49 करोड़ रुपये के लोकार्पण के 26 कार्यों में महानगर के छठवें कल्याण मंडपम, तारामंडल क्षेत्र में वाटर बॉडी पर टूलेन ब्रिज के निर्माण के साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में सड़क, नाली, प्रकाश और पार्क सौंदर्यीकरण के कार्य शामिल हैं। जबकि करीब 564 करोड़ रुपये के शिलान्यास की 45 परियोजनाओं में बुनियादी सुविधाओं के कार्यों के साथ ही एकीकृत मंडलीय कार्यालय का निर्माण, लच्छीपुर में ग्रुप हाउसिंग अपार्टमेंट कुश्मी एवेन्यू का निर्माण कार्य प्रमुख रूप से शामिल है।

5.03 करोड़ रुपये की लागत से जंगल बेनी माधव में बना है कल्याण मंडपम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार (5 मई) को गोरखपुर शहर के छठवें कल्याण मंडपम (कन्वेंशन सेंटर) का लोकार्पण करेंगे। महानगर के वार्ड नंबर 10 माधव नगर के जंगल बेनी माधव कॉलोनी में बने इस कल्याण मंडपम के निर्माण पर 5 करोड़ 3 लाख रुपये की लागत आई है।

इसका निर्माण गोरखपुर विकास प्राधिकरण द्वारा कराया गया है। जिसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की विधायक निधि का भी उपयोग किया गया है। अल्प और मध्यम आय वर्ग के लोगों के मांगलिक कार्यक्रमों को उनके बजट के अनुरूप यादगार व शानदार बनाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ढाई साल पहले कल्याण मंडपम का विजन दिया था।

वाटर बॉडी पर14.33 करोड़ रुपये की लागत वाले पुल से लाखों की आबादी का सुगम होगा आवागमन गोरखपुर विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने तारामंडल परियोजना की आवासीय कॉलोनियों के निवासियों को सुगम आवागमन के लिए बड़ी सौगात दी है। जीडीए ने 14 करोड़ 33 लाख रुपये की लागत से तारामंडल क्षेत्र के वसुंधरा एंक्लेव द्वितीय व तृतीय के मध्य स्थित वाटर बॉडी के ऊपर टूलेन के ब्रिज का निर्माण कराया गया है। यह पुल दो हिस्सों में बंटे तारामंडल क्षेत्र को आपस में जोड़ देगा। वर्तमान में अमरावती निकुंज, वसुंधरा फेज 1, 2 व 3, सिद्धार्थ एंक्लेव, सिद्धार्थ एंक्लेव विस्तार, सिद्धार्थपुरम, सिद्धार्थपुरम विस्तार, सिद्धार्थ विहार, गौतम विहार, बुद्ध विहार, बुद्ध विहार कामर्शियल, बुद्ध विहार पार्ट ए, बी और सी, लेक व्यू, वैशाली, विवेकपुरम, जैमिनी गार्डेनिया तथा आसपास के विस्तृत आवासीय क्षेत्रों के निवासियों को नौका विहार होते हुए दिग्विजयनाथ पार्क, सर्किट हाउस होकर कॉरपोरेट पार्क के सामने से पैडलेगंज और अन्य प्रमुख स्थलों तक पहुंचने के लिए अपेक्षाकृत अधिक लंबा मार्ग तय करना पड़ता था। अब इस टूलेन ब्रिज के जरिये उनका मार्ग छोटा हो जाएगा। इस ब्रिज के क्रियाशील हो जाने से नया सवेरा पर अक्सर लगने वाले जाम से भी निजात मिलेगी। इस ब्रिज की लंबाई 112 मीटर है। इसके कैरिज वे की चौड़ाई 7.5 मीटर है और ब्रिज पर दोनों ओर 1.5 मीटर चौड़े फुटपाथ भी बनाए गए हैं।

# मोबाइल की दुकान में लाखों की चोरी

गगोला, गोरखपुर। उपनगर गोला के पश्चिमी चौराहे पर स्थित पुलिस पिकेट से महज कुछ दूरी पर बीती रात चोरों ने एक मोबाइल दुकान को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये की नगदी और महंगे एंड्रायड मोबाइल सेट पर हाथ साफ कर दिया। चोरी की यह घटना सीसी कैमरे में कैद हो गई। सीसीटीवी के आधार पर पुलिस टीम चोरों को रही उल्लेखनीय है कि महज एक सप्ताह पहले ही मुख्य बाजार में एक स्वर्ण व्यवसायी के यहां छीनैती की घटना हुई थी, वहीं दो दिन पहले ही नए थाना प्रभारी ने कार्यभार संभाला है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पश्चिमी चौराहे पर गोला-उरूवा मार्ग स्थित रानीपुर निवासी महेंद्र पाण्डेय के कटरा में वार्ड नंबर 4 निवासी अनिल कुमार मौर्य पुत्र सीताराम मौर्य की मोबाइल दुकान है। रविवार की सुबह करीब 7 बजे जब अनिल दुकान खोलने पहुंचे तो कटरा का मुख्य शटर आधा उठा मिला। अंदर जाकर देखा तो दुकान का शटर भी खुला था और सामान बिखरा पड़ा था। इसके बाद उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। अनिल कुमार मौर्य ने तहरीर देकर बताया कि सीसीटीवी फुटेज में तड़के करीब 3 बजे दो चोर नंदलाल बिरियानी की दुकान की ओर से अंदर घुसते दिखे और उनकी दुकान में चोरी की। बाहर निकलते समय दोनों के हाथ में तीन थैले दिखाई दे रहे हैं। फुटेज के आधार पर पुलिस और स्थानीय लोगों ने चोरों की पहचान भी कर ली है। बताया जा रहा है कि दोनों संदिग्ध पास की गली में एक मकान में किराए पर रहते थे, जहां उनके साथ अन्य लोग भी ठहरे हुए थे। सभी एक बैंड-बाजा समूह से जुड़े बताए जा रहे हैं और दूसरे राज्य के निवासी हैं। दुकान संचालक अनिल कुमार मौर्य के अनुसार, चोर करीब 2 लाख रुपये नगद और लगभग 20 एंड्रॉयड मोबाइल सेट चोरी कर ले गए हैं। इस संबंध में उन्होंने थाने में तहरीर दे दी है। घटना से जुड़ा एक अहम सुराग ऑटो चालक शंकर मौर्य ने दिया। उन्होंने बताया कि सुबह करीब 5 बजे चौराहे पर सवारी का इंतजार करते समय फुटेज में दिख रहे दो व्यक्तियों में से एक उनके पास आया और गोरखपुर रेलवे स्टेशन चलने को कहा। उनके साथ कुल पांच लोग थे, जिनमें तीन लोग महिलाओं जैसे कपड़े पहने हुए थे। सभी के पास भारी अटैची, बैग और गठरी थी और वे जल्द स्टेशन पहुंचने की बात कह रहे थे। वहीं, मकान मालिक ने बताया कि यह मकान मोहल्ले के रहने वाले बेचू बैंड वाले ने करीब 15 दिन पहले किराए पर लिया था और उन्हें किराएदारों की पूरी जानकारी नहीं थी।

इस संदर्भ में थाना प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद सिंह ने बताया कि तहरीर प्राप्त हो गई है, मुकदमा दर्ज किया जा रहा है और सीसीटीवी फुटेज व अन्य सुरागों के आधार पर आरोपियों की तलाश जारी है।

## पत्नी पर दागी गोली, बाल-बाल बची जान



गीडा, गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र के अंतर्गत जैतपुर गाँव में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहाँ एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की हत्या करने की नीयत से उस पर फायरिंग कर दी। गनीमत रही कि गोली महिला को नहीं लगी और उसकी जान बाल-बाल बच गई। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर आरोपी पति के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जैतपुर निवासी रीतू जायसवाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उसका पति अमित जायसवाल अक्सर शराब पीकर घर आता है और उसके तथा छोटे बच्चों के साथ मारपीट करता है। पीड़िता का आरोप है कि उसका पति उसे जान से मारने की धमकी देता है और गला दबाकर हत्या करने की कोशिश भी कर चुका है। आरोप है कि बीते शनिवार शाम करीब 7 बजे आरोपी पति घर आया और गाली-गलौज करते हुए उसे जान से मारने की धमकी देने लगा। इसी दौरान उसने पास रखा अवैध असलहा निकाला और रीतू पर फायर कर दिया। हालांकि निशाना चूक जाने के कारण पीड़िता सुरक्षित बच गई, जिसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। गीडा पुलिस आरोपी के ऊपर बीएनएस धारा 109, 115(2), 351(3), 352 के तहत मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही में जुट गई है। इस संबंध में गीडा थाना निरीक्षक अश्वनी पाण्डेय ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि आरोपी के पास से 315 बोर का अवैध देशी तमंचा बरामद होने के बाद दर्ज मुकदमे में 3/25 आर्म्स एक्ट की धारा की वृद्धि की गई है। गिरफ्तारी और बरामदगी की विधिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेज दिया गङ्या है।

## आप ने किया जोरदार प्रदर्शन



इटावा। उत्तर प्रदेश में स्मार्ट मीटर के नाम पर हो रही कथित लूट, गलत बिलिंग, बिजली कटौती और प्रीपेड मीटर की अनिवार्यता के विरोध में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व और राज्यसभा सांसद संजय सिंह के आवाह्न पर आम आदमी पार्टी, उत्तर प्रदेश के कार्यकताओं ने शनिवार को प्रदेश के सभी जिला विद्युत उपकेन्द्रों पर जोरदार प्रदर्शन किया और महामहिम राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा। प्रदर्शन के दौरान कार्यकताओं ने स्मार्ट मीटर को ह्लडिजिटल लूटह्व बताते हुए सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और इस जनविरोधी व्यवस्था को तत्काल बंद करने की मांग उठाई। इस मौके पर जिलाध्यक्ष संजीव शाक्य ने कहा कि उत्तर प्रदेश में स्मार्ट मीटर योजना पूरी तरह से फेल हो चुकी है और यह अब जनता को राहत देने के बजाय आर्थिक शोषण का माध्यम बन गई है। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर इतने स्मार्ट हो गए हैं कि बैलेंस खत्म होते ही तुरंत बिजली काट देते हैं, लेकिन रिचार्ज के बाद भी 2 से 12 घंटे तक बिजली बहाल नहीं होती। यह व्यवस्था न केवल तकनीकी रूप से विफल है, बल्कि सरकार की नीयत पर भी गंभीर सवाल खड़े करती है। आम आदमी पार्टी ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने इन मांगों पर तुरंत कार्रवाई नहीं की, तो पार्टी इस मुद्दे को लेकर प्रदेशभर में अपना आंदोलन और तेज करेगी और सड़क से लेकर सदन तक जनता की आवाज मजबूती से उठाएगी। आज के विरोध प्रदर्शन में मनोज यादव जिलाउपाध्यक्ष, अशोक यादव विधानसभा अध्यक्ष, रामदत्त यादव विधानसभा अध्यक्ष, विनीत कुमार, जगदीश, चंद्रपाल, रोहित अन्य कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

## डीएम-एसपी ने नीट परीक्षा केंद्र का किया निरीक्षण



जसवंतनगर, इटावा। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में आयोजित नीट परीक्षा के दौरान प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। परीक्षा केंद्र का जिलाधिकारी शुभ्रांत शुक्ला, अपर पुलिस अधीक्षक अभय नाथ त्रिपाठी एवं थानाध्यक्ष कमल भाटी ने औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने सुरक्षा, अनुशासन और व्यवस्थापन की स्थिति परखी तथा संबंधित कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने परीक्षार्थियों से संवाद कर उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली और आश्वस्त किया कि किसी भी प्रकार की दिक्कत होने पर तुरंत समाधान किया जाएगा। इस पहल से छात्रों में आत्मविश्वास देखने को मिला। प्रधानाचार्य प्रज्ञा सिंह ने बताया कि केंद्र पर कुल 480 परीक्षार्थियों को शामिल होना था, जिनमें से 466 ही उपस्थित रहे, जबकि 14 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। केंद्र पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। पुलिस बल की तैनाती के साथ प्रवेश द्वार पर सघन चेकिंग की गई, जिससे किसी भी प्रकार की अनियमितता को रोका जा सके। प्रशासन की सतर्कता के चलते परीक्षा के दौरान कहीं से भी अव्यवस्था की कोई सूचना नहीं मिली।

## महिला की मौत मामले में पति व सास गिरफ्तार

चौरीचौरा, गोरखपुर। चौरीचौरा थाना क्षेत्र के आमकोल गांव के अंबेडकर टोला में विवाहिता की संदिग्ध मौत के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पति और सास को गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया । जहां से न्यायालय ने दोनों को जेल भेज दिया गया । बताते चलें कि गत गुरुवार सुबह 28 वर्षीय नेहा पत्नी सन्नी भारती का शव घर के अंदर फांसी के फंदे से लटकता हुआ मिला था। प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा था। लेकिन घटना के बाद मृतका के मायके पक्ष के लोगों ने ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए चौरीचौरा पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था। मुकदमा दर्ज होने के बाद चौरीचौरा पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू किया ।पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने मृतका के पति सन्नी भारती पुत्र चंद्रिका और सास विमला देवी को आरोपी मानते हुए रविवार को गिरफ्तार कर लिया ।पुलिस के अनुसार, दोनों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई पूरी करते हुए उन्हें न्यायालय में पेश किया गया ।, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया गया। मामले में आगे की जांच जारी है।

# अमर शहीद गुलाब लोधी का जन्मोत्सव मनाया

जिला संवाददाता

फतेहपुरचौरासी, उन्नाव। अमर शहीद गुलाब सिंह लोधी का जन्मोत्सव उनके पैतृक गांव चंद्रिका खेड़ा में मनाया गया। जहां उनके परिजनों व गांव वालों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। अमर शहीद गुलाब सिंह लोधी ने स्वतंत्रता संग्राम में लखनऊ के झंडेवाला पार्क में एक घसियारे का वेश धारण कर पहुंचे थे और तिरंगा झंडा फहराया दिया था वहीं अंग्रेजों की गोली से शहीद हुए थे। रविवार को उनके गांव चंदिका खेड़ा में बने उनके स्मारक स्थल पर लगी प्रतिमा और सी एच सी में लगी प्रतिमा पर लोगों ने फूल माला पहना कर उनका जन्मदिन मनाया और उनके देश की स्वतंत्रता पाने के लिए दिए गए बलिदान को याद किया। इस मौके पर महादेव लोधी, भैया लाल, सूबेदार, मनोज कुमार, राजेश, मोतीलाल, अवधेश आदि समेत ग्रामीण मौजूद रहे।



## परशुराम सेवा समिति की बैठक संपन्न



इकदिल, इटावा। परशुराम सेवा समिति की बैठक प्रदेश कार्यालय मोहल्ला कायस्थान इकदिल में संपन्न हुई। अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष डॉ.सुशील सम्राट ने की कथा संचालन प्रदेश महासचिव जयशिव मिश्रा ने किया। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों ने भगवान परशुराम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप जलाकर पूजा अर्चना की स बैठक में सर्व सम्मति से तय किया गया की 10 मई को मां जगदंबा देवी मंदिर प्रकाश कोल्ड स्टोर इकदिल में संरक्षक सम्मेलन एवं सहभोज का आयोजन 10 मई दिन रविवार प्रातः 9 बजे से किया जाएगा सम्मेलन का संयोजक संरक्षक हरिप्रकाश चैधरी को बनाया गया। इसके साथ ही मेधावी सम्मान समारोह 14 जून दिन रविवार को प्रात 10 बजे से मधुवन वाटिका इटावा में आयोजित किया जाएगा स मेधावी समाज समारोह का संयोजक महासचिव जयशिव मिश्रा को बनाया गया। मेधावी सम्मान समारोह में संरक्षक कृष्ण मोहन अग्निहोत्री के द्वारा लिखी गई महादेव वर्मा की पुस्तक का विमोचन किया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष डॉ.सुशील सम्राट ने कहा कि निष्क्रीय पदाधिकारियों को पदमुक्त कर सक्रिय लोगों को जिम्मेदारी दी जाएगी। उन्होंने गोपाल मिश्रा को परशुराम सेवा समिति इकदिल का नगर अध्यक्ष घोषित किया स बैठक में हरदोई की श्रीमती ममता मिश्रा के खिलाफ गलत रूप से दर्ज करवाए गए हरिजन एक्ट की कड़े शब्दों में निंदा की गई और शासन प्रशासन से मांग की गई है कि ममता मिश्रा के खिलाफ लिखे गए फर्जी मुकदमे को तत्काल समाप्त किया जाए। बैठक में कोर कमेटी गठन किया गया जिसमें हरिप्रकाश चैधरी, डॉ.सुशील सम्राट, विनय कुमार द्विवेदी, जयशिव मिश्रा, गोपालजी मिश्रा, मनोज कुमार पांडेय, मुकेश दीक्षित, राजेंद्र देव दुबे, राज तिवारी, गोपाल मिश्रा आदि को शामिल किया गया है स बैठक में संरक्षक कृष्ण मोहन अग्निहोत्री व सदस्य मनोज कुमार पांडेय को परशुराम जी की प्रतिमा भेंट करके सम्मानित किया गया।

# माध्यमिक शिक्षक संघ चंदेल गुट की बैठक संपन्न




उन्नाव। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ ( चन्देल गुट ) की शिक्षक भवन में प्रमुख रूप से तीन बिंदुओं को लेकर हुई। जिनमें जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार, प्रांतीय सम्मेलन/ग्रीष्मकालीन शिविर दिनांक 15, 16 मई 2026 में सम्मिलित होने के संबंध में और उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ चंदेल-गुट का सदस्यता अभियान क्योंकि संगठन की ताकत सदस्य और शिक्षकों से लिया गया सदस्यता शुल्क ही हुआ करती है, की बैठक शिक्षक भवन उन्नाव में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ चन्देल-गुट के यशस्वी संरक्षक एवं वास्तुकार, लोकप्रिय शिक्षक विधायक. राज बहादुर सिंह चन्देल के संरक्षण में, पार्लियामेंट्री बोर्ड के मेंबर रहे कमलेश नाथ अवस्थी के नेतृत्व में, प्रदेशीय मंत्री रमाशंकर मिश्र ( मुन्ना ) व जिला मंत्री राम शंकर की गरिमामयी उपस्थिति मे एवं जिलाध्यक्ष हरिहरप्रसाद दीक्षित की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुई। बैठक को पार्लियामेंट्री बोर्ड के मेंबर रहे कमलेश नाथ अवस्थी संगठन के प्रदेशीय मंत्री रमाशंकर मिश्रा मुन्ना, सहसंयोजक चंद्र प्रकाश शुक्ला छुन्ना, संगठनमंत्री विनोद कुमार अवस्थी, कोषाध्यक्ष सत्यनारायण सिंह, कामता सिंह, सत्येंद्र दीक्षित, दिनेश कुमार गौतम, रामचंद्र सिंह व जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में व्याप्त भृष्टाचार का पदार्फाश करने वाले शिक्षक अशोक कुमार गुप्ता आदि ने अपने विचारों में तीनों बिंदुओं पर प्रकाश डाला। बैठक में प्रमुख रूप से सत्येंद्र दीक्षित, मनीष कुमार, मनोज कुमार, मनीष कुमार तिवारी, अजय सिंह, आशीष चैरसिया, मनीराम दिनेश कुमार गौतम, जय सिंह कनौजिया, रामचंद्र सिंह, सुरजन सिंह, विमलेश शुक्ला, ब्रह्माकुमार तिवारी, कुतुबुद्दीन, इकराम अली, मदन मोहन शुक्ला एवं पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेशीय कोषाध्यक्ष संजय कुमार कनौजिया आदि सैकड़ो शिक्षकों ने बैठक में भाग लिया सभा का सफल संचालन जिला मंत्री रामशंकर ने किया और सभा की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष हरिहरप्रसाद दीक्षित ने आए हुए लोगों को आभार प्रकट किया।

## नारद जन्मोत्सव पर विचार गोष्ठी का आयोजन

**पाटन।** तहसील क्षेत्र के गांव गढ़ाकोला स्थित पंडित सूर्यकांत त्रिपाठी निराला स्मृति भवन में नारद जन्मोत्सव पर आयोजित पत्रकारिता और हमारा समाज विषय पर कवियों, साहित्यकारों, चिंतको ने अपने विचार रखें। बछरावां डिग्री कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ रामनरेश ने अपने संबोधन में कहा कि पत्रकारिता के प्रवर्तक देवर्षि नारद है। राष्ट्रीय जागरण में पत्रकारिता की अहम भूमिका है। पत्रकारिता कार्यपालिका न्यायपालिका व विधायिका पर भी अपने विचार स्वतंत्र रूप से रखती है। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महामंत्री अखिल भारतीय राष्ट्रीय परिषद के डॉ पवन पुत्र बादल ने कहा कि नारद जी ने लोकहित और लोक कल्याण के लिए अपनी उर्जा लगाते थे लेकिन वर्तमान समय में उनके बारे में गलत धारणाएं परोसकर सनातन की विकृत करने का काम किया जा रहा हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष अनुराग अवस्थी ने कहा कि पत्रकारिता और हमारा समाज एक दूसरे के सहयोगी हैं ।पत्रकारिता समाज की पीड़ा को कार्यपालिका न्यायपालिका व विधायिका तक पहुंचाती है वही जन उपयोगी योजनाओं को धरातल पर पहुंचाने का कार्य करती है ।भारतीय जनता पार्टी के सरकार ग्रामीण अंचल में काम कर रहे हैं पत्रकारों को सुरक्षा एवं सुविधा देने के लिए सदैव प्रयत्नशील है। कार्यक्रम में पहुंचे प्रयागराज से आए कवि विजय त्रिपाठी, बलजीत, कवि अयोध्या सिंह सुमन लोधी, मनोज सरल, डॉक्टर शिवपाल लोधी, दिवाकर द्विवेदी ,पिंटू तिवारी, जय कृष्ण पांडे, मिश्रा ,मिलिंद पांडे ने कविताओं के माध्यम से सामाजिक कुरीतियों पर प्रहार किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वरिष्ठ पत्रकार गौरव अवस्थी, नगर पंचायत भगवंत नगर अध्यक्ष आशीष शुक्ला रिंकू, जिला उपाध्यक्ष आनंद अवस्थी, नगर पंचायत बीघापुर अध्यक्ष प्रतिनिधि सुधीर बाजपेई, शिवम तिवारी, किसान नेता बृजेंद्र प्रताप सिंह राजू, कुन्नू महाराज, धर्म बोध, अजय बाजपेई मौजूद रहे।

# पुलिस के प्रयास से 17 टूटते परिवार फिर जुड़े

## दंपतियों में हुआ समझौता

पुरवा, उन्नाव (वीओएल)। परिवारों को टूटने से बचाने और वैवाहिक विवादों का शांतिपूर्ण समाधान कराने में उन्नाव पुलिस का परिवार परामर्श केंद्र एवं महिला हेल्पडेस्क लगातार सराहनीय कार्य कर रहे हैं। इसी क्रम में जनपद में कुल 17 विवादित पति-पत्नी जोड़ों के बीच सुलह कराकर उन्हें सकुशल विदा किया गया।



वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी लाइन विनी सिंह की अध्यक्षता में रिजर्व पुलिस लाइन उन्नाव तथा विभिन्न थानों में संचालित महिला हेल्पडेस्क पर विवादित जोड़ों को बुलाया गया। यहां परिवार परामर्शदाताओं एवं महिला हेल्पडेस्क टीम द्वारा दोनों पक्षों की काउंसलिंग की गई और आपसी मतभेद दूर कर समझौता कराया गया। परामर्श के बाद परिवार परामर्श केंद्र से 6, थाना अजगैन से 4, थाना पुरवा व अचलगंज से 2-2, जबकि कोतवाली सदर, आसीवन और बीघापुर से 1-1 जोड़े को बिना विवाद साथ रहने के वादे के साथ विदा किया गया। इस दौरान परिवार परामर्श समिति के प्रभारी सहित अन्य सलाहकारों और पुलिस टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पुलिस के इस प्रयास से 17 परिवार टूटने से बच गए और दंपतियों के जीवन में नई शुरूआत हुई। जनपद में इस मानवीय पहल की व्यापक सराहना की जा रही है।

## मल्लाह समाज के योगदान को उचित स्थान देने की उठी मांग



इटावा। चंबल फाउंडेशन के चंबल मिशन अभियान के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम में वक्ताओं ने स्वतंत्रता संग्राम के उपेक्षित नायकों के इतिहास को सामने लाने की जोरदार मांग उठाई। इस दौरान विशेष रूप से मल्लाह समाज के ऐतिहासिक योगदान को प्रमुखता से रेखांकित किया गया और कहा गया कि इनके बलिदान को अब तक इतिहास में उचित स्थान नहीं मिला है। वक्ताओं ने कहा कि चंबल और कुवारी नदियों के दोआब में स्थित बंसरी गांव कभी क्रांतिकारियों की राजधानी हुआ करता था। यह क्षेत्र परिहार ठाकुरों की बसावट के कारण परिहारा क्षेत्र के नाम से भी जाना जाता रहा है। 1857 की क्रांति के दौरान बंसरी गांव ने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ संघर्ष में अहम भूमिका निभाई। यह गांव भरेह रियासत के अंतर्गत आता था, जिसमें कुल 54 गांव शामिल थे। यहां के राजा रूप सिंह सेंगर ने 31 मई 1857 को अपनी रियासत को अंग्रेजों से स्वतंत्र घोषित कर दिया था और 1857 से 1859 तक अंग्रेजी सत्ता के खिलाफ कई निर्णायक युद्ध लड़े। इतिहासकार देवेंद्र सिंह चैहान ने बताया कि चंबल अंचल के क्रांतिकारी यह मानते थे कि भीषण गर्मी में अंग्रेजी सेना स्थानीय परिस्थितियों में टिक नहीं पाएगी, और इसी रणनीति के तहत उन्होंने संघर्ष को आगे बढ़ाया। बंसरी गांव क्रांतिकारी सेनाओं का प्रमुख पड़ाव था और यहां का प्रत्येक व्यक्तिकृचाहे पुरुष हो या महिलाकृअंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई में सक्रिय रूप से शामिल था। बंसरी में हुई चैपाल में महान क्रांतिकारी दुर्जन सिंह परिहार के वंशज भानु सिंह परिहार, जीता चमार के वंशज बलराम सिंह जाटव, सूरज रेखा त्रिपाठी एडवोकेट, मान सिंह सरपंच, गजेंद्र सिंह एडवोकेट, वैभव रंजन द्विवेदी, कौशल सिंह, विनोद मास्टर, आदिल खान, विवेक सिंह आदि ने सम्बोधित किया।

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे पासपोर्ट सं. L2755387 में त्रुटिवश मेरा नाम MOHAMMAD SALEH ZAFAR S/o MOHAMMAD RAZA NADVI दर्ज है जबकि मेरा सही नाम MOHD SALEH ZAFAR S/o MOHD RAZA है। दोनों मेरे ही नाम हैं। **मो. सालेह जफर पुत्र मो. रजा नि.- महिपत मऊ, हरदोई रोड, काकोरी, जिला लखनऊ।**

संक्षेप

## दुकान पर विवाद में युवक पर हमला

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। नगर के मोहल्ला ऊंची भूड़ में एक युवक ने पड़ोसी दुकानदार पर मारपीट, जान से मारने की धमकी और धारदार हथियार से हमला करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। ऊंची भूड़ निवासी शाहनवाज खान उर्फ गोल्डी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गली के नुक्कड़ पर स्थित एक किराना दुकान पर देर रात तक लोगों का जमावड़ा रहता है, जिससे अक्सर विवाद की स्थिति बनती है। उसका कहना है कि उसने कई बार इस पर आपत्ति जताई, जिससे दुकानदार उससे रंजिश रखने लगा। आरोप है कि 1 मई की शाम करीब 8.30 बजे जब वह इसी बात को लेकर दुकान पर गया, तो दुकानदार ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी और धारदार वस्तु से हमला कर दिया। पीड़ित के अनुसार हमले के दौरान उसकी गर्दन पर वार किया गया, जिसे उसने हाथ से रोकने की कोशिश की, जिससे वह घायल हो गया।

## सड़क हादसे में बाइक सवार घायल

लखीमपुर खीरी। रामापुर चौकी क्षेत्र के अंतर्गत बेडनापुर गांव में रविवार को पूर्व प्रधान रमेश भार्गव के घर के पास हाईवे पर सड़क हादसा हो गया। रविवार को बाइक सवार सुखपाल पुत्र बंसी अपने घर के लिए मुड़े तभी सामने से आ रहे ट्रैक्टर ट्राली ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद बाइक ट्रैक्टर के नीचे जा घुस गई। घटना की जानकरी होने पर पहुंचे चौकी प्रभारी रामापुर सिद्धांत पवार ने घायल को भेजा हॉस्पिटल के लिए भेज दिया। डॉक्टरों घायल की हालत नाजुक बताई है।

## कीटनाशक खाकर युवक की मौत

सीतापुर। हरगांव थाना क्षेत्र के सेमरी मोतिमदपुर गांव में रविवार शाम पारिवारिक विवाद ने एक दर्दनाक मोड़ ले लिया, जब 40 वर्षीय युवक ने कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया। गंभीर हालत में उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान देर रात उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान इंद्रपाल मौर्या (40) के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, किसी बात को लेकर घर में विवाद हुआ था, जिसके बाद इंद्रपाल ने आवेश में आकर यह खौफनाक कदम उठा लिया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया और आनन-फानन में उसे अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों की कोशिशें नाकाम रहीं। ग्रामीणों का कहना है कि इंद्रपाल नशे का आदी था और आए दिन परिवार में मारपीट व गाली-गलौज करता था, जिससे घर का माहौल तनावपूर्ण बना रहता था। इसी तनाव के चलते विवाद बढ़ा और उसने जहर खा लिया। झरेखापुर चैकी प्रभारी राजेश कुमार सरोज ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला कीटनाशक सेवन से मौत का प्रतीत हो रहा है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। घटना के बाद गांव में शोक की लहर है और परिवार सदमे में है।

# सख्त पहरे में हुई नीट परीक्षा, परीक्षा केंद्रों पर कड़े इंतजाम



सीतापुर। देशभर के मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश के लिए आयोजित नीट-यूजी 2026 परीक्षा रविवार को जनपद के पांच परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सफलतापूर्वक सम्पन्न हो गई। परीक्षा का आयोजन नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) द्वारा किया गया, जिसमें जिले भर से कुल 2400 पंजीकृत अभ्यर्थियों ने भाग लिया। परीक्षा को लेकर सुबह से ही अभ्यर्थियों में उत्साह और तनाव दोनों देखने को मिला। दोपहर 1 बजे से परीक्षा केंद्रों के बाहर लंबी कतारें लगनी शुरू हो गई थीं। प्रवेश से पहले हर परीक्षार्थी की सघन जांच की गई। सुरक्षा व्यवस्था को बेहद सख्त रखते हुए तीन स्तरीय चेकिंग सिस्टम लागू किया गया था, जिसमें गेट पर प्रारंभिक जांच, बायोमेट्रिक सत्यापन और उसके बाद कक्ष में प्रवेश की प्रक्रिया शामिल रही। प्रशासन द्वारा पहले ही स्पष्ट निर्देश जारी कर दिए गए थे कि कोई भी अभ्यर्थी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, घड़ी, ज्वेलरी, हेयर क्लिप (क्लेचर) या अन्य किसी भी प्रकार की प्रतिबंधित सामग्री लेकर केंद्र में प्रवेश नहीं करेगा। केवल एडमिट कार्ड और वैध पहचान पत्र के साथ ही प्रवेश की अनुमति दी गई। इन नियमों का सख्ती से पालन कराया गया, जिससे परीक्षा की पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित हो सके। सभी परीक्षा केंद्र शहर क्षेत्र में ही बनाए गए थे, ताकि दूर-दराज से आने वाले अभ्यर्थियों को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी न हो। केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती रही और हर गतिविधि पर सीसीटीवी कैमरों के जरिए पैनी नजर रखी गई। प्रशासन ने साफ तौर पर चेतावनी दी थी कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी, नकल या अनुचित गतिविधि पाए जाने पर तत्काल कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसी सख्ती का असर रहा कि परीक्षा पूरी तरह शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न हुई।

## मजदूर दिवस पर वितरण कार्यक्रम आयोजित

सीतापुर। राष्ट्रीय सेवा परिषद द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस व स्व ममता मेहरोत्रा की स्मृति में शहर के लालबाग में जरूरतमंद मजदूरों के लिए वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सचिन त्रिपाठी संयोजन जिला उपाध्यक्ष अन्नी मेहरोत्रा व संचालन जिला महसचिव विजय कुमार शुक्ला ने किया। कार्यक्रम में अतिथि में राष्ट्रीय अध्यक्ष आकाश राय प्रदेश महासचिव आशुतोष शुक्ला लेखा परीक्षक उमा शंकर गुप्ता रहे।

कार्यक्रम का शुभारम्भ में स्व ममता मेहरोत्रा के चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित की। वितरण कार्यक्रम के दौरान करीब 21 मजदूरों को स्टील की बाल्टी व लोटा बाटे गए। उपस्थित जनो को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष आकाश राय ने कहा संस्था द्वारा हर साल श्रमिक दिवस के अवसर पर मजदूरों के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। जिला महासचिव विजय कुमार शुक्ला ने कहा मानसिक एवं शारीरिक रूप से श्रम किया जाता है, जो भी व्यक्ति किसी भी तरह का श्रमदान करता है, वह श्रमिक कहलाता है। जिला अध्यक्ष सचिन त्रिपाठी व कार्यक्रम संयोजक अन्नी मेहरोत्रा ने सभी अतिथियों का आभार जताया। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष आकाश राय, महासचिव आशुतोष शुक्ला, लेखा परीक्षक उमा शंकर गुप्ता, जिला डिक्स सचिन त्रिपाठी, जिला महासचिव विजय कुमार शुक्ला, उपाध्यक्ष अन्नी मेहरोत्रा, डॉ शांति स्वरुप रस्तोगी, जिला मंत्री विनोद त्रिपाठी, जिला उप सचिव डॉ विकाश जैन, जिला सलाहकार डॉ राजीव मिश्रा, जिला प्रवक्ता लक्ष्मीकांत बाजपेयी, जिला कोषाध्यक्ष अम्ब्रीश दीक्षित, अध्यक्ष विधि परामर्श केंद्र, रेखा द्विवेदी, सदस्य अंकित श्रीवास्तव, नीतू गुप्ता, संजीव द्विवेदी आदि रहे।

## विधायक ने रोडवेज भवन का किया लोकार्पण 3 करोड़ 44 लाख से अधिक लागत से निर्मित



मोहम्मदी खीरी। कस्बा में बने नवीन रोडवेज भवन का शुभारंभ बहु प्रतीक्षित था जिसको लेकर शुभ मुहूर्त पर मुख्य अतिथि विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह और विशिष्ट अतिथि नपाध्यक्ष संदीप मेहरोत्रा उर्फ कन्हैया, आशीष रस्तोगी और ब्लॉक प्रमुख महेंद्र बाजपेई पूर्व ब्लाक प्रमुख आशीष रस्तोगी ने संयुक्त रूप से मंत्रोच्चारण के बीच फीता काटकर जनता को समर्पित कर दिया है। कार्यक्रम का संचालन डॉ गोविंद गुप्ता ने किया है। रविवार को मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों ने संयुक्त रूप से आधुनिक सुविधाओं से युक्त रोडवेज भवन का शुभारंभ कर जनता को समर्पित कर दिया मुख्य अतिथि विधायक ने अपने संबोधन में भावुक होकर कहा लक्ष्य अटल हो तो कुछ भी असंभव होता है अपने नौ वर्ष के संक्षिप्त कार्यकाल में क्षेत्र की जनता के हित को लेकर संघर्षरत रहा जिसमें फायर सर्विस स्टेशन, आईआईटी कॉलेज, पॉलिटेक्निक कॉलेज, क्रिटिकल केयर यूनिट जैसी महत्वपूर्ण सुविधाओं के साथ क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछाया है उसी के साथ 3 करोड़ 44 लाख से अधिक लागत से निर्मित रोडवेज के आधुनिक भवन जनता को समर्पित कर कहा मोहम्मदी को जिला न बन पाने की कसक उनके हृदय को कचोटती रहती है उन्होंने इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए जनता का आशीर्वाद मांगा है। इस मौके पर क्षेत्रीय प्रबंधक हरदोई रमेश कुमार, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधकगोला महेश चंद्र मनोज गुप्ता सुशीला वर्मा अतुल रस्तोगी देवेश सिंह समेत बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## जिला कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक

लखीमपुर खीरी। जिला कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक संपन्न। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रहलाद पटेल की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। उपस्थित पदाधिकारी एवं कार्यकताओं को संबोधित करते हुए प्रहलाद पटेल ने संगठनात्मक कार्यक्रमों की जानकारी विधि एवं कहा कि इन कार्यक्रमों के माध्यम से मनरेगा, पेयजल, कानून व्यवस्था, किसान की समस्याएं तथा कमर्शियल एवं घरेलू गैस की बढ़ती कीमतों जैसे जन सरोकार के मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जाएगा। उक्त बैठक के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद रविप्रकाश वर्मा ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि नेता विपक्ष श्री राहुल गांधी के नेतृत्व को मजबूत करने के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को अपने-अपने क्षेत्र में अधिक सक्रिय भूमिका निभानी होगी तथा पार्टी कार्यक्रमों में अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। वर्तमान समय में जन समस्याओं के समाधान के साथ-साथ मतदाता सूचियां पर सतर्क निगरानी भी आवश्यक है। उन्होंने जिला कांग्रेस कार्यालय में जनसुनवाई केंद्र स्थापित किए जाने का सुझाव भी दिया। श्री वर्मा ने यह भी कहा की कार्यकताओं को एवं जिम्मेदार पदाधिकारी को अब ज्यादा से ज्यादा समय जनता के बीच में ही देना होगा ' क्योंकि जनता वर्तमान भाजपा सरकार की कुरीतियों से त्रस्त है उत्तर प्रदेश की जनता बदलाव के मूड में है कांग्रेस की तरफ आशा भरी नजरों से देख रही है। उक्त बैठक का संचालन जिला उपाध्यक्ष मोहन चंद्र उप्रेती ने किया। उक्त बैठक को संबोधित करने वालों में प्रमुख रूप से रवि तिवारी, रामपाल शाक्य, बलराम गुप्ता, अन्नू मिश्रा, विपुल गुप्ता, बाबू राम दीक्षित विकेंद्र भल्ला आदि। बैठक में प्रमुख रूप से उपस्थित प्रेम वर्मा, दिनेश जिंदल, अजय दारोगा, वरुण चौधरी, रामपाल शाक्य, अब्दुल कयूम, अब्दुल रहीम, अंकित वर्मा, चंद्र प्रभा अवस्थी, सरोजनी अवस्थी, दीपांजलि गौतम, आनन्द अवस्थी, कमल जीत सिंह, दिनेश शर्मा, ललित बाल्मीकि नन्द किशोर, हरगोबिंद, शक्तिशारण गौतम, अमीन खान आदि सैकड़ो कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

## विज्ञान बस से छात्रों ने देखी भविष्य की दुनिया

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। क्षेत्र के शहाबुद्दीनपुर स्थित रानी लक्ष्मी बाई इंटर कॉलेज में रविवार को संचल विज्ञान प्रदर्शनी एवं विज्ञान बस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आईआईटी कानपुर के सहयोग से पहुंची विज्ञान बस ने छात्रों को आधुनिक विज्ञान से रूबरू कराया। करीब 250 छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ भाग लिया।

प्रदर्शनी में प्रिंटर और सोलर टेलिस्कोप छात्रों के लिए प्रमुख आकर्षण रहे। छात्रों ने पहली बार 3d प्रिंटर से वस्तुओं को बनते देखा, वहीं सोलर टेलिस्कोप के माध्यम से सूर्य का सुरक्षित अवलोकन किया। इस दौरान विद्यार्थियों में खासा उत्साह देखने को मिला। विज्ञान बस में भौतिक, रसायन और जीव विज्ञान से जुड़े 20 से अधिक प्रयोगों का प्रदर्शन किया गया। बरनौली सिद्धांत, विद्युत चुंबकीय प्रेरण, अणुओं की संरचना और माइक्रोस्कोप के माध्यम से रक्त कोशिकाओं का अवलोकन जैसे प्रयोगों ने छात्रों को विज्ञान को समझने का व्यावहारिक अनुभव दिया। बस में लगी एलईडी स्क्रीन पर वैज्ञानिक वीडियो भी प्रदर्शित किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद वैज्ञानिक डॉ. नरेंद्र सिंह ने कहा कि संसाधनों की कमी सफलता में बाधा नहीं होती, बल्कि वैज्ञानिक सोच जरूरी है। उन्होंने ग्रामीण छात्रों की प्रतिभा की सराहना की।



प्रधानाचार्य सर्वेश कुमार वर्मा ने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य छात्रों को किताबों तक सीमित न रखकर उन्हें प्रयोगात्मक ज्ञान देना है। इस प्रकार के कार्यक्रम छात्रों को नई दिशा देते हैं। कार्यक्रम में विज्ञान बस टीम के शुभाशीष पाण्डेय, अश्वनी विश्वकर्मा, देवेन्द्र मिश्रा, रिंकू सहित विद्यालय के शिक्षक व प्रबंधन समिति के सदस्य मौजूद रहे। अंत में मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया।

## पंचायत प्रशासन की लापरवाही का नतीजा अवैध कब्जे जल्दी हटेंगे: एसडीएम



धौरहरा खीरी। नगरीय क्षेत्र में मौजूद सरकारी जमीनों पर हो चुके अवैध कब्जों को हटाने के लिए नगर प्रशासन कितना संजीदा है इसकी बानगी निम्न हैं। प्राप्त विवरण के अनुसार नगर पंचायत धौरहरा में मौजूद सरकारी जमीनों पर कुछ लोगों द्वारा अवैध कब्जा होने के कारनामे होने के कारण नगर प्रशासन अपनी जमीनों पर हुए कब्जे को हटवाने के लिए कितना संजीदा है। नगर पंचायत के मोहल्ला फतेहनगर में तहसील परिसर के पास करोड़ों रुपए की बेशकीमती जमीन पर गिट्टी व मौरंग डालकर अवैध कब्जा जारी है। दूसरी घटना मोहल्ला पठान वार्ड में नगर प्रशासन द्वारा निर्मित किए गए सडक किनारे बने पार्क में कुछ लोगों द्वारा खोखा आदि रखकर परिसर में कब्जे का प्रयास जारी हैं। इसके अलावा नगर प्रशासन को बेशकीमती जमीनो पर हुएं कब्जे को हटाने में विफल नजर आ रहा है। इस मामले में जानकारी एसडीएम धौरहरा शशीकांत मणि ने बताया कि सरकारी जमीनों पर कब्जा करना गंभीर अपराध है जल्दी ही दोनो जगहों से अवैध कब्जे हटेंगे।

## बहन की शादी से पहले भाई की मौत

सीतापुर। जिले के पिसावां थाना क्षेत्र में रविवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे परिवार की खुशियां मातम में बदल दीं। कुतुब नगर मार्ग पर अनियंत्रित हुई बाइक सड़क किनारे खाई में जा गिरी और पेड़ से टकरा गई, जिससे बाइक सवार युवक की मौके पर मौत हो गई, जबकि उसका चचेरा भाई घायल हो गया। भिठौरा गांव निवासी शिवकुमार 35 वर्ष अपने चचेरे भाई आशीष के साथ देवकली से मिट्टी के बर्तन लेकर घर लौट रहे थे। तभी हुसेनपुर गांव के पास उनकी बाइक अचानक बेकाबू हो गई और हादसा हो गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पीछे बैठा आशीष उछलकर दूर जा गिरा और उसे हल्की चोटें आईं, लेकिन शिवकुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने शिवकुमार को मृत घोषित कर दिया। हादसे में उनके सिर और चेहरे पर गंभीर चोटें आई थीं। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर उन्होंने हेलमेट पहना होता, तो शायद उनकी जान बच सकती थी। सबसे मार्मिक पहलू यह है कि शिवकुमार अपनी बहन पूजा की शादी की तैयारियों में लगे थे। सोमवार को तिलक जाना था और 8 मई को बारात आनी थी, लेकिन इस हादसे ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया। चार भाइयों में सबसे बड़े शिवकुमार अपने पीछे दो बेटियों को छोड़ गए हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## 25 लीटर कच्ची शराब बरामद, एक महिला गिरफ्तार



सीतापुर। जनपद में अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री और परिवहन पर रोक लगाने के लिए आबकारी विभाग द्वारा प्रवर्तन अभियान लगातार जारी है। इसी क्रम में रविवार को आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के निर्देश तथा उप आबकारी आयुक्त लखनऊ प्रभार और जिला आबकारी अधिकारी सीतापुर के निर्देशन में मिश्रिख क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। आबकारी निरीक्षक मिश्रिख अपनी टीम के साथ क्षेत्र की दुकानों और आसपास के संदिग्ध स्थानों की जांच कर रहे थे। इस दौरान थाना संदना के ग्राम कुसौली में दबिश दी गई, जहां कार्रवाई करते हुए एक महिला को गिरफ्तार किया गया। टीम ने मौके से कुल 25 लीटर कच्ची शराब बरामद की और करीब 120 किलोग्राम लहन को नष्ट कर दिया। इस संबंध में आबकारी अधिनियम के तहत दो अभियोग पंजीकृत किए गए हैं। आबकारी विभाग ने स्पष्ट किया है कि जनपद में अवैध शराब के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

## अवैध बिजली कनेक्शन पर बड़ी कार्रवाई

सीतापुर। ग्रामीणों की शिकायत के बाद बिजली विभाग ने अवैध रूप से लगाए गए खंभों और केबल पर सख्त कार्रवाई करते हुए उन्हें हटवा दिया। मामला विकास खंड सकरन के सरैया गांव का है, जहां एक शराब ठेके तक बिजली सप्लाई पहुंचाने के लिए बिना विभागीय स्टीमेट और अनुमति के सात खंभे लगाकर आर्मर्ड केबल डलवाई गई थी। सूत्रों के मुताबिक इस कार्य के लिए कोई आधिकारिक मंजूरी नहीं ली गई थी और कथित रूप से सुविधा शुल्क लेकर काम पूरा कराया गया था। ग्रामीणों द्वारा की गई शिकायत के बाद शनिवार रात बिजली विभाग हरकत में आया। जेई सांडा और एसडीओ रेउसा की मौजूदगी में टीम ने मौके पर पहुंचकर सभी अवैध खंभों को उखड़वा दिया और ठेके तक डाली गई केबल हटाकर कनेक्शन काट दिया। अवर अभियंता सुरेश चंद्र ने बताया कि बिना विभागीय स्टीमेट के लगाए गए खंभे और केबल को हटवा दिया गया है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## किशोरी को भगाने में केस दर्ज

मोहम्मदी खीरी। कस्बा के एक मोहल्ला में अपने नाना के घर रह रही नातिन को रिश्तेदारी में आया युवक बहला-फुसलाकर अपने साथ लेकर चला गया जानकारी होने पर नानी ने नामित आरोपी के खिलाफ शिकायती पत्र दिया है। पीड़िता ने बताया उसकी नातिन घर पर रह रही थी रिश्तेदारी में आया युवक सरोज निवासी सकरा थाना मंझिला जिला हरदोई बहला फुसलाकर साथ लेकर चला गया है।

## भाजपा गोला मंडल की नयी कार्यकारिणी का हुआ स्वागत



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। भारतीय जनता पार्टी गोला नगर की नवीन कार्यकारिणी के सम्मान में स्वागत समारोह किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इसके बाद भाजपा नगर अध्यक्ष विनोद स्वर्णकार ने नई कार्यकारिणी के दायित्वधारी पदाधिकारियों का परिचय कराया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक अमन गिरि, विशिष्ट अतिथि पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू, सुर्जन लाल वर्मा एवं विजय महेश्वरी सहित अन्य अतिथियों ने पदाधिकारियों को माला पहनाकर स्वागत किया। मुख्य अतिथि विधायक अमन गिरि ने कहा कि भाजपा के देवतुल्य कार्यकर्ताओं को नए दायित्व के लिए बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। विशिष्ट अतिथि विजय शुक्ला रिंकू ने कहा कि संगठन की मजबूती, जनसेवा और राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ नई कार्यकारिणी निश्चित रूप से नगर और समाज में पार्टी की भूमिका को और सशक्त बनाएगी। कार्यक्रम में पूर्व नगर अध्यक्ष शत्रोहन मिश्रा, पूर्व नगर महामंत्री एवं जिला अध्यक्ष व्यापार मंडल अरुण अवस्थी सहित अन्य वक्ताओं ने भी नई टीम को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का संचालन नगर महामंत्री धीरज बाजपेई ने किया जबकि अध्यक्षता नगर अध्यक्ष विनोद स्वर्णकार ने की। इस अवसर पर राजेश राठौर, राजन साहनी, रेखा मिश्रा, राजेश आनंद मिन्नी, प्रवीण गुप्ता, रामजी रस्तोगी, कैलाश गुप्ता, राहुल वाल्मीकि, सुमित्रा मिश्रा, सीमा वर्मा, सूर्य प्रताप सिंह चौहान, सुमित शाह, तेज प्रकाश शुक्ला, अंकित मिश्रा, नवीन भसीन, ऋषि गुप्ता, प्रभात गुप्ता, प्रमोद भारद्वाज, श्यामू कनौजिया सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली सीज की खनन माफिया फरार



सीतापुर। सकरन थाना क्षेत्र के बलबल पुरवा मजरा सुमरावां में शनिवार शाम अवैध खनन के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मिट्टी से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को सीज कर दिया। जानकारी के अनुसार, चौका नदी किनारे बिना अनुमति के मिट्टी का अवैध खनन किया जा रहा था। इसकी सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह के निर्देश पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस को देखते ही खनन में लिप्त लोग ट्रैक्टर-ट्रॉली छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने मौके से ट्रैक्टर-ट्रॉली को कब्जे में लेकर सीज कर दिया और मामले की रिपोर्ट राजस्व विभाग को भेज दी है। अवैध खनन में शामिल लोगों की पहचान कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## युवा संसद में गोला के छात्रों ने विधानसभा में किया प्रतिभाग



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। केन ग्रोअर्स नेहरू पीजी कॉलेज के दो छात्रों ने उत्तर प्रदेश विधानसभा में आयोजित युवा संसद कार्यक्रम में प्रतिभाग कर जनपद का प्रतिनिधित्व किया। दोनों छात्रों के प्रदर्शन से महाविद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन हुआ है।

महाविद्यालय के नेहरू सभागार में 24 मार्च को विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट-2026 का आयोजन आपातकाल के 50 वर्ष भारतीय लोकतंत्र के लिए सबकह्न विषय पर किया गया था। इस जिला स्तरीय प्रतियोगिता में जनपद के प्रतिभागियों में से चयनित पांच छात्रों में कॉलेज के दो छात्र शामिल रहे। एमए राजनीति शास्त्र चतुर्थ सेमेस्टर के यश प्रताप सिंह चैहान और बीए चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र शिवशंकर को उत्तर प्रदेश विधानसभा में आयोजित युवा संसद के लिए चुना गया। विधानसभा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान दोनों छात्रों ने अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए। उनकी तार्किक सोच, विषय की गहरी समझ और आत्मविश्वासपूर्ण अभिव्यक्ति ने न केवल निर्णायकों का ध्यान आकर्षित किया, बल्कि महाविद्यालय और पूरे क्षेत्र का मान भी बढ़ाया। उनके वक्तव्यों में लोकतांत्रिक मूल्यों, राष्ट्रहित और समसामयिक मुद्दों पर स्पष्ट दृष्टिकोण दिखाई दिया। महाविद्यालय प्रशासन ने इसे विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक उपलब्धि बताया।

प्राचार्य प्रोफेसर पंकज सिंह ने कहा कि इस प्रकार के मंच छात्रों के व्यक्तित्व विकास और नेतृत्व क्षमता को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि यह सफलता संस्थान की शैक्षिक गुणवत्ता, अनुशासन और बेहतर मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने दोनों छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। साथ ही उम्मीद जताई गई कि आने वाले समय में और अधिक छात्र इस तरह के मंचों पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे।

## सिलेंडर न मिलने पर सड़क की जाम



सीतापुर। सदरपुर थाना क्षेत्र में घरेलू गैस सिलेंडर की किल्लत ने उग्र रूप ले लिया। भारत गैस एजेंसी पर सिलेंडर न देने और ब्लैकिंग करने के आरोपों से नाराज उपभोक्ताओं ने खाली सिलेंडर सड़क पर रखकर सदरपुर-बिसवां मार्ग जाम कर दिया। अचानक हुए इस प्रदर्शन से यातायात ठप हो गया और राहगीरों को भारी परेशानी उठानी पड़ी। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि उन्होंने 15 से 20 दिन पहले सिलेंडर की बुकिंग कराई थी, लेकिन इसके बावजूद उन्हें समय पर गैस नहीं मिली। आरोप है कि एजेंसी संचालक जानबूझकर सप्लाई रोककर सिलेंडरों की कालाबाजारी कर रहा है। गुस्साए लोगों ने एजेंसी और सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की, हालांकि कुछ लोगों ने जिलाधिकारी के समर्थन में भी आवाज उठाई और प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की मांग की। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद प्रदर्शनकारियों को शांत कर जाम खुलवाया। इसके बाद यातायात सामान्य हो सका। प्रदर्शन में शामिल उपभोक्ता रामनरेश ने बताया कि एजेंसी के बार-बार चक्कर लगाने के बावजूद उन्हें सिलेंडर नहीं मिल रहा, जिससे घर का कामकाज बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। लोगों ने प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई और समय पर गैस आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है।

## डीएम-एसपी ने लिया परीक्षा केंद्रों का जायजा

जिला संवाददाता(vol)



लखीमपुर खीरी। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा आयोजित नीट (यूजी)-2026 परीक्षा रविवार को जिले के सात परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा और सख्त निगरानी के बीच शांतिपूर्वक सम्पन्न हुई। इस दौरान बुलाए गए 3227 में से 3151 अभ्यर्थी ही परीक्षा में शामिल हुए जबकि 76 ने गैर हाजिर रहकर परीक्षा छोड़ दी। परीक्षा को सकुशल बनाने के लिए डीएम, एसपी, एडीएम, एएसपी समेत परीक्षा केंद्र मजिस्ट्रेट सतत भ्रमणशील रहकर परीक्षा केंद्रों का जायजा लेते रहे। वही परीक्षा केंद्र मजिस्ट्रेट परीक्षा केंद्रों पर मुस्तैद रहे। परीक्षा के दौरान जिला प्रशासन ने व्यापक स्तर पर व्यवस्थाएं सुनिश्चित कीं, जिससे परीक्षार्थियों को निर्बाध और निष्पक्ष वातावरण में परीक्षा देने का अवसर मिला।

डीएम अंजनी कुमार सिंह ने परीक्षा में भ्रमणशील रहकर जनपद खीरी में स्थित परीक्षा केंद्रों राजकीय इंटर कॉलेज सहित अन्य परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेकर परीक्षा को सकुशल एवं शुचितापूर्ण सम्पन्न कराने जरूरी निर्देश दिए। डीएम ने परीक्षार्थियों हेतु भौतिक सुविधाओं/सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए सीसीटीवी कैमरों को चौक किया व संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए। वही डीआईओएस विनोद कुमार मिश्र, सिटी कोऑर्डिनेटर/ प्राचार्य, केंद्रीय विद्यालय आशीष कुमार दीक्षित ने नीट (यूजी)-2026 परीक्षा में भ्रमणशील रहकर परीक्षा केंद्रों (राजकीय पॉलीटेक्निक, वाईडी कॉलेज, भगवानदीन आर्यकन्या इंटर कॉलेज, गुरुनानक इण्टर कालेज, जीआईसी, अबुल कलाम आजाद गर्ल्स इंटर कॉलेज, डीएस कालेज) का निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापक, परीक्षा केंद्र मजिस्ट्रेट को परीक्षा में आयोग के शत प्रतिशत निर्देशों के अनुपालन के निर्देश दिए। वही परीक्षा केंद्र मजिस्ट्रेट ने भी अपने परीक्षा केंद्र पर सतर्क दृष्टि रखते हुए पूरी परीक्षा को सकुशल संपन्न कराया।

- 3227 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा

संक्षेप

## चोरी का खुलासा पिकअप बरामद

**सुलतानपुर (वीओएल)।** कोतवाली देहात पुलिस ने तेजी दिखाते हुए महज 72 घंटे में चोरी की पिकअप बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। 30 अप्रैल को अहिमाने स्थित कृषि भवन के सामने गोदाम में खड़ी पिकअप वाहन चोरी हो गई थी। मामले में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की रविवार को पुलिस टीम ने कामतागंज हाईवे के पास से आरोपी तैजुब अली निवासी मिजापुर, को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से चोरी की महिंद्रा पिकअप भी बरामद हुई। कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक धर्मवीर सिंह सहित पुलिस टीम की अहम भूमिका रही।

## एक महिला 3 बच्चों को छोड़कर हुई गुम

**टूंडला।** एक महिला अपने तीन बच्चों को घर छोड़कर बिना बताये कहीं चली गई है। जिसकी रिपोर्ट पीड़ित पति ने थाने में दर्ज कराई है। विजय पुत्र मोहनलाल निवासी नई बस्ती टूंडला ने लिखाई रिपोर्ट में बताया है कि मेरी पत्नी प्रीति 22 अप्रैल को सांय चार बजे बिना बताये कहीं चली गई है। जब मैने घर आकर देखा तो उसका कोई अता पता नहीं था। मैने काफी खोजबिन की लेकिन उसका पता ना चल सका। मेरी पत्नी तीन बच्चों को छोड़कर गई है। पीड़ित पति ने थाना टूंडला में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## दो वर्षो से फरार पोक्सो में वांछित गिरफ्तार

**टूंडला।** थाना टूण्डला पुलिस टीम द्वारा पोक्सो एक्ट में दो वर्षो से फरार चल रहे वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में वांछित अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के अनुपालन में थाना टूण्डला पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर दो वर्षो से फरार चल रहे पोक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त माइकल उर्फ राजन गौड़ पुत्र बन्टी उर्फ विक्टर निवासी प्रताप नगर नीलू खेड़ी थाना बुटाना जिला करनाल हरियाणा को गिरफ्तार किया गया है। 2024में वादी की तहरीर पर उसकी नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के सम्बन्ध में अभियुक्त माइकल उर्फ राजन गौड पुत्र बन्टी उर्फ विक्टर के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया था। अभियुक्त अन्य राज्य का होने के कारण तथा कोई मोबाइल इस्तेमाल न करने व अपने मकान बेचकर फरार होने के कारण यह पुलिस गिरफ्त में नहीं आ पा रहा था। जिसे 5 मई को मुखबिर की सूचना पर मोहम्मदाबाद कट सर्विस रोड एनएच 19 थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद से मय अपहता के साथ गिरफ्तार किया गया। थाना पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

## युवक को घायल किया

**फिरोजाबाद।** थाना नगला खंगर क्षेत्र के गांव बीरई जहानाबाद में बच्चों को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। चचेरे भाइयों ने अपने भाई को मारपीट कर लहूलुहान कर दिया। पीड़ित ने चचेरे भाइयों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। टिंकू पुत्र रामखिलाड़ी निवासी बीरई जहानाबाद थाना नगला 1 मई की शाम अपने चचेरे भाई संजय पुत्र कमलेश, गुलशन पुत्र शिवकुमार, उषा देवी पत्नी कमलेश से बच्चों को लेकर विवाद हो गया। विवाद के दौरान चचेरे भाई आकर गाली गलौज करने लगे। जब पीड़ित ने विरोध किया तो चचेरे भाइयों, चाची ने लाठी डंडों से हमला कर दिया। चचेरे भाइयों ने पीड़ित को बेरहमी से पीट दिया जिससे वह लहूलुहान हो गया।

# स्मार्ट मीटर से उपभोक्ताओं पर बढ़ रहा आर्थिक बोझ : कांग्रेस



**सलोन, रायबरेली।** क्षेत्र में स्मार्ट मीटर के कारण उपभोक्ताओं के बिजली बिलों में बढ़ोतरी को लेकर कांग्रेसियों ने विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकताओं ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपकर ने प्रदेश में लागू की गई स्मार्ट मीटर व्यवस्था को वापस लेने की मांग उठाई। सलोन में कांग्रेस पूर्व प्रत्याशी अर्जुन पासी के नेतृत्व में कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए सलोन बिजली घर से सलोन तहसील पैदल मार्च हुए धरना प्रदर्शन कर नाराजगी जताई

कांग्रेसियों का कहना था कि स्मार्ट मीटर से उपभोक्ताओं पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है और उन्हें महंगाई की दोहरी मार से जूझना पड़ रहा है। तहसील में एसडीएम चंद्र प्रकाश ने ज्ञापन सौपा और पूर्व प्रत्याशी अर्जुन पासी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए लगातार संघर्षरत है और आगे भी हर अन्याय के खिलाफ आवाज उठाती रहेगी। इस कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, आनंद सिंह, तनवीर अहमद, प्रेम प्रकाश पांडेय, आदिल अता, मो इस्माइल, बिजेंद्र पांडेय, संतोष तिवारी, सूरज यादव, काजू भाई, लाल जी, राम आसरे, रमेश वैश्य, सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## स्मार्ट मीटर तोड़ने पर 600 ग्रामीणों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**आगरा।** विद्युत विभाग के अफसरों ने अकोला पहुंचकर ग्रामीणों से दोबारा मीटर लगवाने के संबंध में बैठक की। ग्रामीणों को फिर से उन्हीं स्मार्ट मीटरों को लगवाने के लिए समझाया, लेकिन ग्रामीण इसके लिए सहमत नहीं हुए। आगरा के कस्बा अकोला में स्मार्ट मीटर के विरोध में हुए प्रदर्शन के बाद विद्युत विभाग ने कार्रवाई की है। कागारौल के विद्युत उपखंड अधिकारी हिमांशु गुप्ता की तहरीर पर पुलिस ने 16 नामजद और करीब 600 अज्ञात महिला-पुरुषों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है। आरोपियों पर सरकारी कार्य में बाधा डालने, सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने, बिजली आपूर्ति बाधित करने और राजस्व हानि पहुंचाने के आरोप लगाए गए हैं। कागारौल के विद्युत उपखंड अधिकारी हिमांशु गुप्ता ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार की सुबह करीब 7:30 बजे ग्राम अकोला सहित आसपास के गांवों के लोग 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र अकोला पर जुट आए थे। आरोप है कि कुछ लोगों ने पहले उपकेंद्र पर मौजूद एसएसओ से बिजली आपूर्ति चालू न करने का दबाव बनाया। इसके बाद बड़ी संख्या में पुरुष और महिलाएं उपकेंद्र पर पहुंच गए और नारेबाजी शुरू कर दी। सैकड़ों लोग घरों से स्मार्ट मीटर उखाड़कर साथ लाए थे, जिन्हें उपकेंद्र परिसर में फेंककर तोड़फोड़ की गई। तोड़फोड़ से विद्युत आपूर्ति भी प्रभावित हुई। मामले में पुलिस ने टिंकू उर्फ मोरध्वज, रविंद्र, पंकज, सचिन, रवि, ओम, रविंद्र सिंह, अजय, सहदेव, राजकुमार, उदयवीर, बेताल, नारायण, कुलदीप, कृष्णवीर, यतेंद्र समेत 16 लोगों को नामजद किया है। आरोप है कि नामजद आरोपी भीड़ को उकसा रहे थे और पूरे घटनाक्रम का नेतृत्व कर रहे थे। ग्रामीणों का कहना है कि स्मार्ट मीटरों में तकनीकी खामियां, अधिक बिलिंग की समस्या लगातार सामने आ रही है, जिससे वे लंबे समय से परेशान हैं और इसी कारण विरोध प्रदर्शन किया गया। वहीं, प्राथमिकी दर्ज होने के बाद ग्रामीणों में कार्रवाई को लेकर असंतोष भी देखा जा रहा है। थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। विद्युत विभाग के मुख्य अभियंता कपिल सिंघवानी ने अकोला पहुंचकर ग्रामीणों से दोबारा मीटर लगवाने के संबंध में बैठक की। ग्रामीणों को फिर से उन्हीं स्मार्ट मीटरों को लगवाने के लिए समझाया, लेकिन ग्रामीण इसके लिए सहमत नहीं हुए। भाकियू के जिलाध्यक्ष राजवीर लवानिया ने कहा कि पुराने पारंपरिक मीटरों को लगाया जाए। दोबारा से स्मार्ट मीटर लगाए गए तो किसान यूनियन को धरना-प्रदर्शन और रास्ता जाम करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

## कलेक्ट्रेट में स्मार्ट मीटर के खिलाफ आप का जोरदार प्रदर्शन

**रायबरेली।** कलेक्ट्रेट परिसर में रविवार को आप के पदाधिकारियों वकार्यकर्ताओं ने स्मार्ट मीटर के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। डीएम ऑफिस के सामने एकत्रित होकर पार्टी नेताओं ने स्मार्ट मीटर के खिलाफ प्रतियां जलाते हुए बिजली विभाग और राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। दोपहर करीब 3:30 बजे शुरू हुए इस प्रदर्शन में दर्जनों कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि प्रदेश में स्मार्ट मीटर के नाम पर उपभोक्ताओं के साथ खुली लूट की जा रही है, जिससे जनता और खासकर किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। प्रदर्शन के दौरान आप के नेता राममोहन श्रीवास्तव उर्फ रामू दादा ने कहा कि उप्र में स्मार्ट मीटर योजना पारदर्शी नहीं है और इसके जरिए जनता से मनमाने तरीके से पैसे वसूले जा रहे हैं। उन्होंने कहा यह विरोध प्रदर्शन उपभोक्ताओं और किसानों के हितों की रक्षा के लिए किया जा रहा है। प्रदर्शनकारियों ने राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा, जिसमें कई प्रमुख मांगें उठाई गईं। इन मांगों में स्मार्ट मीटर के नाम पर हो रही कथित लूट पर तत्काल रोक लगाने, इस पूरी परियोजना की स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच कराने की मांग शामिल है।

## सपा नेता समेत 7 पर करोड़ों की जमीन हड़पने का आरोप, फर्जी इकरारनामे से कब्जे की कोशिश

**आगरा।** आगरा के थाना एकता क्षेत्र अंतर्गत गांव रजराई में करोड़ों की जमीन हड़पने का गंभीर मामला सामने आया है। इस मामले में सपा से जुड़े नेता विवेक यादव सहित सात लोगों के खिलाफ पुलिस ने गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। पीड़ित शिवम उपाध्याय ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि आरोपियों ने उनके पिता संजय कुमार की मानसिक स्थिति व नशे की लत का फायदा उठाकर 13 जनवरी 2026 को झूठे तथ्यों के आधार पर एक इकरारनामा तैयार कराया। इस इकरारनामे के जरिए करोड़ों की जमीन को बेहद कम कीमत में दिखाया गया। शिकायत के अनुसार, करीब 7.5 करोड़ रुपये मूल्य की जमीन का सौदा महज 70 लाख रुपये में दर्शाया गया, जिसमें 25 लाख रुपये बयाना दिखाया गया। हालांकि, भुगतान के लिए दिए गए सभी चेक बैंक ने संदिग्ध बताते हुए वापस कर दिये, जिससे पूरे सौदे पर सवाल खड़े हो गए हैं। पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया है कि आरोपियों ने जमीन पर जबरन कब्जा करने का प्रयास किया और तीन करोड़ रुपये की अतिरिक्त मांग की। विरोध करने पर गाली-गलौज, धमकी व दबाव बनाने की भी शिकायत की गई है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए सभी आरोपियों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है।

## चोरी की बाइक सहित 2 अभियुक्त गिरफ्तार

**टूंडला।** थाना नगला सिंघी पुलिस द्वारा चैकिंग के दौरान चोरी की मोटरसाईकिल सहित दो अभियुक्तगणों को गिरफ्तार किया गया है। थाना नगला सिंघी पुलिस टीम द्वारा चैकिंग के दौरान अभियुक्तगण दो अभियुक्तगणों आंशू पुत्र उदयवीर सिंह व प्रेमपाल पुत्र रामदास निवासीगण गढ़ी धर्मी थाना नगला सिंघी जनपद फिरोजाबाद को चोरी की हीरो होंडा एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल सहित बनकट नियामतपुर रोड प्रेमपुर पुलिया से गिरफ्तार किया गया। थाना पुलिस ने बरामदगी के आधार पर थाना नगला सिंघी पर मुकदमा पंजीकृत कर अभियुक्तगणों को न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

# सोलर पावर एनर्जी एजेंसी शो रूम का लालगंज में हुआ उद्घाटन



**लालगंज, रायबरेली।** लालगंज के साकेत नगर बैंक ऑफ इंडिया के ऊपर प्रथम तल पर सोलर पावर एनर्जी एजेंसी शो रूम का हवन पूजन के साथ उद्घाटन संपन्न हो गया है। अब क्षेत्र के लोगों को सोलर प्रोवाइड कराने का कार्य साकेत नगर स्थित एजेंसी से किया जाएगा। पावर सोलर के बाबत जानकारी देते हुए शुभम पांडे और नीलेश शुक्ला ने बताया कि एजेंसी में सोलर पावर संबंधित सभी प्रकार की सुविधा उपलब्ध है। सरकार की योजना का लाभ उठाकर सोलर पावर सिस्टम लगवा कर 24 घंटे बिजली का आनंदउठाएं। लोगों को बताया गया कि हाइब्रिड सोलर एक ऐसी प्रणाली है एक जो ग्रिड से जुड़ी होने के साथ ही सौर ऊर्जा को बैटरी में स्टोर भी करती है। सिस्टम दिन के दौरान ऊर्जा का उत्पादन करने के लिए सौर पैनलों का उपयोग करता है, जबकि बैटरी रात में उपयोग के साथ ही पावरकट के दौरान निरंतर बिजली की आपूर्ति करती है। इस अवसर पर अखिल भारतीय व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल, अतुल गुप्ता, सोनू वर्मा, चंद्र प्रकाश गुप्ता, संदीप शुक्ला सहित भाजपा नेता शिव प्रकाश पांडे, रविनंदन सिंह चौहान, मनोज अवस्थी, बाबू तिवारी, अखिलेश बाजपेई, श्याम दीक्षित, वैभव बाजपेई आदि लोग मौजूद रहे।

### सीएम आरोग्य मेला आयोजित

**परशदेपुर, रायबरेली।** नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र परशदेपुर में रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन किया गया। आयोजित मेले में अस्पताल आये कुल 46 मरीजों की जाँच कर उन्हें दवाएं दी गयी। मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में सबसे अधिक डायबिटीज सुगर ,चर्मरोग के मरीज अस्पताल पहुंचे जिनकी जाँच कर उन्हें दवाएं दी गयीं। चिकित्साधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि अस्पताल आये 46 मरीजों की जाँच कर इलाज किया गया। सबसे अधिक डायबिटीज सुगर बुखार व त्वचा रोग के मरीज अस्पताल पहुंचे जिनका इलाज किया गया।

# किसकी शह पर एनएचएआई पर चल रहा अवैध टैक्सी स्टैंड

- त्रिपुला के निकट संचालित अवैध टैक्सी स्टैंड पर सुबह से शाम तक होती है वसूली
- वाहन पर चाहे मरीज हो या समान बिना सुविधा शुल्क दिये निकलना है मुश्किल



**रायबरेली।** लखनऊ-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर त्रिपुला के निकट एनएचएआई द्वारा बनाए गए यात्री शेड के नीचे सालों से अवैध टैक्सी स्टैंड संचालित हो रहे हैं। यहां सुबह से शाम तक सिस्टमैटिक तरीके से वसूली का खेल चल रहा है। ई-रिक्शा, प्राइवेट बसों, लोडर ई-रिक्शा समेत हर प्रकार के वाहनों से सुविधा शुल्क के नाम पर जबरन पैसा वसूला जा रहा है। मरीज हो या सामान्य यात्री, कोई भी बिना पैसे दिए निकल पाना मुश्किल है।

स्थानीय लोगों और यात्रियों के अनुसार, यदि कोई वाहन चालक सुविधा शुल्क देने से इनकार कर दे तो स्टैंड पर बैठे लोग उसे घेर लेते हैं और जबरन वसूली करते हैं। खासकर ई-रिक्शा वाले यात्रियों को सबसे ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गंभीर बीमार मरीज को अस्पताल ले जा रहे परिवारों को भी इस अवैध टैक्सी स्टैंड के गुंडों के सामने झुकना पड़ रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिल्ली जाने वाली प्राइवेट बसों से लेकर छोटे-बड़े सभी वाहनों पर वसूली का सिलसिला जारी है। एक स्थानीय यात्री ने बताया, हमरीज को लेकर जा रहे थे। ई-रिक्शा चालक को पैसे देने पड़े, वरना जाने नहीं देते थे। यह रोज का तमाशा है।

यह अवैध स्टैंड एनएचएआई के यात्री शेड के ठीक नीचे चल रहा है। सबसे चैंकाने वाली बात यह है कि एनएचएआई के लगे सीसीटीवी कैमरों में यह पूरी वसूली रोज कैद हो रही है, फिर भी प्रशासन और एनएचएआई की तरफ से कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। स्थानीय लोग लंबे समय से इस अवैध गतिविधि की शिकायत कर रहे हैं, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं निकला।

जानकारों का कहना है कि यह अवैध टैक्सी स्टैंड और वसूली का धंधा कई सालों से बेखौफ चल रहा है। त्रिपुला इलाके की इस घटना ने स्थानीय लोगों में आक्रोश पैदा कर दिया है। उन्होंने जिला प्रशासन, पुलिस और एनएचएआई अधिकारियों से तुरंत कार्रवाई की मांग की है।

अभी हाल में पत्रकारों की जिलाधिकारी से हुई वार्ता के बाद डीएम ने निर्देश दिया था कि अवैध रूप से वसूली न हो। परन्तु जिलाधिकारी के आदेश को ठेंगा दिखाते हुए ये अवैध कारोबारियों ने डीएम के भी आदेश को दरकिनार कर दिया। जिला प्रशासन और संबंधित अधिकारियों से इस अवैध स्टैंड पर तुरंत छापा मारकर इसे बंद कराने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की अपील की जा रही है, ताकि आम यात्रियों खासकर मरीजों और गरीबों को इस लूट से मुक्ति मिल सके।

**एनएचएआई के कैमरों में कैद हो रही करतूत**

सबसे हैरानी की बात यह है कि यह पूरा कारनामा एनएचएआई द्वारा हाइवे पर लगाए गए सीसीटीवी कैमरों में रोज रिकॉर्ड हो रहा है। इसके बावजूद सालों से यह अवैध वसूली का खेल बेरोकटोक जारी है। स्थानीय लोगों में सवाल उठ रहा है कि आखिर किसकी शह पर यह अवैध धंधा चल रहा है।

**प्रशासन की चुप्पी पर सवाल**

एनएचएआई की जमीन पर बने यात्री शेड का उपयोग यात्रियों की सुविधा के लिए किया जाना था, लेकिन यहां अवैध कब्जा कर टैक्सी स्टैंड बना दिया गया है। राहगीरों का आरोप है कि शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं होती। अब लोगों ने डीएम से इस मामले में हस्तक्षेप कर अवैध वसूली बंद कराने और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

**क्या कहते हैं नियम**

एनएचएआई की जमीन पर बिना अनुमति कोई भी व्यावसायिक गतिविधि या स्टैंड संचालित करना पूरी तरह अवैध है। साथ ही रास्ता रोककर जबरन वसूली करना भारतीय न्याय संहिता के तहत दंडनीय अपराध है।

# अमेठी में स्मार्ट मीटर के खिलाफ आप का प्रदर्शन



**गौरीगंज (अमेठी)।** जिले में लगाए जा रहे स्मार्ट मीटरों के खिलाफ विरोध तेज हो गया है। आम आदमी पार्टी (आप) ने रविवार को जिला मुख्यालय गौरीगंज स्थित बिजली विभाग के अधिशाषी अभियंता कार्यालय के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया। पार्टी नेताओं और कार्यकताओं ने नारेबाजी करते हुए स्मार्ट मीटरों को 'स्मार्ट चीटर' करार दिया और इन्हें तत्काल हटाने की मांग उठाई। प्रदर्शन का नेतृत्व आप के जिला अध्यक्ष अनुराग शुक्ला ने किया। इस दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को आर्थिक रूप से नुकसान पहुंचा रहे हैं और बिजली बिलों में अनियमित बढ़ोतरी हो रही है। उनका कहना था कि पहले ही आम जनता महंगाई की मार झेल रही है, ऐसे में स्मार्ट मीटर लगाकर उन पर अतिरिक्त बोझ डाला जा रहा है। आप नेताओं ने कहा कि स्मार्ट मीटरों की कार्यप्रणाली पारदर्शी नहीं है और इससे उपभोक्ताओं में असंतोष बढ़ रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार और बिजली विभाग ने जल्द ही इस मुद्दे पर ठोस कदम नहीं उठाए, तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा। प्रदर्शन में पूर्व जिला अध्यक्ष शिव प्रसाद कश्यप, आवेश, हनफी, दीपक शुक्ला, देवास त्रिपाठी, मलखान सिंह, पूजा वर्मा, पंकज त्रिपाठी और अशोक सेन समेत कई कार्यकर्ता शामिल रहे। गौरतलब है कि जिले में स्मार्ट मीटर को लेकर पहले भी कई बार विरोध प्रदर्शन हो चुके हैं। लगातार बढ़ते विरोध के बीच यह मुद्दा अब राजनीतिक रूप लेता नजर आ रहा है।

## मामूली विवाद में पति-पत्नी पर लाठी-डंडों से हमला, केस दर्ज

**जगदीशपुर (अमेठी)।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत देवकली गांव में मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया, जहां दबंगों ने पति-पत्नी पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, देवकली गांव निवासी दंपति राजेंद्र पासी व उनकी पत्नी लीलावती पर गांव का ही दबंग राजू पासी से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और आरोपियों ने एकजुट होकर पति-पत्नी पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। शोर-शराबा सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे, जिसके बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। मामले में पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने नामजद आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है साथ ही आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। गांव में तनाव की स्थिति को देखते हुए पुलिस की नजर बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि छोटी-छोटी बातों पर बढ़ते विवाद क्षेत्र में कानून-व्यवस्था के लिए चिंता का विषय बनते जा रहे हैं।

## 8 दिन में पुलिस ने चोरी की बाइक की बरामद एक अभियुक्त व बाल अपचारी गिरफ्तार

**सुलतानपुर (वीओएल)।** करौंदीकला थाना पुलिस ने चोरी की घटना का महज आठ दिन में खुलासा कर दिया। पुलिस ने एक अभियुक्त और एक बाल अपचारी को गिरफ्तार कर चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की है। जानकारी के अनुसार, 25 अप्रैल को अपाची मोटर साइकिल चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई गई थी। विवेचना के दौरान पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कम्मरपुर स्थित वन विभाग के बाग से आरोपी अनुभव सिंह और एक बाल अपचारी को पकड़ लिया। पुलिस ने दोनों के कब्जे से चोरी की बाइक बरामद कर अभियुक्त को न्यायालय भेजा है। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक राजेश यादव सहित पुलिस टीम की अहम भूमिका रही।

## श्रीमद्भागवत महापुराण श्रवण कल्पवृक्ष से भी श्रेष्ठ है : पं.सुनील तिवारी



**चांदा, सुलतानपुर (वीओएल)।** कादीपुर रोड स्थित कथा स्थल पर चल रही संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। श्रीधाम अयोध्या से पधारे भागवताचार्य पं. सुनील तिवारी वेदांती ने कथा का रसपान कराते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत महापुराण श्रवण कल्पवृक्ष से भी श्रेष्ठ है, क्योंकि यह केवल धर्म, अर्थ और काम ही नहीं, बल्कि भक्ति और मुक्ति भी प्रदान करता है। कथा के दौरान आचार्य ने ध्रुव चरित्र का मार्मिक वर्णन करते हुए बताया कि जीवन में नीति का पालन करना आवश्यक है, जबकि रुचि का अनुसरण अक्सर दुख का कारण बनता है। उन्होंने राजा उत्तानपाद, रानी सुनीति और सुरुचि के प्रसंग के माध्यम से नीति और जीवन मूल्यों का महत्व समझाया। संगीतमयी भजनों की प्रस्तुति के दौरान श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूम उठे और पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य यजमान रामपाल दुबे द्वारा व्यासपीठ पूजन एवं आरती से हुई। इस अवसर पर सभाजीत मिश्र, रामबहादुर त्रिपाठी, हर्षनारायण पांडेय, अमृतलाल जायसवाल, राम आसरे वैद्य, पवन यादव व मातादीन यादव ने आचार्य का माल्यार्पण कर स्वागत किया। बड़ी संख्या में महिलाओं सहित श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। कार्यक्रम का संचालन गुड्डू शुक्ला ने किया।

## स्मार्ट मीटर के विरोध में आप का प्रदर्शन बिजली विभाग पर लगाये आरोप

**सुलतानपुर (वीओएल)।** स्मार्ट मीटर को लेकर बढ़ते विवाद के बीच आम आदमी पार्टी आप ने रविवार को कलेक्ट्रेट परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष एडवोकेट सुरेश चंद्र के नेतृत्व में कार्यकताओं ने बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विरोध जताया। प्रदर्शनकारियों ने स्मार्ट मीटर को जनता की जेब पर डकैतीह बताते हुए आरोप लगाया कि इसके कारण उपभोक्ताओं का बिजली बिल कई गुना बढ़ गया है। उनका कहना है कि जहां पहले बिल लगभग 1500 रुपये आता था, वहीं अब 6000 से 7000 रुपये तक पहुंच रहा है। साथ ही मीटर रीडिंग में गड़बड़ी और पारदर्शिता की कमी को लेकर भी नाराजगी जताई गई। कार्यकर्ताओं ने अघोषित बिजली कटौती का मुद्दा भी उठाया। उनका कहना है कि एडवांस भुगतान के बावजूद भीषण गर्मी में 10-12 घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहती है, जिससे लोगों को भारी परेशानी होती है। प्रदर्शन के दौरान प्रतीकात्मक रूप से स्मार्ट मीटर की प्रतियां जलाकर विरोध दर्ज कराया गया। पार्टी ने स्मार्ट मीटर योजना की निष्पक्ष जांच, दोषियों पर कार्रवाई और पारदर्शी बिलिंग व्यवस्था लागू करने की मांग की है।

## आम के पेड़ से लटका मिला अधेड़ का शव, गांव में फैली सनसनी



**चांदा, सुलतानपुर (वीओएल)।** सरायजुझार गांव में एक व्यक्ति का शव आम के पेड़ से लटका मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान शीतला प्रसाद यादव (55) पुत्र श्रीनाथ के रूप में हुई है। रविवार भोर में ग्रामीणों ने बाग में शव लटका देखा तो हड़कंप मच गया और सूचना परिजन व पुलिस को दी गई। बताया जा रहा है कि मृतक के घर शनिवार रात अखंड रामायण पाठ व प्रीतिभोज का कार्यक्रम था, जिसमें आर्केस्ट्रा को लेकर वह नाराज चल रहे थे। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद देर रात उन्होंने घर से कुछ दूरी पर बाग में साड़ी के सहारे फांसी लगा ली। मृतक के पुत्र ने थाना चांदा में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उन्हें किसी पर संदेह नहीं है और वे कानूनी कार्रवाई नहीं चाहते। उन्होंने पोस्टमार्टम न कराने की इच्छा जताते हुए अंतिम संस्कार की अनुमति मांगी है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और जरूरी कार्रवाई की जा रही है। घटना से गांव में शोक का माहौल बना हुआ है।

# एनटीपीसी के क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक का ऊंचाहार दौरा

**रायबरेली।** एनटीपीसी के क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (उत्तर) एवं एन एस पी सी एल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी दिवाकर कौशिक तथा उत्तरा महिला क्लब एवं एविवाना क्लब की अध्यक्ष सीमा कौशिक ने एनटीपीसी ऊंचाहार के दो दिवसीय दौरे पर आए। परियोजना प्रमुख बिष्व मोहन सिंह, प्रियदर्शिनी महिला क्लब की अध्यक्ष रश्मि रेखा देबाता तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने गर्मजोशी के साथ उनका स्वागत किया। श्री कौशिक ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ प्लांट की प्रगति की समीक्षा की तथा उत्पादन उत्कृष्टता बनाए रखने पर जोर दिया। अपने दौरे में श्री कौशिक ने प्लांट के ईंधन प्रबंधन क्षेत्र में सातवीं बीओबी आर रैक का शुभारंभ किया। आवासीय परिसर में नए सौर ऊर्जा प्लांट का शिलान्यास करते हुए श्री कौशिक ने कहा कि इसके निर्माण से बिजली उत्पादन को और गति शक्ति मिलेगी।



श्री कौशिक एवं श्रीमती कौशिक के सम्मान में प्रियदर्शिनी महिला क्लब ने अम्बेडकर सभागार में अपना वार्षिक समारोह मनाया। दोनों अतिथियों ने दीप प्रज्वलित करके इसका उद्घाटन किया। वार्षिक समारोह में अतिथियों का स्वागत परियोजना प्रमुख बिस्व मोहन सिंह तथा प्रियदर्शिनी महिला क्लब की अध्यक्षा रश्मि देबाता ने किया। इंद्रधनुषी रंगारंग वार्षिक समारोह में क्लब की महिलाओं ने भारत देश की अपनी विरासत का जो सिलसिलेवार ऐतिहासिक प्रस्तुतिकरण किया उसे देखकर दर्शक भावविभोर हो उठे। अतिथियों ने इस शानदार आयोजन की सराहना करते हुए इसे नई पीढ़ी के लिए प्रेरणादाई बताया। कार्यक्रम का संचालन प्रियदर्शिनी महिला क्लब की सचिव पूजा गुप्ता तथा आभार प्रदर्शन उपाध्यक्ष झूमिता बिस्वास ने किया। दिवाकर कौशिक तथा सीमा कौशिक ने अपने दौरे के दौरान वृक्षारोपण भी किया तथा छोटे बच्चों के स्कूल लिटिल नेस्ट का भी अवलोकन किया। सम्पूर्ण कार्यक्रम में महाप्रबंधक आशुतोष विप्लव, एसयू हरिदास, मानव संसाधन प्रमुख पंकज कुमार, सभी विभागाध्यक्ष, यूनियन एवं एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं महासचिव तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

संक्षेप

## अविमुक्तेश्वरानंद महराज का भटनी आगमन कल

भटनी(देवरिया)। शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती 1008का गोरक्षार्थ धर्मयुद्ध यात्रा 3 मई से जिला गोरखपुर से शुरू होकर 81दिनो तक पूरे प्रदेश में यात्रा होगी इसी क्रम में 5 मई को भटनी में प्रवेश करेंगे ।आयोजक मण्डल द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद महराज भटनी के बनकटा शिव मन्दिर ,खोरीबारी के एस माउन्ट कान्वेन्ट स्कुल ,अनाथ गौशाला भटनी, वहां से डुमरी होते हुए नूरीगंज बाजार से भरथुआ के रास्ते अगले कार्यक्रम के लिए रवाना हो जायेंगे ।भटनी के आयोजक मण्डल के सदस्य धीरेन्द्र प्रकाश राय कल्पना राय एजुकेशनल ग्रुप सुनील राय ,अनिल गोंड ,अनाथ गौशाला भटनो के संचालक मुकेश दीक्षित ,रामरेखा राय फामेर्सी कालेज के प्रबन्ध निदेशक सुधान्शु राय जिला प्रभारी मुन्ना राय ने बताया कि शंकराचार्य महराज जी का क्षेत्र में भव्य स्वागत होगा ।

# नीट (यूजी) परीक्षा-2026 शांति पूर्वक सम्पन्न



जिला संवाददाता

कुशीनगर। जनपद कुशीनगर के सभी परीक्षा केंद्रों पर नीट (यूजी) परीक्षा- 2026 जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर के निर्देशन और पुलिस अधीक्षक कुशीनगर केशव कुमार के निर्देशन मेंकड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण एवं सुचारू रूप से संपन्न हुई।बीआईसी और बीपीजी कुशीनगर में 23 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी।रविवार को बुद्ध इंटरमीडिएट कालेज कुशीनगर में पंजीकृत 480 परीक्षार्थियों में 11 बच्चे अनुपस्थित रहे। यहां परीक्षा व्यवस्थापक/प्रधानाचार्य उमेश कुमार उपाध्याय ने बताया कि परीक्षा शांति पूर्वक सम्पन्न हुआ। बुद्ध पीजी कालेज कुशीनगर में 600 परीक्षार्थियों में 12 अनुपस्थित रहे।यहां भी प्राचार्य प्रो. विनोद मोहन मिश्रा ने बताया कि परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हुई। दोनों परीक्षा केन्द्रों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया था।

**● बीआईसी और बीपीजी कुशीनगर में 23 ने छोड़ी परीक्षा**

## नगर विकास मंत्री मंत्री एके शर्मा का रोड शो, समर्थन में मांगे वोट

कुशीनगर। फाजिलनगर नगर पंचायत फाजिलनगर में अध्यक्ष पद के उपचुनाव प्रचार में रविवार को क्षेत्र का राजनीतिक माहौल पूरी तरह गरमा गया।प्रदेश सरकार के ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने फाजिलनगर कस्बे में भव्य रोड शो कर भाजपा प्रत्याशी सुनीता शाही के पक्ष में समर्थन की अपील की।यह रोड शो कस्बे के मुख्य बाजार से शुरू होकर बाबू बाजार, स्टेट बैंक चौराहा, कॉलेज रोड होते हुए जैन मंदिर के पास जाकर समाप्त हुआ। पूरे रास्ते कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों की भीड़ लगी रही।रोड शो के दौरान मंत्री एके शर्मा ने प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को विस्तार से गिनाया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने नगरों के विकास, सड़क, बिजली, पानी और स्वच्छता जैसे बुनियादी क्षेत्रों में ऐतिहासिक कार्य किए हैं। उन्होंने डबल इंजन सरकार का जिक्र करते हुए दावा किया कि हर वर्ग का समुचित विकास हो रहा है और योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के लोगों तक पहुंच रहा है। मतदाताओं से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि नगर पंचायत के समग्र विकास और बेहतर सुविधाओं के लिए, सुनीता शाही को भारी मतों से विजयी बनाएं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जीत के बाद क्षेत्र में विकास कार्यों को और अधिक गति दी जाएगी। इस रोड शो में भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय, विधायकगण सुरेन्द्र कुमार कुशवाहा, विनय प्रकाश गोंड, असीम राय, विवेकानंद पाण्डेय, वरिष्ठ भाजपा नेता दिवाकर मणि त्रिपाठी, संतोष दत्त राय, किसान मोर्चा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राधेश्याम पांडेय, जिला उपाध्यक्ष व पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि पशुपतिनाथ जायसवाल जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, जिला मंत्री कन्हैया शर्मा, पूर्व जिला मंत्री रामवृक्ष गिरी, कुशीनगर नगरपालिका परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश जायसवाल, दुदही नगरपंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अजीम आलम, मंडल अध्यक्ष गण राणा प्रताप सिंह, शेषनाथ मिश्र अमलेश तिवारी, राणा प्रताप मिश्र, सत्यम शुक्ला, दिव्यांशु जीत शाही आदि उपस्थित रहे।

## रोजगार की तलाश में गए युवक की उड़ीसा में मौत, परिवार में मचा कोहराम

जिला संवाददाता

कुशीनगर। रोजगार की तलाश में घर से बाहर गए एक युवक की उड़ीसा में संदिग्ध हालात में मौत हो जाने से परिवार में कोहराम मच गया। मृतक की पहचान थाना कसया क्षेत्र शिवपुर टोला निवासी समसुद्दीन के रूप में हुई। जानकारी के अनुसार समसुद्दीन बीते 24 तारीख को ठेकेदार के माध्यम से उड़ीसा की एक कंपनी में काम करने गया था।

बताया जा रहा है कि 2 तारीख की शाम करीब 5 बजे वह कंपनी परिसर में पानी पीने गया, तभी अचानक उसे तेज खांसी आने लगी और उसके मुंह से खून निकलने लगा।इसके बाद वह मौके पर ही गिर पड़ा।

घटना की जानकारी मिलते ही उसके साथी आलमगीर ने तत्काल कंपनी के सुपरवाइजर को सूचना दी, जिससे कंपनी में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में उसे एंबुलेंस से अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।घटना के बाद मृतक के साथियों ने शाम करीब 6:30 बजे परिजनों को फोन पर सूचना दी।



खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

मृतक के परिजनों के अनुसार शव के 4 तारीख को दोपहर 2 से 3 बजे के बीच गांव पहुंचने की संभावना है। बताया जाता है कि समसुद्दीन अपने परिवार का एकमात्र सहारा था।उसके दो छोटे-छोटे बच्चे हैं, जिनमें एक की उम्र करीब 14 माह और दूसरे की मात्र 4 माह है।

परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर है और वह पूरी तरह मजदूरी पर निर्भर था।

घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में हर आंख नम है और लोग पीड़ित परिवार को ढांढस बढ़ा रहे हैं।

## अवैध पिस्टल व कारतूस के साथ दो गिरफ्तार

अयोध्या। अपराध नियंत्रण अभियान के तहत थाना पूराकलंदर पुलिस ने अवैध हथियार के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने एक आरोपी के पास से 7.65 बोर की अवैध पिस्टल और तीन जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक नगर के मार्गदर्शन और क्षेत्राधिकारी अयोध्या के पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई की गई। सहायक पुलिस अधीक्षक/थाना प्रभारी पूराकलंदर के नेतृत्व में उपनिरीक्षक सूरज व पुलिस टीम सायंकालीन गश्त पर थे। इसी दौरान संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान 2 मई 2026 को शाम करीब 6.10 बजे ददेरा मार्ग स्थित नहर पुलिया, कपूरी ठाकुर वार्ड नंबर-14 कादीपुर के पास अंकित दूबे पुत्र दिलीप दूबे को गिरफ्तार किया गया। तलाशी में उसके पास से एक अवैध पिस्टल 7.65 बोर और तीन जिंदा कारतूस बरामद हुए। इस मामले में थाना पूराकलंदर में आरोपी के खिलाफ मुकदमा अपराध संख्या अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया। विवेचना के दौरान प्रकाश में आए दूसरे आरोपी सुरेश सिंह पुत्र चंद्रभान सिंह को 3 मई 2026 को दोपहर करीब 2.30 बजे गिरफ्तार किया गया।

# एसडीएम ने किया निरीक्षण, दिए निर्देश



कुशीनगर। फाजिलनगर नगर पंचायत के अध्यक्ष के उपचुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने को लेकर उपजिलाधिकारी डॉ0 संतराज सिंह बघेल ने अधिकारियों संगबूथों का निरीक्षण किया और जरूरी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर निर्देशित किए।

पांच मई को होने वाले उप चुनाव की सफलता को लेकर रविवार को एसडीएम डॉ बघेल क्षेत्राधिकारी तमकुहीराज जयंत यादव, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत फाजिलनगर अमित सिंह, रिटर्निंग ऑफिसर सर्वेश सिंह गौड़ के साथ नगर पंचायत फाजिलनगर पहुंचे और सभी बूथों का निरीक्षण किया तथा निरीक्षण कर पानी, बिजली, साफ, सफाई की व्यवस्था को दुरुस्त कराया।मतदान हेतु कुल 22 बूथ बनाए गए हैं। यह 22 बूथ 9 विद्यालय केंद्रों में बनाए गए हैं। प्राइमरी विद्यालय सठियांव में चार बूथ बनाए गए हैं।

**● नपं फाजिलनगर उप चुनाव**

प्राइमरी विद्यालय पटखौली में एक बूथ बनाया गया है। फाजिलनगर नगर पंचायत में कुल 18792 मतदाता है तथा कुल चार प्रत्याशी मैदान में हैं। भारतीय जनता पार्टी से सुनीता शाही, समाजवादी पार्टी से अवधेश सिंह, एआईआईएम से सिराजुद्दीन तथा निर्दल उम्मीदवार केदार हैं।

# पुराने सिद्धांत आधुनिक अवसंरचना का बन सकते हैं आधारः डॉ. विवेक शुक्ला

जिला संवाददाता

अयोध्या। सस्टेनेबल नवायरमेंटल मैनेजमेंट इंटीग्रेटिंग इंडियन नॉलेज सिस्टम पॉलिसी फ्रेमवर्क एंड टेक्नोलॉजिकल इन्नोवेशंस ह्व विषय पर आयोजित 12 दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम के अष्टम दिवस का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम आईक्यूएसी एवं शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के संयुक्त तत्वावधान में संचालित हो रहा है। अष्टम दिवस के प्रथम सत्र के मुख्य वक्ता फाउंडर थिंकफ्यूचर, मलेशिया डॉ. विवेक शुक्ला रहे। उन्होंने जल प्रबंधन के संदर्भ में अपने व्याख्यान में बताया कि ह्लअच्छे जल प्रबंधन की चार प्रमुख क्रियाएँ होती हैं धीमा करना, संग्रह करना, रिचार्ज (पुनर्भरण करना) और साझा करना ।ह्व उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि विभिन्न भौगोलिक परिस्थितियों के अनुसार अलग-अलग पारंपरिक समाधान विकसित हुए हैं ।उन्होंने चर्चा की कि समय के साथ अनेक पारंपरिक जल प्रणालियाँ क्यों समाप्त हो गईं तथा उनके पुनर्जीवन की आवश्यकता पर बल दिया। बुंदेलखंड के टैंक पुनर्जीवन, चेन्नई सहित अन्य शहरी क्षेत्रों में टैंक पुनर्स्थापन तथा मलेशिया के स्टॉर्म वॉटर एज इंफ्रास्ट्रक्चर मॉडल के उदाहरण प्रस्तुत करते हुए उन्होंने बताया कि कैसे पुराने सिद्धांत आधुनिक अवसंरचना का आधार बन सकते हैं। श्री शुक्ला ने ह्लफ्रॉम शेयर्ड टैंक तो शेयर डैशबोर्ड ह्व की अवधारणा को समझाते हुए स्मार्ट मीटरिंग जैसे आधुनिक उपायों की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। साथ ही, उन्होंने समकालीन अनुकूलन के पाँच सिद्धांतों को साझा करते हुए यह भी कहा कि ह्लअतीत का अंधानुकरण नहीं, बल्कि उसके व्यावहारिक एवं वैज्ञानिक पक्ष को अपनाना आवश्यक है ।ह्व द्वितीय सत्र की मुख्य वक्ता प्रीति राव, फाउंडर, बायोएंजाइम एंटरप्रेन्योर्स एकेडमी रहीं। उन्होंने जल की गुणवत्ता एवं मात्रा के महत्व को रेखांकित करते हुए बताया कि वर्तमान समय में लोग सीधे प्राकृतिक स्त्रोतों के जल का उपयोग करने के बजाय आरओ जल पर निर्भर होते जा रहे हैं, जिसका मुख्य कारण जल की गुणवत्ता में गिरावट है। उन्होंने मानव गतिविधियों के जल संसाधनों पर पड़ने वाले प्रभावों की चर्चा की तथा बायोएंजाइम के परिचय एवं उसके विभिन्न अनुप्रयोगों को विस्तार से समझाया। उन्होंने बताया कि बायोएंजाइम पर्यावरण-अनुकूल, सस्ता एवं प्रभावी समाधान है, जो जल शुद्धिकरण एवं पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

## भाजपा की बैठक में तय की गई कार्यक्रमों की रूपरेखा



अयोध्या । भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय में जिला कार्यसमिति एवं जिला प्रशिक्षण योजना की बैठक आयोजित हुई। बैठक में आने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई ।बैठक में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। कार्यसमिति ने उन दलों की निंदा की, जिन्होंने लंबे समय तक इस विधेयक को लंबित रखा और पारित होने में बाधा उत्पन्न करने का प्रयास किया। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि दिनेश तिवारी ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को नेतृत्व में समान अवसर देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कार्यकताओं से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान कियज्ञं जिलाध्यक्ष राधेश्याम त्यागी ने कार्यसमिति की प्रस्तावना रखी, जबकि जिला प्रभारी मिथिलेश त्रिपाठी ने आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की। संचालन जिला महामंत्री अशोक कसौधन ने किया। बैठक में संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत करने, नए सदस्यों को जोड़ने और कार्यकताओं के प्रशिक्षण पर जोर दिया गया। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, विधायक रामचंद्र यादव, अमित सिंह चैहान, चंद्रभानु पासवान, पूर्व जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, अवधेश पांडेय बादल, कमलाशंकर पांडेय, जिला महामंत्री राघवेंद्र पांडेय, शिवम सिंह, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष धर्मेन्द्र प्रताप सिंह टिल्लू, जिला उपाध्यक्ष डॉ. सरोज मिश्रा, गोशाईगंज नगर पंचायत अध्यक्ष विजयलक्ष्मी जायसवाल, सुमन पासवान और मंजू निषाद ने प्रस्तुत किया, जिसका वाचन जिला उपाध्यक्ष अखण्ड सिंह डिम्पल जिला उपाध्यक्ष कृष्णकुमार पांडेय खुन्नू, राजीव तिवारी, ऋषिकेश वर्मा, राममोहन भारती, रघुनंदन चैरसिया, मीडिया प्रभारी सुशील मिश्रा सहित सभी मंडल अध्यक्ष व कार्यसमिति सदस्य उपस्थित रहे।

## पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य रमाशंकर साहू का स्वागत



अयोध्या। सर्किट हाउस में उत्तर प्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य रमाशंकर साहू के प्रथम आगमन पर साहू समाज द्वारा उनका जोरदार स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर समाज के गौरवशाली इतिहास और वर्तमान स्थिति को लेकर एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक भी आयोजित की गई। बैठक के दौरान रमाशंकर साहू ने पिछड़ो और विशेषकर साहू समाज की सरकारी योजनाओं में भागीदारी, शिक्षा और सामाजिक सुरक्षा जैसे विषयों पर विस्तृत समीक्षा की। वहीं समाज के प्रतिनिधियों ने क्षेत्र की समस्याओं और समाज के सर्वांगीण विकास हेतु अपने सुझाव सदस्य के सम्मुख रखे।

बैठक को संबोधित करते हुए रमाशंकर साहू ने कहा प्रदेश सरकार पिछड़ों के हक और सम्मान के लिए प्रतिबद्ध है। साहू समाज को संगठित होकर शिक्षा और राजनीति के क्षेत्र में आगे बढ़ना होगा। आयोग का प्रयास है कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुँचे। इस अवसर पर साहू समाज के जिलाध्यक्ष कुलभूषण साहू , संरक्षक अम्बिका प्रसाद साहू, महामंत्री अजय साहू , उपाध्यक्ष दुर्गा प्रसाद साहू, कृष्ण कुमार साहू, राजेश साहू उर्फ गुड्डु साहू ,युवा अध्यक्ष मनोज साहू आदि उपस्थित रहे। बैठक के अंत में समाज के उत्थान के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया गया।

# प्रदेश विधानसभा चुनाव में पूर्वांचल भागीदारी संकल्प मोर्चा 40 सीटों पर उतारेगी प्रत्याशी




जिला संवाददाता

कुशीनगर। बुद्ध की पावन धरती कुशीनगर जनपद में पूर्वांचल भागीदारी संकल्प मोर्चा से जुड़े विभिन्न राजनीतिक दलों के राष्ट्रीय अध्यक्षों, पदाधिकारियों और कार्यकताओं की बैठक संपन्न हुई। आगामी विधानसभा चुनाव 2027 में कम से कम 40 सीटों पर लड़ने का ऐलान किया गया।

रविवार को बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय संस्थागारिक पार्टी (रासपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजीनियर मनोज सिंह सैंथवार ने कहा कि प्राचीन मल्ल महाजनपद की इस ऐतिहासिक एवं पवित्र भूमि, जो महात्मा बुद्ध की तपोस्थली रही है, यहां से तीसरे मोर्चे का विधिवत आगाज हो चुका है। उन्होंने विश्वास जताया कि आगामी विधानसभा में 40 सीटों पर चुनाव लड़ा जाएगा। सभी वक्ताओं ने क्षेत्रीय एकजुटता, सामाजिक समरसता और राजनीतिक भागीदारी को मजबूत करने पर जोर दिया। वक्ताओं ने पूर्वांचल के विकास, युवाओं को रोजगार, किसानों की समस्याओं के समाधान और स्थानीय मुद्दों को प्राथमिकता देने की बात कही। कार्यक्रम के अंत में सभी दलों ने मिलकर आगामी चुनावों में संयुक्त रणनीति के साथ आगे बढ़ने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजन सिंह सूर्यबंशी ने की। इस दौरान प्रयागराज से आए संजय पांडे, बी.एन. चौहान, जनार्दन चौहान, बजरंगी पांडे, रामकिशन सिंह, सुनील श्रीवास्तव, विजय यादव, अरुण वास्तव सहित ध्रुव नारायण सिंह, नीतिश सिंह, रामरक्षा सिंह और श्रवण कुमार सिंह की उपस्थिति रही।

## चार वर्षीय बालक को लेकर भाग रहे व्यक्ति को पकडकर ग्रामीणों ने पुलिस को सौपा

भटनी(देवरिया)। स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम बरसाथ के चार वर्षीय बालक को लेकर भाग रहे एक व्यक्ति को पकड कर ग्रामीणों ने पुलिस को सोपा दिया ।बताया गया है ग्राम बरसाथ के 4वर्षीय बालक अंकुश कुमार पुत्र कृष्णाकान्त अपने घर के बाहर खेल रहा था ।उसी समय एक व्यक्ति उसे पकडकर भागने लगा ।जिसका पीछा परिजनो सहित ग्रामीण ने करके पकड बैठा लिया ।।112नम्बर पुलिस को बुलाकर सौप दिया ।पकडे गये व्यक्ति की पहचान बगल के गाँव एकडंगा का संजय कुशवाहा पुत्र रमाशंकर कुशवाहा के रुप में हुई ।

## वीडियो वायरल करने की धमकी देकर रोक रहा था युवती का विवाह : केस दर्ज कर जांच जारी

भटनी ( देवरिया)। क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने एक युवती का वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसकी शादी को रोक दे रहा था। युवती के भाई की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित युवक के विरुद्ध केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दिया है ।बताया गया है कि थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक का आरोप है कि उसी के गांव का रहने वाला राहुल भारती उसकी बहन की शादी नहीं होने दे रहा है। कहीं भी रिश्ता तय होने पर वह उसके रिश्तेदारों को कॉल कर भद्दी गालियां देता है तथा बहन की वीडियो वायरल करने की धमकी देता है। युवक ने इसकी शिकायत महिला थाने में भी की थी। कार्रवाई न होने पर उसने थाने में पुलिस से शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले में राहुल के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस संबंध में थानाध्यक्ष मृत्युंजय राय ने बताया कि मामला संज्ञान में आने के बाद पीड़ित पक्ष की तहरीर पर केस दर्ज किया गया है। मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## जिला टॉपर सृष्टि हुई सम्मानित

देवरिया । ग्रापए देवरिया के जिला महासचिव डा.हरिशचंद्र मिश्र की पुत्री सृष्टिमिश्रा ने हिन्दुस्तान अखबार द्वारा आयोजित ओलंपियार्ड परीक्षा में ग्यारहवीं कक्षा में जिला टाप किया है। शनिवार को देवरिया क्लब में आयोजित सम्मान समारोह में बिटिया को पुलिस अधीक्षक द्वारा चेक व मेडल देकर सम्मानित किया गया।बिटिया की सफलता पर ग्रापए पौहारी शरण राय ( पूर्व प्रधानाचार्य ) कपट वीरेंद्र सिंह ,जिलाध्यक्ष नागेन्फर नाथ शर्मा ,पी सी मिश्र ,आनंद मोदनवाल आदि ने खुशी व्यक्त करते हुए इसे एक गौरवपूर्ण क्षण बताया है ।इसके लिए पिता पुत्री को बधाई व बिटिया के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है ।

## एएसपी ने रिक्रूट आरक्षियों की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

देवरिया ।अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) आनन्द कुमार पाण्डेय द्वारा थाना बघौचघाट का भ्रमण कर वहां प्रशिक्षण कर रहे रिक्रूट आरक्षियों के साथ बैठक की गई।इस दौरान उन्होंने रिक्रूट आरक्षियों के रहने, खाने, मेस व्यवस्था, साफ-सफाई एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का गहन निरीक्षण किया। अपर पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि रिक्रूट आरक्षियों को उपलब्ध कराई जा रही सभी व्यवस्थाएं गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक हों। उन्होंने मेस में भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता एवं समयबद्धता सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया। साथ ही बैरकों की साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की नियमित निगरानी के निर्देश दिए बैठक के दौरान महोदय द्वारा रिक्रूट आरक्षियों से संवाद कर उनकी समस्याओं एवं सुझावों को भी गंभीरता से सुना गया तथा उनके त्वरित समाधान हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। उन्होंने रिक्रूट आरक्षियों को अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा एवं उत्कृष्ट आचरण बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। निरीक्षण के दौरान समस्त व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## स्टंट वीडियो पर ट्रैक्टर मालिक गिरफ्तार, वाहन सीज




फतेहपुर।जनपद में अपराध नियंत्रण और यातायात नियमों के सख्त अनुपालन के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना बकेवर पुलिस ने सोशल मीडिया पर वायरल एक खतरनाक वीडियो का तुरंत संज्ञान लिया। वीडियो में एक नाबालिग ट्रैक्टर चालक द्वारा गांव के खेतों में लापरवाही से स्टंटबाजी करते हुए वाहन चलाते दिखाया गया था, जो राहगीरों और स्थानीय लोगों की जान-माल के लिए गंभीर खतरा पैदा कर रहा था। पुलिस ने त्वरित जांच में पाया कि ट्रैक्टर मालिक ने जानबूझकर अपने नाबालिग बेटे को वाहन सौंपा था।थाना प्रभारी के नेतृत्व में की गई जांच में ट्रैक्टर नंबर वढ71अल8360 का पंजीकृत मालिक अजय कुमार पुत्र शिवचरन लाल, निवासी ग्राम मोहिद्दीनपुर, थाना बकेवर सामने आया। अजय ने पूर्ण जानकारी होने के बावजूद अपने नाबालिग पुत्र को ट्रैक्टर चलाने की अनुमति दी, जो स्टंटबाजी कर रहा था। इस गंभीर लापरवाही को देखते हुए थाना बकेवर पर मुकदमा संख्या 61/2026 धारा 281/125 बीएनएस के तहत अभियोग दर्ज किया गया। आज शनिवार को अजय कुमार को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई पूरी की गई। साथ ही, मोटर वाहन अधिनियम की धारा 207 के तहत ट्रैक्टर को सीज कर लिया गया।

## लाठी - डंडों से हमला, हिस्ट्रीशीटर की मौत

फतेहपुर। हुसैनगंज थाना क्षेत्र के ग्राम रहिमालन में दो पक्षों के बीच हुए झगड़े में लाठी-डंडों से चले खूनी हमले ने एक हिस्ट्रीशीटर की जान ले ली। मृतक अभिमन्यु उर्फ कुन्नू उम्र 32 वर्ष) पर हमलावरों ने ताबड़तोड़ लाठियां बरसाईं, जिसमें उसके माता-पिता भी घायल हो गए। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जिसमें हमलावरों की बर्बरता साफ झलक रही है।पुरानी रंजिश पर कमलेश, मनीष, श्याम सिंह, सचिन सहित करीब 10 लोगों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। बचाने पहुंचे उसके पिता मान सिंह और मां ननकी देवी पर भी प्रहार हुए। घायलों को हुसैनगंज सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां उपचार के दौरान अभिमन्यु की मौत हो गई। थाना हुसैनगंज पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर एक अभियुक्त को हिरासत में ले लिया गया है। शेष की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें सक्रिय हैं, वीडियो फुटेज से पहचान जारी है।

मृतक का आपराधिक इतिहास और पूर्व चेतावनीअभिमन्यु थाना क्षेत्र का कुख्यात हिस्ट्रीशीटर था, जिसके खिलाफ 20-22 अभियोग दर्ज हैं। उसके पिता व भाई पर भी कई केस हैं। कुछ समय से उसकी मानसिक स्थिति अस्थिर थी, जिसके कारण वह बार-बार झगड़े, गाली-गलौज करता था।प्रभारी निरीक्षक आलोक पांडेय ने परिजनों को नोटिस देकर मानसिकचिकित्सालय में भर्ती कराने की सलाह दी थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। घटना से ठीक पहले दोनों पक्षों में कहासुनी, मारपीट और ईंट-पत्थर चले, फिर हमलावर एकत्र होकर लाठी-डंडों से तांडव कर गए।पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक की बाइट यह घटना क्षेत्र की शांति के लिए चुनौती है।हिस्ट्रीशीटर होने के बावजूद कानून सबके लिए बराबर है।

हमने 10 नामजद अभियुक्तों के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। एक को हिरासत में लिया गया, शेष की गिरफ्तारी वीडियो फुटेज और मुखबिरों से पुरानी रंजिश हो या मानसिक अस्थिरता, हिंसा का कोई औचित्य नहीं। जनपद में शांति-अराजकता पर जीरो टॉलरेंस है। परिजन मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान दें, वरना दोषी ठहरेंगे। जल्द सभी अभियुक्तों को सलाखों के पीछे डालेंगे।पुलिस ने चेतावनी दी कि पुरानी रंजिश या व्यक्तिगत विवादों में हिंसा घातक है।

## हत्या के प्रयास के मामले में वांछित गिरफ्तार

अयोध्या। थाना रामजन्मभूमि पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में वांछित सहआरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन, पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी अयोध्या के मार्गदर्शन तथा प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। थाना रामजन्मभूमि में दर्ज मुकदमबीएनएस में वांछित अभियुक्त की तलाश की जा रही थी।

उपनिरीक्षक जितेंद्र कुमार अपनी टीम के साथ क्षेत्र में तलाश व रहे थे। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर 3 मई 2026 को दोपहर करीब 12.15 बजे अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन के सामने से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।

# दांव पर साख

आज पांच राज्यों की विधानसभा चुनावों का जनादेश सामने आ जायेगा। तमिलनाडु, केरलम, पुडुचेरी, असोम और बंगाल की जनता का जनादेश क्या है, यह ईवीएम खुलने के बाद पता चलेगा। लेकिन ईवीएम खुलने से पहले एग्जिट पोल के जरिए अनुमान लगाने का जो खेल चलता है, उसका भी इम्तिहान होना है। 2021 के विधानसभा चुनाव में पश्चिम बंगाल को लेकर अधिकांश एग्जिट पोल की भविष्यवाणी गलत साबित हुई थी। इसी तरह 2024 के लोकसभा चुनाव में भी सटीक अनुमान लगाने में एक्जिट पोल फेल हुए। अब एक बार फिर एक्जिट पोल करने वाली एजेंजियों की साख दांव पर है। एग्जिट पोल का पहला, महत्वपूर्ण, परिवर्तनकारी अनुमान यह है कि सात में से पांच पोल्स ने पं. बंगाल में भाजपा की जीत का अनुमान लगाया है। विभिन्न एग्जिट पोल्स का सार-रूप पोल यह है कि भाजपा को 166 और ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस को 121 सीटें मिल सकती हैं। बंगाल में 294 सदस्यों की विधानसभा है, लिहाजा सामान्य बहुमत का आंकड़ा 148 है। इस बार बंगाल में बंपर मतदान हुआ है। दोनों चरणों में कुल मतदान 92.84 फीसदी हुआ है। यह अभूतपूर्व और ऐतिहासिक मतदान है। कारण जो भी हो, लेकिन ऐसे मतदान के लिए मतदाता बधायी के पात्र हैं। ऐसे रिकॉर्डतोड़ मतदान का निष्कर्ष कुछ भी हो सकता है। उस निष्कर्ष के लिए 4 मई तक का इंतजार करना चाहिए था। वैसे भारत में एग्जिट पोल को वैज्ञानिक नहीं माना जाता, क्योंकि बंगाल में मतदान शाम 6 बजे के बाद भी जारी था, लेकिन एग्जिट पोल के आंकड़े अपरान्ह 3 बजे के आसपास ही टीवी चैनलों को भेज दिए गये। इस तरह मतदाताओं का रुझान कैसे आंका जा सकता है? पोल्स का साइज कितना बड़ा था, कितने मतदाताओं से बातचीत की गई, कितने समय बातचीत हुई, उनके




ब्यौरे सार्वजनिक नहीं किए जाते, नतीजतन एग्जिट पोल औंधे मुंह गिरते रहे हैं। भारतीय राजनीति के संदर्भ में अक्सर एग्जिट पोल अथवा सर्वेक्षण गलत साबित होते रहे हैं। मसलन-2004 में 'भारत उदय' के मुद्दे पर तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की एनडीए सरकार को बरकरार रहने का अनुमान लगभग सभी पोल्स में लगाए गये थे। लेकिन भाजपा 138 सीटों पर ही ठहर गई और 145 सीटों के साथ कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी के तौर पर उभरी। बाद में यूपीए के बैनर तले 'खिचड़ी सरकार' बनी। 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा-एनडीए को 415 सीटें जीतने की भविष्यवाणी की गई थी। भाजपा 240 सीटों पर और कुल एनडीए 293 सीटों पर ही ठहर गये। महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, हरियाणा आदि राज्यों के विधान सभा चुनावों में कांग्रेस और सहयोगी दलों की सरकारें बनने के अनुमान लगाए गये थे। लेकिन तीनों महत्वपूर्ण राज्यों में भाजपा सरकारें बनीं। ओडिशा में भी भाजपा सरकार बनी। महाराष्ट्र में शिवसेना और एनसीपी ( अजित पवार ) के साथ भाजपा के गठबंधन को नया नाम भी दिया गया-'महायुति।' एग्जिट पोल्स के गलत साबित होने के अनेक उदाहरण हैं, लेकिन हम फिर भी उन्हें न तो खारिज कर रहे हैं और न ही पूरी तरह स्वीकार करने की मनःस्थिति में हैं। बेशक असम में भाजपा, तमिलनाडु में द्रमुक गठबंधन, पुडुचेरी संघ शासित क्षेत्र में एनडीए और केरलम में कांग्रेस नेतृत्व के यूडीएफ के सत्ता में आने के आसार पर्याप्त थे, लिहाजा पोल्स के अनुमान भी उन्हीं लाइनों पर हैं। केरलम में बीते 10 साल से वामदलों के एलडीएफ की सरकार थी, लिहाजा अब जनादेश यूडीएफ के पक्ष में स्वाभाविक लग रहा है। हालांकि तमिलनाडु में 'एक्सिस माई इंडिया' ने सुपरस्टार विजय की नवजात पार्टी टीवीके को 98-120 सीटें दी हैं। यानी द्रमुक और अन्नाद्रमुक गठबंधन हार रहे हैं। यह बड़ा असामान्य अनुमान लगता है। तमिलनाडु में सामान्य बहुमत 118 सीट का है। यदि तमिल जनादेश यही रहा और बंगाल का जनमत भाजपायी रहा, तो ये चुनावी नतीजे किसी चमत्कार से कम नहीं होंगे। बंगाल चुनाव नतीजों पर पूरे देश की है, लेकिन अन्य राज्यों में भी दिलचस्पी कम नहीं है। इन नतीजों के साथ ही एग्जिट पोल के साख भी दांव पर लगे हुए हैं।

### विचार

बाद में उत्पन्न होने वाली इच्छाओं की पूर्ति करने की अपेक्षा अपनी पहली इच्छा का दमन कर देना ही सरल और श्रेयस्कर है।

-फ्रेंकलिन.

काम और क्रोध का मूल स्थान इन्द्रियां हैं। इन्हीं इन्द्रियों से कर्म प्रवृत्ति पैदा होती है। इसलिए सबसे पहले इन इन्द्रियों को ही वश में करना चाहिए।

-ज्ञानेश्वरी.

जब तक मनुष्य के मन में काम, क्रोध, अहंकार और लोभ की अल्प मात्रा भी शेष रहती है, तब तक पंडित और मूर्ख दोनों एक समान होते हैं।

-संत कबीर.

असफलता के विचार से सफलता का उत्पन्न होना उतना ही असंभव है जितना बबूल के पेड़ से गुलाब के फूल का निकलना।

-स्वेट मॉर्डेन.

ऐसी पुस्तक का प्रतिदिन अवश्य अध्ययन करें जो आपके आत्मिक, शारीरिक, सामाजिक अथवा आर्थिक उन्नति में सहायक हो।

-जैन धर्मग्रंथ.

# स्वास्थ्य सेवा को समावेशी बनाने की चुनौती



मनोज बाजपेयी




**विमर्श**

> आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत देश भर में 1.84 लाख से अधिक आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्थापित किए जा चुके हैं, जो लोगों को उनके घर के पास प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराते हैं।

हम आर्थिक प्रगति को लेकर सरकार के तमाम दावों, आंकड़ों और उपलब्धियों को प्रायः देखते-सुनते और समझते रहते हैं। लेकिन आर्थिक प्रगति को तभी संपूर्ण माना जाता है जब उसके प्रतिबिंब सामाजिक क्षेत्र पर भी दिखायी दें। मसलन विकास के साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, महिला अधिकारिता की दिशा में भी समाज आगे बढ़े। सामाजिक क्षेत्र में प्रगति का आधार स्वास्थ्य और शिक्षा है। अगर समाज में अशिक्षा है और आम जन को स्वास्थ्य सेवा का बेहतर लाभ नहीं मिल पा रहा है, तो ऐसी प्रगति किस काम की? इसलिए सरकार को स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक जन समावेशी बनाना होगा ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति तक बेहतर स्वास्थ्य सेवा आसानी से सुलभ हो सके। हाल के वर्षों में स्वास्थ्य और चिकित्सा क्षेत्र में खामोश क्रांति देखने को मिली है। उत्तर प्रदेश जैसे बड़े और पिछड़े राज्य के हरेक जिले में मेडिकल कालेज पहुंच गया है। केन्द्रीय कर्मचारियों, आर्मी, श्रमिक स्वास्थ्य सुरक्षा, स्वास्थ्य बीमा, राज्यों की स्वास्थ्य योजनाएं और केन्द्र प्रायोजित प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना जिसका लोकप्रिय नाम आयुष्मान भारत है, इन सबने मिलकर स्वास्थ्य सेवा का एक व्यापक इकोसिस्टम देश में विकसित किया है। लेकिन बढ़ती उम्र, बुजुर्गों की स्वास्थ्य देखभाल की बढ़ती चुनौतियों और नयी-नयी बीमारियों के बीच यह जरूरी है देश के हरेक नागरिक को सरकार की तरफ से इलाज की गारंटी मिले।

देश में स्वास्थ्य सेवाओं का स्वरूप बीते कुछ वर्षों में तेजी से बदला है। कभी इलाज का खर्च गरीब और निम्न मध्यम वर्ग के परिवारों को कर्ज और आर्थिक संकट में धकेल देता था, लेकिन अब सरकारी योजनाओं ने इस बोझ को काफी हद तक कम करने का प्रयास किया है। हर वर्ष 30 अप्रैल को मनाया जाने वाला आयुष्मान भारत दिवस इसी बदलाव का प्रतीक है, जो देश में स्वास्थ्य सुरक्षा के नए दौर को दर्शाता है। आयुष्मान भारत योजना की शुरूआत 23 सितंबर 2018 को हुई थी। इसका उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को मुफ्त और गुणवत्तापूर्ण इलाज उपलब्ध कराना है। इस योजना के तहत पात्र परिवारों को प्रति वर्ष 5 लाख रुपये तक का कैशलेस और पेपरलेस इलाज दिया जाता है। इसकी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें परिवार के आकार, आयु या लिंग की कोई सीमा नहीं है, जिससे यह योजना अधिक समावेशी बनती है। आज यह दुनिया की सबसे बड़ी सार्वजनिक स्वास्थ्य बीमा योजना मानी जाती है और देश की लगभग 40 प्रतिशत आबादी को कवर करने का लक्ष्य रखती है। यदि इसके प्रभाव को आंकड़ों में समझें, तो तस्वीर और स्पष्ट हो जाती है। मार्च 2026 तक 43.52 करोड़ से अधिक आयुष्मान कार्ड जारी किए जा चुके थे। वर्ष 2024-25 में ही इस योजना के माध्यम से लगभग 1.25 लाख करोड़ रुपये के इलाज खर्च से लोगों को राहत मिली है।

भारत सरकार ने 2026 में 15 जनवरी से 15 अप्रैल तक विशेष अभियान चलाकर छूटे हुए पात्र लाभार्थियों तक योजना का लाभ पहुंचाने का प्रयास किया गया। इस दौरान 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को 'वय वंदना कार्ड' के माध्यम से शामिल करना एक महत्वपूर्ण पहल रही है। भारत में स्वास्थ्य सुरक्षा को मजबूत करने में राज्यों की योजनाओं की भी अहम भूमिका रही है। विभिन्न राज्यों ने अपनी परिस्थितियों के अनुसार मुफ्त या कैशलेस इलाज की योजनाएं शुरू की हैं, जो आयुष्मान भारत के साथ मिलकर एक व्यापक सुरक्षा कवच तैयार करती हैं। राजस्थान में मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत पात्र परिवारों को 25 लाख रुपये तक का इलाज मिलता है, जबकि पश्चिम बंगाल की स्वास्थ्य साथी योजना कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करती है। ओडिशा की गोपबंधु जन आरोग्य योजना में महिलाओं के लिए 10 लाख रुपये तक का कवर है। तमिलनाडु की मुख्यमंत्री व्यापक स्वास्थ्य बीमा योजना 5 लाख रुपए तक का इलाज सुनिश्चित करती है। हिमाचल प्रदेश की (हिमकेयर) मुख्यमंत्री हिमाचल स्वास्थ्य देखभाल योजना और केरल की करुण्य आरोग्य सुरक्षा पद्धति भी गरीब और जरूरतमंद वर्गों को बड़ी राहत देती हैं। महाराष्ट्र में महात्मा ज्योतिबा फुले जन आरोग्य योजना और दिल्ली में दिल्ली आरोग्य कोष भी इस दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। कई राज्यों में इन योजनाओं को आयुष्मान भारत के साथ जोड़कर 5 से 10 लाख रुपये तक का संयुक्त कवर दिया जा रहा है। इसी तरह पंजाब में 'मुख्यमंत्री सेहत बीमा योजना' है। यह योजना राज्य के निवासियों को प्रति परिवार सालाना 10 लाख तक का मुफ्त, कैशलेस इलाज प्रदान करती है, जो 900 से अधिक सूचीबद्ध सरकारी और निजी अस्पतालों में उपलब्ध है। इन योजनाओं का उद्देश्य राज्य के निवासियों को महंगे इलाज के वित्तीय बोझ से बचाना है।

आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत देशभर में 1.84 लाख से अधिक आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्थापित किए जा चुके हैं, जो लोगों को उनके घर के पास प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराते हैं। इससे छोटी बीमारियों का समय पर इलाज संभव हो पाता है और गंभीर बीमारियों का खतरा कम होता है। डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं में भी उल्लेखनीय प्रगति हुई है। आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत 863 मिलियन से अधिक डिजिटल हेल्थ आईडी ( आभा ) बनाई जा चुकी हैं। इसके अलावा 2025 के अंत तक 426 मिलियन से अधिक टेली-परामर्श सेवाएं दी जा चुकी हैं। इससे दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को भी विशेषज्ञ डॉक्टरों की सलाह आसानी से मिल रही है। स्वास्थ्य अवसंरचना को मजबूत करने के लिए सरकार ने प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन के तहत लगभग 32928 करोड़ रुपये का निवेश किया है। इसके सकारात्मक परिणाम भी सामने आए हैं। मातृ मृत्यु दर में 83 प्रतिशत और पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों की मृत्यु दर में 75 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। कोविड-19 महामारी के दौरान 2.2 अरब से अधिक टीके लगाए गये, जबकि खसरा-रूबेला टीकाकरण में लगभग 98 प्रतिशत कवरेज हासिल किया गया। वर्ष 2026 में शुरू हुआ एचपीवी टीकाकरण अभियान भी महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। दवाओं की लागत कम करने में प्रधानमंत्री जनऔषधि योजना ने भी अहम भूमिका निभाई है। इसके तहत दवाएं 50 से 90 प्रतिशत तक सस्ती उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे पिछले दशक में लगभग 30000 करोड़ रुपये की बचत हुई है। इसी कारण भारत को विश्व की फार्मेसी भी कहा जाता है, क्योंकि वह वैश्विक स्तर पर 20 प्रतिशत जेनेरिक दवाओं और 55-60 प्रतिशत टीकों की आपूर्ति करता है। समग्र रूप से देखें तो आयुष्मान भारत योजना भारत के स्वास्थ्य क्षेत्र में एक बड़ा संरचनात्मक बदलाव लेकर आई है। लेकिन इस योजना कई ऐसे प्रावधान हैं जिसके कारण बड़ी संख्या में गरीबों और जरूरतमंदों को इसका लाभ नहीं मिल पाता है। इसलिए आयुष्मान कार्ड योजना में भ्रष्टाचार को खत्म कर इसे सार्वभौमिक बनाना चाहिए। कम से कम सरकारी और सूचीबद्ध चिकित्सा संस्थानों से इलाज कराने में सभी तरह के अड़चनों को खत्म करना चाहिए।

**(लेखक कार्यकारी संपादक हैं)**

### सोशल मीडिया

भारतीय समाजवाद की धारा को गति देने वाले मधु लिमये राजनीति के उन बिरले ऋषियों में थे जिन्होंने विलक्षण बुद्धि और गहरी वैचारिकता को जनजीवन के संघर्ष से जोड़ा। योगेन्द्र यादव.



जिस प्रकार हिंसामुक्त शांतिपूर्ण चुनाव के बाद टीएमसी ने अनर्गल आरोपों को मुद्दा बना कर सर्वोच्च न्यायालय जाने का प्रयास किया। यह बौखलाहट का प्रमाण है। सुधांशु त्रिवेदी.



भाजपा ने परिसीमन के नाम पर षड़यंत्र का जाल बिछाकर पहले महिला आरक्षण को आने से रोका, महिला आरक्षण को अब सशक्तीकरण का नाम देकर टाल रहे हैं। अखिलेश यादव.



# भीमबेटका में दर्ज है मानव का सामाजिक इतिहास



**पर्यटन/विरासत**

भोपाल से लगभग 45 किमी दूर जब मैं होशंगाबाद ( नर्मदापुरम ) की ओर नेशनल हाईवे 69 पर निकला, तो मुझे दाहिनी तरफ मुड़ता हुआ एक अनदेखा सा रास्ता दिखायी दिया। मैंने इस अनजान रास्ते पर अपनी कार मोड़ दी। अगर मैं ऐसा न करता तो शायद इतिहास का एक महत्वपूर्ण अध्याय मेरी आंखों से ओझल ही रहता। मैं मध्य प्रदेश के ऐतिहासिक स्थल, जहां लोग पिकनिक मनाने भी जाते हैं, भीमबेटका की गुफाओं को न देख पाता। खैर, एक छोटी सी रेलवे क्रासिंग को पार करके मैं एक सूखे व पथरीले क्षेत्र में पहुंचा, जिसे देखकर मुझे तंजानिया ओल्डूवाई गार्ज याद आ गया। यूनेस्को वर्ल्ड हेरिटेज साइट भीमबेटका को देखकर एहसास होता है कि तकरीबन 90 हजार साल पहले घने जंगलों, झीलों व दलदल के बीच हमारा इतिहास समृद्ध था। यहां हाथी से लेकर बाघ तक सभी प्रकार के जानवर रहते थे। इन खतरनाक जंगली जानवरों की मौजूदगी में मानवों को सुरक्षा की आवश्यकता थी और भीमबेटका की गुफाओं ने उन्हें शरण दी, साथ ही चट्टानों पर चढ़कर वे पशुओं के आने जाने पर भी नजर रखते थे। ज्ञात रहे कि भीमबेटका की गुफाओं की खोज 1957-58 में हुई थी।

भीमबेटका में रहने वाले आदि मानवों को अक्सर गुफा मानव कहा जाता है, लेकिन इन गुफाओं की दीवारों पर बनी प्राचीन चित्रकला कुछ और ही कहानी कहती हुई प्रतीत होती है। गुफाएं छोटी, संकरी व सीमित हैं, इसलिए अनुमान यह है कि मानव पूरी तरह से गुफाओं में नहीं रहते थे बल्कि प्राकृतिक छज्जों व चट्टानों के बीच बनी गलियों को अपना आशियाना बनाते थे। भीमबेटका में तकरीबन 750 गुफाएं हैं, जिनमें से लगभग 500 की दीवारों पर ही चित्रकला है, जिसे प्राचीन रॉक कला भी कहते हैं। ये जिस प्राचीन दौर के चित्र हैं, उसमें मानव का जीवन शिकार, नाच, खेल आदि के इर्दगिर्द ही घूमता था। यह चित्रकला उसी दौर की तस्वीर है बल्कि यूं कहना अधिक सही होगा कि मानव के सामाजिक जीवन का इतिहास पत्थरों पर दर्ज कर दिया गया है। इन गुफाओं को आप उस दौर की डायरी भी कह सकते हैं। मैंने जब एक गुफा में प्रवेश किया तो सूरज अपने चरम पर था और उसकी किरणें एकदम सही कोण पर पड़ रही थीं, जिससे चित्र जीवंत हो उठे थे और मैंने देखा कि लोग जानवरों का शिकार कर रहे हैं, अपनी सफलता पर मस्ती में नाच रहे हैं... उनकी रोजमर्रा की जिंदगी एकदम साफ दिखायी दे रही थी। मुझे लगा कि मैं उस युग में पहुंच गया हूं और सब कुछ अपनी आंखों के सामने घटित होता हुआ देख रहा हूं बल्कि उनके जीवन का हिस्सा बन गया हूं। पहली गुफा के प्रवेश द्वार पर हाथियों के दिलकश चित्र बने हुए हैं। हाथियों के पास ही शुतुरमुर्ग जैसे पंखों वाली आकृति भी है। क्या यह कोई उस दौर का जानवर है या पशु के भेष में नाचता हुआ कोई शिकारी? मुझे क्या, किसी को भी अभी तक इस प्रश्न का उत्तर नहीं मिला है। यह इतिहास की पहेली है, जिसके रहस्य का पदार्फाश होना अभी शेष है।

आठवीं गुफा के बाहर एक विशाल पक्षी का चित्र है। यह स्थानीय लोगों के अनुसार जू केव या जू गुफा है क्योंकि इसकी दीवारों पर जो चित्र बने हैं, उनके माध्यम से जानवरों व शिकारियों की कहानियां सुनाने की कोशिश की गई है। यह चित्र बताते हैं कि बाइसन, हिरण आदि जानवरों का शिकार उन्हें खाई या दलदल में गिराकर किया जाता था। एक चित्र में एक व्यक्ति ढाल व बूमरैंग जैसे हथियार लेकर खड़ा हुआ है। इस किस्म के हथियार उस दौर में ऑस्ट्रिक लोग प्रयोग किया करते थे, जो हिमयुग में ऑस्ट्रेलिया तक फैले हुए थे। इतिहासकारों का मानना है कि यह हथियार ऑस्ट्रेलिया तक पहुंचे और अबोरिजिन (आदिवासियों) ने इन्हें अपनाया। भीमबेटका के चित्रों को देखकर लगता है कि हमारे पूर्वज शुरू में पैदल चलते थे, शिकार करते थे और फिर आहिस्ता आहिस्ता उन्होंने हाथी व घोड़ों को पालतू बनाया व उन पर सवारी भी करने लगे। सातवीं गुफा में दो घुड़सवार शिकारी भाला लेकर शिकार करने के लिए निकले हुए दिखाये गये हैं। नवीं गुफा के बाहर सुंदर सफेद घोड़े व बड़े हाथी के चित्र हैं, जो अपने मालिक के साथ नजर आ रहे हैं। एक चित्र में हिरण पर सैडल बंधा है, जैसा कि आज भी लैपलैंड में लोग अपने रेनिडीयर के बांधते हैं। इन चित्रों में मानव सभ्यता व नवाचार की कहानियां हैं। चित्रों में लाल, सफेद, हरा व गेरुआ रंग इस्तेमाल किया गया है।

**समीर चौधरी.**

# व्यक्ति की मनोवृत्तियां

**अंतर्दृष्टि**

कई बार हमारी आदतें, हमारी प्रवृत्तियां जिसे हम खराब भाषा में लत भी कह सकते हैं, अगर उनका रचनात्मक उपयोग किया जाये, उनके पीछे भागने के बजाय उनका सदुपयोग कर सृजन में उपयोग किया जाये, तो वह दरअसल हमारी ताकत भी बन जाती हैं। हानिकारक आवेशों से मुक्त रहकर यदि मनोवृत्तियों का उपयोग किया जाये तो वे हानि पहुंचाने की बजाय हितकर ही सिद्ध होंगी। सर्वथा संसार त्यागियों की तो बात छोड़ दीजिए पर अधिकांश मनुष्यों को जो संसार में रहते हैं और जिनको भली बुरी सभी परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। सभी मनोवृत्तियों से काम लेना आवश्यक होता है। इसलिए हमारा कर्तव्य यही है कि अपनी मनोवृत्तियों और इन्द्रियों को ऐसी ही सधी हुई अवस्था में रखें। मनुष्य की जो मनोवृत्तियां जन्म से ही दी गयी हैं, वे सब उपयोगी एवं महत्वपूर्ण हैं। यदि उनको ठीक प्रकार से प्रयोग में लाया जाये तो प्रत्येक व्यक्ति अत्यंत सुख-शांतिपूर्वक जीवन व्यतीत कर सकता है। हम देखते हैं कि दुर्भाग्यवश लोग उनका सदुपयोग करना नहीं जानते और उन्हें बुरे मार्ग से खर्च करके अपने लिए तथा दूसरों के लिए दुखों की सृष्टि करते हैं। हम देखते हैं कि कई मनोवृत्तियों की संसार में निन्दा होती है। कहा जाता है कि यह बातें पाप और दुख की जड़ है। काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार आदि को जी भर कर कोसा जाता है और कहा जाता है कि इन्हीं के कारण संसार में अनर्थ हो रहे हैं। इस प्रकार का कथन किस हद तक सही हैं इसका विचारवान पाठक स्वयं निर्णय कर सकते हैं। यदि काम बुरी वस्तु है, त्याज्य है, पापमूलक है तो उसका उपयोग न तो सत्पुरुषों को ग्राह्य हो सकता था और न बुरी बात का अच्छा परिणाम निकल सकता था। परन्तु इतिहास दूसरी ही बात सिद्ध करता है। ब्रह्मा, विष्णु, महेश, विवाहित जीवन व्यतीत करते हैं। व्यास, अत्रि, गौतम, वशिष्ठ, विश्वामित्र, याज्ञवल्क्य, भारद्वाज, च्यवन आदि प्रायः सभी प्रधान ऋषि सपत्नीक रहते थे और संतानोत्पादन करते थे। दुनिया में असंख्य पैगम्बर, ऋषि, अवतार महात्मा, तपस्वी, विद्वान, महापुरुष हुए हैं, यह सब किसी न किसी माता पिता के संयोग से ही उत्पन्न हुए थे। यदि काम सेवन बुरी बात है तो उसके द्वारा उत्पन्न हुए बालक भी बुरे ही होने चाहिए। बुरे से अच्छे की सृष्टि कैसे हो सकती है? कालोंच से सफेदी कैसे निकल सकती है? इन बातों पर विचार करने से स्पष्ट हो जाता है कि काम स्वयं कोई बुरी वस्तु नहीं है। परमात्मा ने अपनी सर्वश्रेष्ठ कृति मनुष्य में कोई बुरी बात नहीं रखी, काम भी बुरी बात नहीं है। बुरा केवल काम का दुरुपयोग है। दुरुपयोग करने से तो अमृत भी विष बन सकता है।

# तालाब की सियासत में मोलभाव

**व्यंग्यलोक**

सभी मेंढ़कों ने कहा कि हमें तोला जाए। हम तुलने के लिए तैयार हैं। हम गुट-गुट के होकर गुट-गुटा रहे हैं। तालाब की कीचड़-काची में हमारा भी कोई मोल बोला जाए। तालाब की सियासत में मोल-भाव का रंग घोला जाए। शीघ्र ही अपने-अपने स्वार्थ की अपने-अपने ढंग की तरह जुलाई गई। कुर्सी मोल के बोल, सियासी तालाब के पट खोल। मेंढ़कों ने तरह-तरह के सुर में टरार्ना शुरू किया। सांपों ने मीडिया में अपने बयान जारी करने शुरू कर दिए। केकड़ों ने अलग से अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस शुरू की। कुछ सांपों और केकड़ों ने भी तराजू की मांग की। इधर कुछ मछलियां विजयी मुद्रा में अपने मास्क हटाने लगी। सरकारी तालाब का कीचड़ देखते ही देखते रिसोर्टों होटलों से होते हुए तमाम मीडिया तक पसर गया। अपने-अपने गुटों के अपने-अपने चैनल खरखराने लगे। अपने-अपने तराजू, अपने-अपने तोलक। मेंढ़कों को तराजू में तोलना, मेंढ़कों का बोलना। यह सब जगजाहिर है! मेंढ़कों के तोलने में अलादीन के चिराग ने धुआं बन फिर से चिराग में घुसने की होशियारी दिखाई थी। दो बिल्लियों की लड़ाई में तौलक महाराज बंदर का किस्सा सुनकर हातिमताई ने हुस्नबानों से तलाक ले लिया था। इसी तुलाई कार्यक्रम के कारण सिंदबाद जहाजी ने अपनी यात्रा को त्यागपत्र दे दिया था। इस पलड़े से उस पलड़े, इस रिसोर्ट से उस होटल! फुदकते रहे मेंढ़क! टरार्ने का मामला भी जगजाहिर है! वे ट्विटर पर इतने टरार्ये कि ट्विटर खुद ही बहरा हो गया। मेंढ़क इतराते, मुस्कुराते बड़ी अदा से अपनी बोलियां लगवा रहे हैं। जहां राजा महाराजा भी बिकने को उतावले हो जाते हैं, वहां एक छोटे से मेंढ़क की क्या बिसात! मेंढ़क तुल रहे हैं। टर्रा रहे हैं। इस तालाब से उस तालाब तक। सियासी तालाब के कीचड़ में छप-छपा रहे हैं। छप-छप छई।



रामविलास जॉगिड़

मेंढ़कों के बीच मार माथा-फोड़ी चल रही है। एक गैंग ने दूसरे गैंगीय मेंढ़कों के पीछे खड़े होकर तीसरे मेंढ़क गैंग को ललकारा। यहां चौथा गैंग सरकारी तालाब में असरकारी ढंग से कुलांचे मार रहा है। इसी समय मेंढ़कों का 10 वां गैंग दूसरे से तीसरे गैंग में फुदकने लगा। तत्काल ही गैंग दल-दल में बदल गया। कुल मिलाकर परिणाम यह हुआ कि सरकारी तालाब का पानी दल-दल हो लिया। यहां चमचों का रूप धारण करके कई केकड़े दल-दल में जगह बनाने लगे। कई बार ऐसा हुआ कि मेंढ़कों की ऑडियोवाणी के साथ केकड़े भी लग गए। कुछ केकड़ों ने अपना वीडियो पाठ भी शुरू कर दिया। बड़े दलाल सांपों ने छोटे चमचा सांपों को अपने साथ लेते हुए इस कीचड़ में अपने फन फैलाने शुरू कर दिए। राजनीति कीचड़ में सरसराने लगी।

### आप की बात

## ईवी का उपयोग बढ़ायें

सभ्यता के प्रारम्भ से आधुनिक और स्मार्ट दौर तक हर चीज में बदलाव आया है। परिवर्तन समाज का नियम है। जो इसे समझने में देर करता है वह पिछड़ जाता है। आयात पर अत्यधिक निर्भरता को घटाने, प्रदूषण फैलाने वाले जीवाश्म ईंधन के स्थान पर स्वच्छ ईंधन की तरफ बढ़ने और ऊर्जा आत्म निर्भरता को मजबूत करने के लिए पिछले कुछ सालों में सरकार ने कई पहल की है। दस हजार सीएनजी स्टेशन खोलने और 400 जिलों में खाना बनाने के लिए पाइप से गैस की आपूर्ति की महत्वाकांक्षी परियोजना की शुरुआत की गयी है। ऊर्जा आज समाज की एक ऐसी जरूरत है जिसके बिना किसी भी व्यक्ति का एक मिनट भी गुजारा संभव नहीं है। ऊर्जा की इस अपरिहार्यता के मद्देनजर ही आज पूरी दुनिया ऊर्जा के नये-नये विकल्पों की तलाश में है। राष्ट्रों की डिप्लोमेसी ऊर्जा हितों के संरक्षण के आसपास घूमती है। ऑयल मोनोपोली को खत्म करने के लिए अमरीका ने शेल गैस का प्रभावी एवं स्वच्छ विकल्प विकसित किया है तो जापान सोलर एनर्जी में बहुत आगे बढ़ चुका है। अब परमाणु ऊर्जा या कोयले से चलने वाले प्रदूषणकारी थर्मल पॉवर की उतनी चर्चा नहीं हो रही जितनी की सोलर एनर्जी, ग्रीन गैस और बायो फ्यूल पर फोकस किया जा रहा है। भारत विशाल आबादी वाला देश है और यहां की ऊर्जा जरूरतें भी बहुत ही संवेदनशील हैं। इसलिए भारत के लिए यह बेहतर विकल्प होगा कि अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए एक तो आयात से निर्भरता कम करे और दूसरे स्वच्छ ईंधन की तरफ आगे बढ़े। स्वच्छ एवं वैकल्पिक परिवहन ईंधन की दिशा में देश तेजी से आगे बढ़ भी रहा है। शहरों में डीजल एवं पेट्रोल के वाहनों पर नियंत्रण के लिए तमाम पाबंदियां लगायी जा रही हैं। सीएनजी से चलने वाले वाहनों को बढ़ावा देने के लिए ही दस हजार सीएनजी स्टेशन खोलने पर काम चल रहा है।

**राहुल विश्वकर्मा, लखनऊ.**

## रोजगार को आसान बनायें

अधिक से अधिक रोजगार सृजन देश की जरूरत है। प्रदेश में विकास और रोजगार सृजन का वातावरण बनाने के लिए सरकार प्रयास कर रही है। उत्तर प्रदेश में रोजगार की राह दिनोंदिन कठिन होती जा रही है। सरकारी नौकरियों में युवाओं के चयन में जिस तरह का भ्रष्टाचार, पक्षपात दशकों से व्याप्त है, उसको खत्म करना सरकार के लिए सिरदर्द बन गया है। प्रदेश सरकार ने पूर्व की कई भर्तियों में धांधली प्रकाश में आने पर चयन निरस्त कर दिया है। लोक सेवा आयोग तक की भर्तियों की सीबीआई जांच चल रही है, क्योंकि आरोप है कि पूर्व में लोक सेवा आयोग के माध्यम से सरकारी सेवकों के चयन में धांधली की गयी और मनमाने तरीके से नौकरियां बांटी गयीं। लंबे समय तक सरकारी नौकरियों के चयन में हुआ भ्रष्टाचार और भाई भतीजावाद खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। प्रदेश सरकार ने नौकरियों में घूसखोरी पर काफी हद तक अंकुश लगाने का काम किया है, लेकिन जो दलाल इस धंधे से जुड़े थे, कहीं न कहीं वे आज भी परीक्षाओं की पवित्रता भंग देते हैं, इस कारण भर्तियां कठिन हो गयी हैं। पिछले साल पुलिस भर्ती परीक्षा में पेपर लीक, नकल और फर्जी परीक्षार्थियों के सहारे परीक्षा की निष्पक्षता को तार-तार करने की कोशिशें हुईं। इनमें जो लोग पकड़े गये हैं उनमें प्रिंसिपल, पुलिस से लेकर बिहार तक के सक्रिय गिरोह का नाम सामने आया। इसी तरह शिक्षक भर्ती परीक्षा में कटऑफ, कॉपी बदलने, वाइटनर से उत्तर बदलने जैसे आरोपों के बाद यह परीक्षा विवादित हो गयी और आज तक न्यायालय से विवाद नहीं सुलझ सका। पिछले साल एलटी ग्रेड शिक्षकों की भर्ती में पेपर आउट कराने के मामले में परीक्षा नियंत्रक और पेपर छापने वाले प्रकाशक गिरफ्तारी हुई है। इसी तरह लोवर सबार्डिनेट की 700 पदों की भर्तियां भी पेपर लीक होने के कारण निरस्त कर दी गयीं। सपा सरकार की भर्तियों में तमाम आरोप लगे। यह चिंताजनक है।

**मनीष कुमार सिंह, लखनऊ.**

संक्षेप

## ऑनलाइन ठगी के शिकार युवक को पुलिस ने दिलाए 20 हजार रूपये

**ललितपुर।** साइबर अपराध के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना नाराहट पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। ऑनलाइन धोखाधड़ी का शिकार हुए युवक की पूरी रकम वापस कराकर पुलिस ने सराहनीय कार्य किया है। एसपी मो. मुश्ताक के निर्देशन में साइबर अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना नाराहट पुलिस ने पीड़ित को 20 हजार रुपए की ठगी गई धनराशि वापस कराई। ग्राम झरावटा निवासी अशोक पुत्र खिलान के मोबाइल को साइबर अपराधियों ने हैक कर उसके फोन-पे खाते से 20 हजार रुपए की वित्तीय धोखाधड़ी कर ली थी। घटना के बाद पीड़ित ने एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत प्राप्त होने पर थाना नाराहट पुलिस ने बैंक स्टेटमेंट और अन्य दस्तावेजों का तकनीकी विश्लेषण करते हुए संबंधित बैंक, वित्तीय एजेंसियों और वॉलेट कंपनियों से संपर्क किया। त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने धनराशि होल्ड कराकर नियमानुसार पीड़ित के खाते में पूरी रकम वापस कराने में सफलता हासिल की। रुपये वापस दिलाने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष दयाशंकर सिंह, उ.नि. दिलीप कुमार व कां.अजय कुमार शामिल रहे।

## मारपीट पर मुकदमा दर्ज

**बांदा।** अतर्रा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम गुमाई में पारिवारिक विवाद के चलते मारपीट हो गई है। पीड़ित ने अपने ही भतीजे पर हमला करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

गुमाई निवासी मनीराम पुत्र कैरा ने थाना अतर्रा में दी तहरीर में बताया कि 2 मई को सुबह करीब 10 बजे पुरानी रंजिश को लेकर उसका भतीजा अरविंद पुत्र दिलबहार उसे गाली देने लगा। जब मनीराम ने विरोध किया, तो अरविंद ने लात-घूंसे और किसी वस्तु से हमला कर दिया, जिससे उसका सिर फट गया और काफी खून निकल आया। पीड़ित का आरोप है कि आरोपी ने उसे धमकी दी कि यदि वह थाने गया तो उसे जान से मार देगा। घटना के बाद पीड़ित ने थाना अतर्रा में तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में थानाध्यक्ष अतर्रा संजीव कुमार चैबे ने मुकदमा पंजीकृत करने के निर्देश दिए हैं।

## गुमशुदा युवती बरामद

**महोबा।** पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के कुशल निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी अरुण कुमार सिंह के नेतृत्व में गुमशुदा व्यक्तियों की बरामदगी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोतवाली नगर पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। गुमशुदगी नंबर 83/25 से संबंधित गुमशुदा नेहा पुत्री उदित नारायण कोरी उम्र लगभग 21 वर्ष निवासी ग्राम पचपहरा थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा को सकुशल बरामद किया गया। बरामदगी के उपरांत गुमशुदा के पिता उदित नारायण कोरी को सूचना दी गई, जिस पर वह थाना कोतवाली नगर आए। तत्पश्चात मिशन शक्ति केन्द्र की पहल के तहत गुमशुदा नेहा की काउंसलिंग कर उसका बयान अंकित किया गया। काउंसलिंग के दौरान नेहा द्वारा बताया गया कि उसने अपनी इच्छा से शिवनारायण पुत्र देवीदीन यादव उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम पचपहरा थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा के साथ विवाह कर लिया है। उसने अपने पति के साथ ही रहने की इच्छा व्यक्त की। गुमशुदा नेहा को उसकी इच्छानुसार उसके पति शिवनारायण के साथ सकुशल एवं सम्मानपूर्वक भेजा गया।

## पेड़ से लटका मिला युवक का शव

मिल्कीपुर-अयोध्या। कुमारगंज थाना क्षेत्र के धनैचा मजरे मेलथुवा गांव निवासी 20 वर्षीय मंजीत पुत्र बब्लू का शव रविवार को संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटका मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। यह घटना चिरंजीव मिश्र का पुरवा के पास की बताई जा रही है, जहां दोपहर करीब 3.00 बजे ग्रामीणों ने युवक का शव गमछे के सहारे पेड़ से लटकता हुआ देखा। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों ने तुरंत कुमारगंज पुलिस को अवगत कराया।

मौके पर पहुंचे हल्का दरोगा अकिल हुसैन ने शव को नीचे उतरवाकर उसकी शिनाख्त कराई। पहचान धनैचा गांव निवासी मंजीत के रूप में हुई। स्थानीय लोगों के अनुसार, मंजीत रविवार दोपहर घर पर खाना खाने के बाद कहीं चला गया था। काफी देर तक जब वह वापस नहीं लौटा, तो परिजन उसकी तलाश में जुट गए।

# पुलिस और आबकारी विभाग ने चलाया संयुक्त अभियान

जिला संवाददाता



**ललितपुर।** जनपद में अवैध शराब कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना जखौरा पुलिस और आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 90 हजार रुपये मूल्य की अवैध शराब बरामद कर पिता-पुत्र को गिरफ्तार किया है।

पुलिस की इस कार्रवाई से अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मच गया। एसपी मो.मुश्ताक के निर्देशन तथा एएसपी कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी सदर सुनील कुमार भारद्वाज के संयुक्त निकट पर्यवेक्षण में चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान थाना जखौरा पुलिस और आबकारी विभाग की टीम ने ग्राम सतगता में संयुक्त छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान मौके से भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी व देशी शराब बरामद की गई।

- 90 हजार रुपये कीमत की अवैध शराब सहित पिता-पुत्र गिरफ्तार
- अवैध तरीके से दुकान चलाकर बेचते थे शराब

पुलिस ने मौके से ग्राम सतगता निवासी सुरेश यादव पुत्र जगत सिंह यादव (52 वर्ष) एवं उसके पुत्र राजीव यादव पुत्र सुरेश यादव को गिरफ्तार किया। बरामद शराब में हावर्ड-5000 बीयर के 455 कैन, रॉयल स्टैग के 25 क्वार्टर, मैकडॉवेल के 39 क्वार्टर, इम्पीरियल ब्लू के 20 पव्वे व अद्धे, 8 पीएम के 7 अद्धे तथा बंटी-बबली टेट्रा पैक के 27 पैक शामिल हैं। बरामद शराब की कुल अनुमानित कीमत करीब 90 हजार रुपये बताई जा रही है।

पुलिस ने दोनों आरोपियों को 2 मई 2026 को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध संबंधित धाराओं में आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# एलयूसीसी चिटफण्ड घोटाले का वांछित आरोपी गिरफ्तार

ललितपुर। थाना तालबेहट पुलिस ने एलयूसीसी नामक चिटफंड कंपनी बनाकर लोगों से करोड़ों रुपये निवेश कराने और फर्जी दस्तावेजों के जरिए धोखाधड़ी करने वाले एक वांछित आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ ललितपुर समेत कई थानों में पहले से धोखाधड़ी, जालसाजी और गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमे दर्ज हैं।

- करोड़ों की धोखाधड़ी का खुलासा

पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन, एएसपी कालू सिंह एवं सीओ तालबेहट आशीष मिश्र के निकट पर्यवेक्षण में थाना तालबेहट पुलिस ने मु.अ.सं. 06/2026 में कार्रवाई करते हुए आरोपी जिला जालौन के कोतवाली क्षेत्रांतर्गत चैधराना निवासी जितेन्द्र सिंह निरंजन पुत्र रतन सिंह निरंजन को गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ धारा 111, 318(4), 61(2), 338, 352, 351(3), 336(3), 340(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज है। पुलिस के अनुसार शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि एलयूसीसी नाम की चिटफंड कंपनी के जरिए लोगों को धन दोगुना होने का लालच देकर निवेश कराया गया। बाद में रकम वापस मांगने पर गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी दी जाती थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा विशेष टीम गठित कर सर्विलांस और वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वर्ष 2016 में वह कंपनी से जुड़ा और बाद में चेयरमैन बना। कंपनी के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर महंगे होटलों में सेमिनार आयोजित किए जाते थे, लोगों को विदेश यात्रा और रातों-रात अमीर बनने का सपना दिखाकर निवेश कराया जाता था। निवेशकों को भरोसा दिलाने के लिए फर्जी एफडी और आरडी के दस्तावेज दिए जाते थे। आरोपी ने स्वीकार किया कि इस नेटवर्क के जरिए ललितपुर, झांसी, जालौन, टीकमगढ़, सागर, अशोकनगर, विदिशा सहित कई जिलों और राज्यों में करोड़ों रुपये का निवेश कराया गया। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार आरोपी जितेन्द्र सिंह निरंजन के खिलाफ ललितपुर जनपद के कोतवाली, महरौनी और नाराहट थानों में धोखाधड़ी, जालसाजी और गैंगस्टर एक्ट समेत 9 आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। इस कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक मनोज मिश्रा, उपनिरीक्षक बलराम शर्मा, उपनिरीक्षक रमेश सिंह, हेड कांस्टेबल उमाशंकर तिवारी और कांस्टेबल सोनू उपस्थित रहे।

# संदिग्ध परिस्थितिं में युवक का लटका मिला शव, जांच में जुटी पुलिस

**बांदा।** संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का शव पेड़ से लटका मिला। मौके पर निकल रहे लोगो ने मृतक का पेड़ से लटकता शव देख परिजनो को सूचित किया। अचानक मौत की खबर पाकर परिजनो में कोहराम मच गया।

कोतवाली क्षेत्र स्थित गुढ़ा कला गांव के मजरा किंधौली निवासी 38 वर्षीय चुनबाद यादव पुत्र जागेश्वर यादव का शव कल्लापुरवा स्थित खेत में मौजूद श्यामल के पेड़ में साफी के फंदे में लटकता मिला। मौके से निकल रहे ग्रामीणों ने मृतक की सूचना परिजनो को दी। सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई। कोतवाली पुलिस और फोरेंसिक टीमों ने घटना की जांच पड़ताल की। घटना को लेकर मृतक के परिवारीजनों ने हत्या कर शव को पेड़ में लटकाए जाने की बात कही। बताया कि शनिवार की शाम चुनबाद घर से कुछ साथियों के साथ पार्टी की बात कह घर से चला गया था। लेकिन रात वह घर नहीं लौटा। सुबह घटना क्रम की जानकारी हुई। पिता जागेश्वर ने हत्या की आशंका जताई। मृतक के शव को पेड़ से नीचे उतार उसका पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कालेज भेज दिया गया। घटना के बारे में कोतवाली निरीक्षक संदीप तिवारी ने बताया कि सभी बिंदुओं पर घटना की जांच पड़ताल की जा रही है। पोस्टमार्टम के बाद ही सच्चाई का पता चलेगा।

# सुदामा चरित्र की कथा सुनकर श्रोता भावविभोर



**बांदा।** शहर के कालूकुआं बैंक आफ बड़ौदा के पास आयोजित श्रीमदभागवत कथा में भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता की कथा सुनाई गई। कथावाचक यज्ञेश मिश्रा ने सुदामा की निस्वार्थ भक्ति और श्रीकृष्ण के उनके प्रति अगाध प्रेम का वर्णन किया। इससे श्रोताओं के दिलों में भक्ति और प्रेम की भावना जागृत हुई।

भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा के मिलन का प्रसंग सुनाया। जिसमें श्रीकृष्ण ने अपने मित्र सुदामा को गले लगाया और उनकी दीन दशा देखकर आंखों में आंसू आ गए। इस कथा ने श्रोताओं को सच्ची मित्रता और भक्ति का संदेश दिया। कथा परीक्षित आयोजन भैयादीन गुप्ता ने किया। इस मौके पर नगरपालिका अध्यक्ष मालती बासु, सुनील गुप्ता, अशोक गुप्ता, पवन कुमार, कोमल, पूजा, आराधना, अर्चना सिंह, विमल कुमार सिंह, आशुतोष कुमार, लखनलाल, देवांश कुमार, सुनील कुमार सक्सेना आदि मौजूद रहे।

# कमेरावादी का मंडलीय सम्मेलन आयोजित



**बांदा।** बबेरू कस्बे के एक मैरिज हॉल में अपना दल कमेरावादी की मंडलीय समता सम्मेलन में यूजीसी इक्विटी अधिनियम 2026 को जोर जोर से उठाया गया। विधायक पल्लवी पटेल ने कार्यकताओं में जोश भरते हुए कहा कि राजनीति में आधी आबादी को आगे आकर अपने हितों की लड़ाई को लड़ना होगा।

बबेरू कस्बे के एक मैरिज हॉल में अपना दल कमेरावादी के मंडलीय समता सम्मेलन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिराथू विधायक पल्लवी पटेल ने भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा व महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आधी आबादी को लेकर देश आज देश भर में 33 प्रतिशत आरक्षण को लेकर भागेदारी लड़ाई हो रही है। भाजपा सरकार यदि महिलाओं की इतनी हितैषी बनी तो 543 सीटों पर आरक्षण दे। गरीब, मजदूर दलित ओबीसी वर्ग का सरकार आरक्षण छीन रही है। जब कमेरा समाज को नवयुवा नौकरी मांगने राजधानी जाते हैं तो

- विधायक पल्लवी पटेल ने सरकार पर दागे कई सवाल

सरकार लाठी मारकर मुकदमा लगाकर जेल भेजने का काम करती हैं। कार्यकताओं ने विधायक का कस्बे में जगह-जगह फूल माला से स्वागत किया।

कार्यक्रम का संचालन यशवंत पटेल ने किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष अमरपाल पटेल, मनीष पटेल, सांवले पटेल, केलकरण पटेल, महेंद्र सुरेश, राकेश पटेल आदि रहे।

# समस्याओं को लेकर लेखाधिकारी से मिले पदाधिकारी

जिला संवाददाता

**बांदा।** वित्त एवं लेखा अधिकारी (माध्यमिक) नरेंद्र कुमार से शिक्षक संगठनों के पदाधिकारियों से वार्ता हुई। उन्होंने समस्याओं को लेकर शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया।



माध्यमिक शिक्षक संगठन के जिलामंत्री मोहम्मद बाकर ने बताया कि जनपद के प्रधानाचार्यों, शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर लेखाधिकारी से वार्ता की गई। लेखाधिकारी ने कुछ बिंदुओं पर तत्काल निस्तारण करने की बात कही।

जनपद की सामूहिक एवं व्यक्तिगत प्रमुख समस्याओं में मार्च 2026 तक की एनपीएस धनराशि शिक्षकों के प्रान खातों में जमा कराना, नई पेंशन से पुरानी पेंशन में आए सभी शिक्षकों के जीपीएफ खाते में मार्च 2025 तक की एनपीएस धनराशि को जमा कराना, कार्यवाहक प्रधानाचार्य के रूप में कार्य कर रहे प्रधानाचार्यों को तदर्थ प्रधानाचार्य के समान वेतन देना, अप्रैल 2019 की वेतन से कटौती हो चुकी एनपीएस धनराशि को जमा कराना, जनपद के समस्त शिक्षकों के प्रान खातों की त्रुटियों को दूर कराना, अप्रैल 2014 के बाद नियुक्त शिक्षकों के वेतन से काटी गई सामूहिक बीमा की धनराशि को भारतीय जीवन बीमा निगम से मंगाना, मृतक कर्मचारियों के पत्रावलियों का निस्तारण व पेंशन लागू करना, चयन वेतनमान प्रोन्नत वेतनमान एसीपी के प्रकरणों का एक ही बार में आदेश जारी करना एवं वेतन निर्धारण करना, 31 मार्च 2026 को सेवानिवृत्त होने वाले प्रधानाचार्य, शिक्षकों की पत्रावलियों का शीघ्र निराकरण करना, आमेलित विषय विशेषज्ञों की पत्रावलियों का शीघ्र निराकरण धारण करना, राम रोशन दिनकर सहायक अध्यापक, मालती कुशवाहा प्रवक्ता व अन्य शिक्षकों जिनकी वेतनवृद्धि या अवशेष बकाए हैं को तत्काल मंगाकर भुगतान करना, वेतन से काटी गई एनपीएस की एरिया धनराशि को निवेशित कराना, सितंबर 2016 से दिसंबर 2023 तक महंगाई व अन्य एरियर धनराशि को जमा कराना सहित अन्य कई मुद्दों पर वार्ता हुई वित्त एवं लेखाधिकारी ने सभी संगठनों को आश्वस्त किया कि मार्च 2026 तक की एनपीएस धनराशि को तत्काल निवेशित करा दिया जाएगा, अप्रैल 2019 की एनपीएस कटौती की धनराशि को कोषागार से चेक कराकर निवेशित करा दी जाएगी, चयन प्रोन्नत एसीपी आदि की पत्रावलियां एक ही बार में निस्तारित कराई जाएगी। संगठन द्वारा सुझाव एवं बताएं गए अन्य बिंदुओं पर लेखा विभाग की बैठक कर उसका भी शीघ्र समाधान कराया जाएगा। इस दौरान जिलाध्यक्ष बालाराम, शिक्षक विधायक प्रतिनिधि आलोक सिंह, जिलाध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा, जिलाध्यक्ष राजकिशोर शुक्ला, राजा कैलाश, प्रधानाचार्य परिषद के अध्यक्ष शिवदत्त त्रिपाठी, शिक्षणेत्तर कर्मचारी संघ से शिवम गर्ग, राजकरन सहित दर्जन पर पदाधिकारी मौजूद रहे।

# बस-ट्रेन में चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़, अवैध हथियार बरामद

बांदा। पुलिस ने एक मुठभेड़ के बाद अंतरजनपदीय टप्पेबाजी और चोरी करने वाले गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई नरैनी थाना क्षेत्र में हुई। नरैनी पुलिस को गश्त के दौरान ग्राम पनगरा नहर के पास कुछ संदिग्ध व्यक्तियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी। ये लोग चोरी और टप्पेबाजी की घटनाओं को अंजाम देते थे। सूचना पर संयुक्त टीम ने मौके पर घेराबंदी की। पुलिस को देखते ही अभियुक्तों ने जान से मारने की नीयत से फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए तत्परता से चारों अभियुक्तों को घेरकर पकड़ लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त दो अवैध तमंचे, दो मिस कारतूस, एक जिंदा कारतूस, एक खोखा कारतूस और 5 हजार रुपये नकद बरामद हुए हैं। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि वे सुनियोजित तरीके से ट्रेन, बस और ऑटो रिक्शा जैसी सवारी गाड़ियों में यात्री बनकर चढ़ जाते थे। वे यात्रियों के कीमती सामान जैसे बैग और सूटकेस को निशाना बनाते थे। मौका पाकर वे सामान काटकर या खोलकर चोरी करते थे और जेबकटी भी करते थे। चोरी के बाद वे अगले स्टॉप पर उतर जाते थे। उन्होंने यह भी बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसी घटनाओं को अंजाम देना आसान होता था और पकड़े जाने पर तमंचे का डर दिखाकर भाग जाते थे। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान निराजुल हसन पुत्र अजीत (निवासी शाहपुर, थाना भोजपुर, जनपद मुरादाबाद), गोविंद पुत्र ब्रजपाल सिंह (निवासी पुट्ठी इब्राहिमपुर, थाना रामराज, जनपद मुजफ्फरनगर), फहीम पुत्र हनीफ (निवासी शाहपुर, थाना भोजपुर, जनपद मुरादाबाद) और साहिल पुत्र जाइद (निवासी शाहपुर, थाना भोजपुर, जनपद मुरादाबाद) के रूप में हुई है। पुलिस इस संबंध में विस्तृत जांच कर रही है कि इन अभियुक्तों ने अन्य किन-किन जनपदों में ऐसी घटनाओं को अंजाम दिया है और इनके गिरोह में कितने अन्य लोग शामिल हैं।

# अवैध कब्जों के खिलाफ वकीलों ने खोला मोर्चा

जिला संवाददाता

ललितपुर। सार्वजनिक सुरक्षा और विधिक नियमों के उल्लंघन को लेकर जनपद के अधिवक्ताओं ने कड़ा रुख अपनाया है। ललितपुर से राजघाट तक जाने वाली मुख्य सड़क पर पीडब्ल्यूडी और ग्राम सभा की भूमि पर हुए अवैध कब्जों को लेकर अधिवक्ता संवाद के माध्यम से जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंपकर त्वरित कार्यवाही की मांग की गई है।

अधिवक्ताओं के प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासन को अवगत कराया कि ललितपुर से राजघाट के बीच स्थित दर्जनों गांवों में रोड कंट्रोल एक्ट की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। बिना सार्वजनिक निर्माण विभाग की अनुमति और बिना भू-उपयोग परिवर्तन के, सड़क की हद के भीतर बड़े पैमाने पर पक्के निर्माण कर लिए गए हैं।

## अवैध अतिक्रमण बना मौत का जरिया

ज्ञापन में स्पष्ट किया गया कि इन अवैध निमार्णों और उनके सामने खड़े होने वाले वाहनों के कारण सड़क अत्यंत संकरी हो गई है। विधिक मानदंडों की अनदेखी का परिणाम यह है कि इस मार्ग पर दुर्घटनाएं अब सामान्य बात हो गई हैं, जिनमें कई निर्दोष नागरिकों की अकाल मृत्यु हो चुकी है। अधिवक्ताओं ने इसे जनहित और सार्वजनिक सुरक्षा के अधिकार का हनन बताया है।

## राजस्व एवं लोक निर्माण विभाग की संयुक्त जांच की मांग

अधिवक्ता संवाद के माध्यम से मांग की गई है कि विशेष जांच समिति, नायब तहसीलदार की अध्यक्षता में लेखपालों की टीम गठित कर सिलगन, गनगौरा, टोरिया, मड़वारी और कालापहाड़ जैसे गांवों में ग्राम सभा की वर्ग 6 की भूमि की पैमाइश कराई जाए। अवैध निमार्णों का ध्वस्तीकरण, जिन संपत्तियों के नक्शे पास नहीं हैं या जिन्होंने पीडब्ल्यूडी की सीमा में अतिक्रमण किया है, उन्हें चिन्हित कर तत्काल ध्वस्त किया जाए। राजस्व वादों का निस्तारण, इन कब्जों के कारण बढ़ रहे राजस्व विवादों के त्वरित समाधान हेतु प्रशासनिक सख्ती बरती जाए। प्रतिनिधिमंडल ने चेतावनी दी है कि यदि सार्वजनिक मार्ग को अतिक्रमण मुक्त कराकर सुरक्षित नहीं बनाया गया, तो आम जनता के जीवन की रक्षा हेतु विधिक स्तर पर संघर्ष को और तेज किया जाएगा। डीएम ने तहसील और पीडब्ल्यूडी विभाग को रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

# आईपीएल मैच पर ऑनलाइन सट्टा लगाते 3 गिरफ्तार

ललितपुर। जिले में अवैध सट्टेबाजी के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कोतवाली पुलिस को सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने गिन्नौट बाग में दबिश देकर आईपीएल मैच पर ऑनलाइन दांव लगा रहे तीन युवकों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से आईफोन और गूगल पिक्सल जैसे महंगे स्मार्टफोन बरामद हुए हैं, जिनमें सट्टेबाजी की आईडी और चैट मिली हैं। घटना शनिवार तड़के की है। नई बस्ती चैकी प्रभारी उप निरीक्षक को मुखबिर से सूचना मिली कि गिन्नौट बाग में कुछ लड़के राजस्थान रॉयल्स बनाम दिल्ली कैपिटल्स मैच पर ऑनलाइन सट्टा लगा रहे हैं और हार-जीत की रकम का बंटवारा कर रहे हैं। पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और चबूतरे पर बैठे तीन युवकों को दबोच लिया। पकड़े गये सटोरियों के नाम मोहल्ला नई बस्ती निवासी विशाल राजपूत, मोहल्ला गांधीनगर निवासी सुमित दोहरे और नई बस्ती निवासी आर्यन जैन उर्फ प्रांशु जैन बताये गये हैं। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी ऑनलाइन साइडों के जरिए अवैध गेमिंग साइट्स का उपयोग कर रहे थे। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे शिवम परिहार और रोहित एडवोकेट नामक व्यक्तियों से ऑनलाइन सट्टे की आईडी खरीदते थे। सुमित दोहरे ने स्वीकार किया कि वह शिवम परिहार के लिए अन्य लोगों से सट्टे के पैसे वसूलने का काम भी करता था।

- आई फोन समेत 3 स्मार्टफोन बरामद

# स्वशासी मेडिकल कॉलेज में मनाया गया गुजरात स्थापना दिवस

- एचपीवी वैक्सीन और गर्भाशय कैंसर की रोकथाम को लेकर आयोजित किया गया जागरूकता सत्र

**ललितपुर।** स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में राज्यपाल एवं कुलाधिपति के निदेर्शानुसार गुजरात स्थापना दिवस (गुजरात गौरव दिवस) मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान के अंतर्गत किया गया, जिसमें सांस्कृतिक, सामाजिक एवं जागरूकता से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। शुभारंभ प्राचार्य डा.मयंक कुमार शुक्ला द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी और सरदार वल्लभभाई पटेल जैसी महान विभूतियों की कर्मभूमि गुजरात देश की एकता और अखंडता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक समरसता को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम के अंतर्गत छात्र-छात्राओं ने गुजरात की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को प्रस्तुत करते हुए गरबा, रास और लोकनृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें उपस्थित लोगों ने खूब सराहा। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा एचपीवी वैक्सीन और गर्भाशय कैंसर की रोकथाम को लेकर जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। संस्थान के छात्र-छात्राओं ने स्वास्थ्य जागरूकता के उद्देश्य से सद्भावना यात्रा भी निकाली, वहीं विद्यार्थियों को स्थानीय मंदिर का शैक्षणिक भ्रमण भी कराया गया। अकादमिक सत्र में डा.सूरवीर सिंह ने उत्तर प्रदेश और गुजरात के सांस्कृतिक संबंधों पर तथा डा.आशीष निरंजन ने आत्मनिर्भर भारत में गुजरात के योगदान पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम में महाविद्यालय के संकाय सदस्य, रेजिडेंट डॉक्टर, इंटर्न, नर्सिंग स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# स्मार्ट मीटर के विरोध में किया प्रदर्शन, निकाला कैंडल मार्च

जिला संवाददाता

**ललितपुर।** आम आदमी पार्टी (आप) ने उत्तर प्रदेश में स्मार्ट मीटर व्यवस्था के खिलाफ रविवार को जोरदार विरोध प्रदर्शन करते हुए राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा। पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने आरोप लगाया कि प्रदेश में स्मार्ट मीटर के नाम पर आम उपभोक्ताओं और किसानों का आर्थिक शोषण किया जा रहा है, जिससे जनता में भारी आक्रोश है। जिला मुख्यालय स्थित विद्युत उपकेन्द्र पर आयोजित प्रदर्शन के दौरान आप कार्यकताओं ने स्मार्ट मीटर व्यवस्था के विरोध में नारेबाजी की और प्रतीकात्मक रूप से स्मार्ट मीटर की तस्वीरें जलाकर अपना विरोध दर्ज कराया। इस दौरान पार्टी नेताओं ने कहा कि जिन उपभोक्ताओं का पहले बिजली बिल करीब 1500 रुपये आता था, अब वही बिल बढ़कर 5000 से 7000 रुपये तक पहुंच रहा है, जिससे मध्यमवर्गीय और गरीब परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। पार्टी नेताओं ने आरोप लगाया कि प्रीपेड स्मार्ट मीटर व्यवस्था पूरी तरह विफल साबित हो रही है। उपभोक्ताओं द्वारा अग्रिम भुगतान किए जाने के बावजूद कई क्षेत्रों में 10 से 12 घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहती है। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर की रीडिंग, बिलिंग प्रणाली और तकनीकी कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं, जिससे उपभोक्ताओं का भरोसा लगातार कमजोर हो रहा है। ज्ञापन देते समय जिलाध्यक्ष हरदयाल सिंह लोधी एड., अनूप ताम्रकार, प्रमोद नामदेव, भागवती, कैलाश नारायण, रमेश कुमार, विवेक जैन, मीना, पूनम राजा के अलावा अनेकों लोग मौजूद रहे।

- बढ़े बिजली बिल, प्रीपेड व्यवस्था और किसानों की समस्याओं को लेकर उठाई आवाज



इधर शनिवार शाम को विद्युत स्मार्ट मीटर के विरोध में बुन्देलखण्ड विकास सेना के कार्यकर्ताओं ने बु.वि. सेना के केन्द्रीय प्रमुख हरीश कपूर टीटू के नेतृत्व में शहर के गणमान्य नागरिकों के साथ एक केण्डिल मार्च निकाला। यह केण्डिल मार्च कंपनी बाग से शुरू होकर शहर की मुख्य सड़कों पर निकाला गया।

इस दौरान ललितपुर शहर में बिजली विभाग द्वारा लगाये गये स्मार्ट प्रीपेड मीटर द्वारा उपभोक्ताओं की जेबों पर डाका डालने तथा रिचार्ज करवाने के बावजूद ज्यादा बिल आने पर गहरा रोष व्यक्त किया गया। इस मौके पर विद्युत विभाग के खिलाफ जम कर नारेबाजी की गई। केण्डिल मार्च निकालने के उपरांत एक आमसभा भी आयोजित की गई। बु. वि. सेना प्रमुख टीटू कपूर ने कहा कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर प्रदेश सरकार की साख को बट्टा लगा रहे हैं। इसका असर आगामी विधानसभा चुनाव में पड़ सकता है। उक्त स्मार्ट प्रीपेड मीटर कई गुना तेजी से भागते है जिस कारण जनता की जेबों पर भारी बोझ पड़ रहा है। उक्त स्मार्ट मीदर को रिचार्ज करने के बाबजूद ज्यादा का बिल उपभोक्ताओं को भेजा जा रहा है तथा इसके साथ साथ मैसेज भेजकर विद्युत कनेक्शन काटने के लिए उपभोक्ताओं को धमकाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि इन कथित स्मार्ट मीटरों को तत्काल प्रभाव से नहीं बदला गया तो बु. वि. सेना उग्र आंदोलन छेड़ने को बाध्य हो जायेगी। केण्डिल मार्च के दौरान राजमल जेन बरया, महेन्द्र अग्निहोत्री, सुधेश नायक, मुकेश मुड़रा, राजीव पटवारी, लक्ष्मी नारायण विश्वकर्मा, फूलचंद रजक, हेमन्त रोड़ा, कदीर खां, कांशीराम, गोपी डोडवानी, अशोक मोहनी, आधार सिंह, विवेक चैपड़ा, धर्मेन्द्र अग्रवाल, अमर सिंह बुन्देला सहित गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# जीव-जंतुओं के प्रति संवेदनशीलता और जनसहभागिता का दिया संदेश




**ललितपुर।** भीषण गर्मी में बेजुबान पक्षियों को राहत पहुंचाने और गौरैया संरक्षण के उद्देश्य से तखत ग्रुप द्वारा चलाए जा रहे जलपात्र वितरण अभियान का रविवार को जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने अपने कैंप कार्यालय से विधिवत शुभारंभ किया। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण, जीव-जंतुओं के प्रति संवेदनशीलता और जनसहभागिता का संदेश दिया गया। मौके पर पीहू लखेरा व वैष्णवी लखेरा ने जिलाधिकारी सत्य प्रकाश को गौरैया जल पात्र भेंट किये। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने कहा कि पक्षियों को पानी की सेवा करना मानवता की सच्ची सेवा है। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी के दौरान पक्षियों के सामने पानी का संकट उत्पन्न हो जाता है।

ऐसे समय में समाज के लोग यदि अपने घरों, छतों, बालकनी और सार्वजनिक स्थलों पर जलपात्र रखें तो हजारों पक्षियों को जीवनदान मिल सकता है। उन्होंने कहा कि तखत ग्रुप की यह पहल समाज के लिए प्रेरणादायक है और अन्य सामाजिक संस्थाओं को भी ऐसे पुनीत कार्यों में आगे आना चाहिए। तखत ग्रुप के पदाधिकारियों ने बताया कि संस्था द्वारा प्रति वर्ष गर्मी के मौसम में जलपात्र वितरण अभियान चलाया जाता है। इस वर्ष भी जिले के विभिन्न मोहल्लों, विद्यालयों, सार्वजनिक स्थलों एवं घरों में जलपात्र वितरित किए जाएंगे, जिससे गौरैया सहित अन्य पक्षियों को पानी उपलब्ध कराया जा सके।

संक्षेप

## माइथोस से पैदा हुए साइबर खतरे के मद्देनजर सरकारी बैंक आईटी खर्च बढ़ाने की तैयारी में

नयी दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक अपनी प्रणाली को सुरक्षित करने, ग्राहक डेटा की रक्षा करने और मौद्रिक संसाधनों को बचाने के लिए आईटी खर्च बढ़ाने की तैयारी कर रहे हैं। यह कदम एंथ्रोपिक के क्लाउड माइथोस एआई टूल और वित्तीय डेटा सुरक्षा पर इसके संभावित प्रभावों को लेकर वैश्विक चिंताओं के बीच उठाया जा रहा है। माइथोस की उन्नत कोडिंग क्षमताएं इसे साइबर सुरक्षा की कमजोरियों का पता लगाने और उनका फायदा उठाने के तरीके विकसित करने की अभूतपूर्व क्षमता प्रदान करती हैं। इससे यह चिंता बढ़ गई है कि इसका उपयोग बैंकिंग प्रणालियों को बाधित करने के लिए किया जा सकता है। इस नई चुनौती के मद्देनजर बैंकों को अपनी प्रणाली अधिक मजबूत बनाने और साइबर हमलों के संबंध में कमजोरियों को कम करने के लिए निश्चित रूप से आईटी में अपना निवेश बढ़ाना होगा। उन्होंने कहा कि बैंक नई तकनीक से उत्पन्न चुनौतियों का सामना करने के लिए चालू वित्त वर्ष में अपना आईटी खर्च बढ़ाने जा रहा है। इसके अलावा, यूको बैंक के प्रबंध निदेशक और सीईओ अश्विनी कुमार ने कहा कि बैंक का आईटी खर्च पिछले वित्त वर्ष की तुलना में अधिक होने वाला है, और इसका एक बड़ा हिस्सा साइबर सुरक्षा की ओर जाएगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बैंकों से अपने आईटी सिस्टम को सुरक्षित करने के लिए सभी आवश्यक उपाय करने को कहा था।

## पश्चिम एशिया संकट: चमड़ा, जूता उद्योग ने प्रमुख कच्चे माल पर शुल्क छूट की मांग की

नयी दिल्ली। पश्चिम एशिया संकट के कारण कच्चे माल की लागत में 40 से 60 प्रतिशत तक वृद्धि होने के बीच चमड़ा और जूता उद्योग ने कृत्रिम चमड़ा, धातु सहायक सामग्री, मशीनरी, धागे, सांचे जैसे महत्वपूर्ण कच्चे माल पर आयात शुल्क में छूट देने की मांग की है। एक उद्योग अधिकारी ने यह जानकारी दी। उद्योग ने हाल ही में इस संबंध में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के समक्ष मामला उठाया है। अधिकारी ने कहा कि निर्यातकों ने सरकार से प्रस्तावित फ्लोट (फुटवियर एवं चमड़ा उन्मुख परिवर्तन) योजना को शीघ्र लागू करने का सुझाव दिया है, ताकि पूरे उत्पाद वर्ग, कच्चे माल, मशीनरी और अन्य आवश्यक सामग्रियों को इसमें शामिल किया जा सके। उन्होंने कहा कि घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए क्रस्ट और तैयार चमड़े के शुल्क-मुक्त आयात की भी मांग की गई है। अधिकारी ने कहा, 'पश्चिम एशिया संकट के कारण कच्चे माल और अन्य आवश्यक सामग्रियों की लागत में 40-60 प्रतिशत तक वृद्धि हुई है। ऐसे में हमने सरकार से कृत्रिम चमड़ा , जूता घटक, धातु सहायक सामग्री, चमड़ा एवं जूता मशीनरी, धागे, सांचे, टो पफ, आईलेट और पैकेजिंग सामग्री पर आयात शुल्क में छूट देने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि रबर से जुड़े पीयू चमड़ा, चिपकाने वाले पदार्थ, प्लास्टिक और जूते के तलवे पेट्रोलियम उत्पादों से तैयार होते हैं। ईरान द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य बंद किए जाने से तेल और गैस के जहाजों की आवाजाही प्रभावित हुई है, जिससे लागत पर असर पड़ा है।

## पारा चढ़ने के साथ डिलीवरी कर्मियों की सुरक्षा के लिए कंपनियों ने बढ़ाये कदम

नयी दिल्ली। देश के कई हिस्सों में भीषण गर्मी और 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान के बीच तेजी से बढ़ रहे ऑनलाइन व्यापार और त्वरित वितरण क्षेत्र से जुड़े लाखों अस्थायी कर्मचारियों (गिग वर्कर) की कार्य परिस्थितियां फिर चर्चा में हैं। शहरों में दोपहिया वाहनों पर डिलीवरी करने वाले इन कर्मचारियों को गर्मी के मौसम में पानी की कमी, थकावट और लू लगने का अधिक खतरा रहता है। समय पर डिलीवरी के दबाव और तय लक्ष्यों के कारण उन्हें दिन के सबसे गर्म समय में भी काम करना पड़ता है, जबकि रास्ते में पीने के साफ पानी और छाया जैसी सुविधाएं अक्सर उपलब्ध नहीं होतीं। इन केंद्रों पर हर महीने डेढ़ लाख से अधिक डिलीवरी कर्मियों को स्वच्छ पेयजल, मोबाइल चार्जिंग और प्राथमिक उपचार जैसी सुविधाएं मिलती हैं। साथ ही, देशभर में स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाए जा रहे हैं, जहां चिकित्सक उन्हें गर्मी से बचाव के उपाय बताते हैं। अन्य कंपनियों के साथ मिलकर 5,000 से अधिक विश्राम स्थल तैयार किए हैं, जहां छाया और पानी की सुविधा उपलब्ध है। डिलीवरी कर्मियों को स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत अस्पताल में भर्ती सहित उपचार सुविधाएं भी दी जा रही हैं।

# कंपनियों की पूंजी 2.20 लाख करोड़ बढ़ी



नई दिल्ली। देश की टॉप 10 कंपनियों में से चार का मार्केटकैप बीते हफ्ते 2.20 लाख करोड़ रुपए बढ़ा है। इसकी वजह भारतीय शेयर बाजार में तेजी को माना जा रहा है। 27 से 30 अप्रैल के कारोबारी सत्र (1 मई को महाराष्ट्र दिवस के चलते शेयर बाजार बंद था) में भारतीय शेयर बाजार हरे निशान में बंद हुआ। इस दौरान सेंसेक्स 249.29 अंक या 0.33 प्रतिशत की तेजी के साथ 76,913.50 और निफ्टी 99.60 अंक या 0.42 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,997.55 पर बंद हुआ था। इस दौरान भारती एयरटेल का मार्केटकैप 43,503.51 करोड़ रुपए बढ़कर 11,49,222.13 करोड़ रुपए हो गया था।

टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का मार्केट कैप 27,569.83 करोड़ रुपए बढ़कर 8,94,933.95 करोड़ रुपए और बजाज फाइनेंस का बाजार पूंजीकरण 9,432.32 करोड़ रुपए बढ़कर 5,83,123.13 करोड़ रुपए हो गया है। दूसरी तरफ, आईसीआईसीआई बैंक का मार्केट कैप 45,364.62 करोड़ रुपए कम होकर 9,04,980.78 करोड़ रुपए हो गया है। एसबीआई का बाजार पूंजीकरण 30,922.57 करोड़ रुपए घटकर 9,85,829.96 करोड़ रुपए, एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 20,951.31 करोड़ रुपए घटकर 11,87,274.17 करोड़ रुपए हो गया है। यूनिलीवर का मार्केटकैप 18,420.79 करोड़ रुपए कम होकर 5,28,799.01 करोड़ रुपए हो गया है। लाइफ इंश्योरेंस कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एलआईसी) का मार्केटकैप 8,222.49 करोड़ रुपए कम होकर 5,04,798.07 करोड़ रुपए हो गया है। एलएंडटी का मार्केटकैप 178.83 करोड़ रुपए घटकर 5,51,993.05 करोड़ रुपए हो गया है। मिश्रित रुझान के बावजूद, रिलायंस इंडस्ट्रीज भारत की सबसे मूल्यवान कंपनियों में अग्रणी बनी रही, जिसके बाद एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, आईसीआईसीआई बैंक, टीसीएस, बजाज फाइनेंस, लार्सन एंड टुब्रो, हिंदुस्तान यूनिलीवर और एलआईसी का स्थान रहा। विशेषज्ञों ने कहा कि रुकावट का स्तर 24,300-24,400 के आसपास बना हुआ है, जो एक मजबूत आपूर्ति क्षेत्र बना हुआ है। दूसरी तरफ, 23,800 एक सपोर्ट लेवल है। अगर यह टूटता है तो 23,600-23,400 तक के स्तर देखने को मिल सकते हैं।

# कोयला गैसीकरण को बढ़ाने 37500 करोड़ की प्रोत्साहन योजना की मंजूरी जल्द

एजेंसी



नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्रिमंडल जल्द ही कोयला गैसीकरण परियोजनाओं को बढ़ावा देने के लिए 37,500 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन योजना को मंजूरी दे सकता है। सूत्रों ने यह जानकारी देते हुए कहा कि इससे स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देने और आयात पर निर्भरता कम करने में मदद मिलेगी।

उन्होंने कहा कि कोयला मंत्रालय ने कोयला गैसीकरण परियोजनाओं को बढ़ावा देने की योजना पर पहले ही एक कैबिनेट नोट तैयार कर लिया है, जिसका वित्तीय परिव्यय 37,500 करोड़ रुपये है। प्रस्तावित योजना का मकसद देश भर में सतह कोयला और लिग्नाइट गैसीकरण परियोजनाओं में तेजी लाना है। साथ ही, यह ईंधन और रसायनों के उत्पादन के लिए घरेलू कोयला और लिग्नाइट संसाधनों के उपयोग को बढ़ाएगा और 2030 तक 10 करोड़ टन कोयला गैसीकरण क्षमता के राष्ट्रीय लक्ष्य का समर्थन करेगा। उन्होंने कहा कि यह बिना किसी श्रेणी वाली एक एकीकृत योजना है, और एक एकल परियोजना के लिए अधिकतम वित्तीय सहायता 3,000 करोड़ रुपये है। सूत्रों ने बताया कि गैसीकरण परियोजनाओं के लिए पिछली वित्तीय प्रोत्साहन योजना में सरकार ने तीन श्रेणियों के तहत वित्तीय सहायता दी थी, जिसमें निजी क्षेत्र के लिए प्रति परियोजना अधिकतम 1,000 करोड़ रुपये और पीएसयू के लिए प्रति परियोजना 1,350 करोड़ रुपये का प्रोत्साहन शामिल था।

# एसआईएस का 2026-27 में 20 हजार करोड़ रुपये के राजस्व का लक्ष्य

नयी दिल्ली। सुरक्षा और सुविधा प्रबंधन सेवा प्रदाता एसआईएस लिमिटेड का लक्ष्य वित्त वर्ष 2026-27 तक 20,000 करोड़ रुपये के राजस्व को पार करना है। मजबूत दोहरे अंकों की वृद्धि, सेवा नेटवर्क के विस्तार और नए श्रम कोड के तहत एक सरलीकृत नियामक ढांचे की मदद से उसे यह लक्ष्य हासिल करने का भरोसा है। एसआईएस वर्तमान में लगभग 3.46 लाख लोगों को रोजगार देती है।

उसे चालू वित्त वर्ष में अपने मुख्य सुरक्षा समाधान और सुविधा प्रबंधन सेवाओं में तेज वृद्धि की उम्मीद है। कंपनी का परिचालन भारत के अलावा सिंगापुर, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड जैसे बाजारों में भी है। वह 2030 तक अपने कार्यबल को बढ़ाकर पांच लाख करने का लक्ष्य बना रही है। अगर ऐसा हुआ तो कंपनी निजी क्षेत्र के शीर्ष पांच नियोक्ताओं शामिल हो जाएगी। सिन्हा ने बातचीत में कहा, वित्त वर्ष 2026-27 में हमारी ऑर्डर बुक और हमारी वर्तमान वृद्धि दर को देखते हुए हम लगभग 20,000 करोड़ रुपये के राजस्व और कर पश्चात लाभ (पीएटी) में लगभग 500 करोड़ रुपये का लक्ष्य रख रहे हैं। उन्होंने कहा कि कंपनी अर्थव्यवस्था के बढ़ते औपचारिकरण और संगठित सुरक्षा एवं सुविधा प्रबंधन सेवाओं के लिए बढ़ती प्राथमिकता के समर्थन से सभी क्षेत्रों में मजबूत मांग देख रही है।

# तेल की कीमत, तिमाही नतीजों से तय होगी शेयर बाजार की चाल




नयी दिल्ली। इस सप्ताह शेयर बाजारों की दिशा मुख्य रूप से विधानसभा चुनावों के नतीजों और पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच कच्चे तेल की कीमतों से तय होने का अनुमान है। विश्लेषकों ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि निवेशक पश्चिम एशिया संघर्ष और हॉर्मुज जलडमरूमध्य से संबंधित घटनाक्रमों पर भी नजर रखेंगे।

पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल, असम और पुडुचेरी के पांच विधानसभा चुनावों के लिए मतों की गिनती सोमवार, चार मई से शुरू होगी। सबसे तात्कालिक कारक प्रमुख राज्यों में विधानसभा चुनावों के परिणाम होंगे। निवेशक बारीकी से देख रहे हैं कि क्या केंद्र में सत्तारूढ़ दल पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस को हरा सकता है और क्या विपक्ष शासित केरल तथा तमिलनाडु में सार्थक पैठ बना सकता है, जहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की इस समय सीमित उपस्थिति है। कच्चा तेल सबसे महत्वपूर्ण व्यापक आर्थिक कारक बना हुआ है। उन्होंने आगे कहा कि हॉर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास चल रहे तनाव के बीच ब्रेंट तेल की कीमतें उंची स्तर पर बनी हुई हैं, जिससे मुद्रास्फीति का जोखिम है। भारत जैसी आयात पर निर्भर अर्थव्यवस्था के लिए कच्चे तेल की लगातार उंची कीमतें रुपये पर दबाव डालती हैं। इसका कॉरपोरेट मार्जिन के साथ ही राजकोषीय गतिशीलता पर भी असर पड़ता है। इसके अलावा व्यापक आर्थिक आंकड़े, चौथी तिमाही के नतीजे और विदेशी निवेशकों के रुख से भी बाजार प्रभावित होगा। कच्चे तेल की कीमतों का रुझान प्रमुख बाहरी कारक बना रहेगा। अमेरिका-ईरान के बीच चल रहे गतिरोध और हॉर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने की आशंका से बाजार में उतार-चढ़ाव बना रह सकता है। उन्होंने कहा कि प्रमुख आर्थिक आंकड़ों में एचएसबीसी विनिर्माण पीएमआई (चार मई), सेवा और कंपोजिट पीएमआई (छह मई) और विदेशी मुद्रा भंडार के आंकड़े (आठ मई) इस सप्ताह आने हैं, जो आर्थिक गति और बाहरी क्षेत्र की स्थिरता के बारे में संकेत देंगे। इस सप्ताह अंबुजा सीमेंट्स, बीएचईएल, हीरो मोटोकॉर्प, महिंद्रा एंड महिंद्रा और बजाज ऑटो जैसी प्रमुख कंपनियों के तिमाही नतीजे घोषित किए जाएंगे। इस सप्ताह बाजार शुरुआत में राज्य विधानसभा चुनावों के परिणामों पर प्रतिक्रिया देंगे, विशेष रूप से पश्चिम बंगाल में, जिससे I-2 दिनों तक उतार-चढ़ाव हो सकता है। उन्होंने कहा कि तेल की कीमतों में किसी भी नई तेजी से भारतीय शेयरों पर फिर से बिकवाली का दबाव आ सकता है, जबकि कीमतों में निरंतर गिरावट से धारणा में सुधार होने की संभावना है।

# कंगाल पाक पर मंडराया बड़ा खतरा, रसातल में जा रही अर्थव्यवस्था

नई दिल्ली। डॉन की एक रिपोर्ट के अनुसार, मध्य पूर्व में चल रहे मौजूदा संकट और वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की लगातार बढ़ती कीमतों के कारण पाकिस्तान की संघर्षरत अर्थव्यवस्था पर भारी दबाव बना रहने की आशंका है।

टॉपलाइन सिक्योरिटीज ने जारी अपनी नवीनतम पाकिस्तान स्ट्रैटेजी रिपोर्ट में देश की अर्थव्यवस्था और शेयर बाजार पर ऊर्जा लागत में वृद्धि और क्षेत्रीय अस्थिरता के प्रभाव का एक बेहद निराशाजनक आकलन प्रस्तुत किया है। ब्रोकरेज फर्म ने चेतावनी दी है कि इस स्थिति में सुधार तभी संभव है जब इस वैश्विक संघर्ष का तत्काल और शांतिपूर्ण समाधान हो। एएनआई की रिपोर्ट के अनुसार, मौजूदा परिस्थितियों में महंगाई पाकिस्तान के लिए एक बड़ा सिरदर्द बनी रहेगी। अगले साल महंगाई दर औसतन 9 से 10% के बीच रह सकती है। वित्तीय वर्ष 2026 (ऋ26) की चौथी तिमाही में इसके 11% से अधिक होने की उम्मीद है। ये अनुमान कच्चे तेल की \$100 प्रति बैरल कीमत पर आधारित हैं। कच्चे तेल में हर \$10 की वृद्धि महंगाई में लगभग 50 बेसिस पॉइंट्स (0.50%) का इजाफा करेगी। अगर तेल की कीमतें \$120 प्रति बैरल तक पहुंच जाती हैं, तो वार्षिक महंगाई दर 11% को छू सकती है। ऐसे में स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान (रइढ) को ब्याज दरों में भारी बढ़ोतरी करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

### आर्थिक विकास पर इसका क्या प्रभाव पड़ेगा

बढ़ती महंगाई और अस्थिरता के कारण पाकिस्तान की आर्थिक विकास दर धीमी होने की प्रबल आशंका है। टॉपलाइन सिक्योरिटीज ने एफवाई 27 के लिए अपने पूर्वानुमान को 4.0% के पुराने अनुमान से घटाकर 2.5 से 3.0% कर दिया है। वहीं 26 के लिए विकास दर 3.5 से 4.0% के बीच रहने का अनुमान है। औद्योगिक क्षेत्र विशेष रूप से कमजोर बना हुआ है, जिसकी विकास दर लगभग 4% से गिरकर मात्र 1% रहने का अंदेशा है।

डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक, अगर पाकिस्तान सरकार सख्त आयात नियंत्रण लागू करने में विफल रहती है, तो स्थिति और बिगड़ सकती है। 27 के लिए करंट अकाउंट घाटा \$8 बिलियन को पार कर सकता है, जिससे विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव और बढ़ेगा। जो अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष द्वारा निर्धारित किए गए लक्ष्यों से कहीं अधिक है। आयातित ऊर्जा पर देश की भारी निर्भरता के कारण पाकिस्तान स्टॉक एक्सचेंज दुनिया के सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले बाजारों में से एक बन गया है। पाकिस्तान अपनी कुल ऊर्जा जरूरतों का लगभग 85% आयात करता है। पेट्रोलियम आयात का बिल \$15 बिलियन तक पहुँचने का अनुमान है। इसी भारी निर्भरता और आर्थिक अनिश्चितता के कारण साल की पहली तिमाही में शेयर बाजार में 15% की भारी गिरावट दर्ज की गई।

विदेशों से आने वाले धन में 3.5% की गिरावट का अनुमान है। विशेष रूप से खाड़ी सहयोग परिषद क्षेत्र से आने वाले धन में 10% की बड़ी गिरावट की उम्मीद है। देश के निर्यात में भी 4% की गिरावट का अनुमान जताया गया है। डॉलर के मुकाबले पाकिस्तानी रुपये के और कमजोर होने की आशंका है। 27 तक यह 298 रुपये प्रति अमेरिकी डॉलर तक पहुंच सकता है। लगातार संघर्ष से मुद्रा का मूल्यह्रास ऐतिहासिक औसत से भी नीचे जा सकता है।

# तंजानिया में खेती कर रहे हैं हरियाणा के किसान, उद्यमियों के लिए भी बड़े अवसर

चंडीगढ़। तंजानिया में खेती करना और व्यवसाय करना हरियाणा के लोगों के लिए आकर्षक बन गया है, क्योंकि राज्य सरकार केंद्र के साथ मिलकर इस देश के साथ व्यापारिक संबंधों का विस्तार कर रही है।

हरियाणा सरकार तंजानिया में निवेश के अवसरों को बढ़ाने पर जोर दे रही है, जिसके बाद यहां के किसानों और उद्यमियों ने भी इस पूर्वी अफ्रीकी देश के बाजारों में अवसरों की तलाश शुरू कर दी है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि किसानों को कृषि उद्यम करने में सक्षम बनाने के लिए हरियाणा सरकार ने केंद्र के समर्थन से तंजानिया में एक लाख एकड़ कृषि भूमि के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। एक आधिकारिक बयान के अनुसार सैनी ने कहा कि अफ्रीकी देशों के साथ व्यापार सहयोग का लगातार विस्तार किया जा रहा है, जिसमें खनन, प्लाईवुड, कृषि और आईटी जैसे क्षेत्र शामिल है। भिवानी के पास दादरी के रहने वाले सोमवीर घासोला उन लोगों में शामिल हैं जिन्होंने तंजानिया में जमीन खरीदी है। घासोला (58) ने तंजानिया की राजधानी डोडोमा के पास खनन व्यवसाय भी स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि यह अफ्रीकी देश बहुत सस्ती दरों पर उपजाऊभूमि उपलब्ध कराता है, जो सभी प्रकार की फसलों को उगाने के लिए उपयुक्त है। वैश्विक बाजारों तक पहुंच भी उपलब्ध है, जो इस व्यावसायिक उद्यम को अधिक व्यावहारिक बनाती है। घासोला ने जमीन के एक बड़े हिस्से के बारे में कहा कि यह चावल, गन्ना, काजू और अन्य फसलें उगाने के लिए उपयुक्त है। हरियाणा के यमुनानगर के एक उद्यमी शिव कुमार कंबोज (49) ने कुछ महीने पहले तंजानिया में एक चीनी नागरिक से एक कारखाना अधिग्रहित किया था और अब वह लाभदायक उद्यम चला रहे हैं। उन्होंने कहा, हम तंजानिया के कारखाने में कच्चा माल तैयार करते हैं। उसे यहां लाते हैं और अपने लिए उपयोग करते हैं तथा प्लाईवुड व्यवसाय के अन्य उद्यमियों को भी देते हैं। हरियाणा सरकार का विदेशी सहयोग विभाग हमारी सहायता कर रहा है। मैं लगभग तीन साल पहले तंजानिया गया था। पिछले साल मैंने वहां एक कारखाना खरीदा था।

## पेज एक का शेष

### दृष्टि उपग्रह

की सराहना करते हुए इसे नवाचार और राष्ट्र निर्माण के प्रति युवाओं के जुनून का प्रमाण बताया। बेंगलुरु स्थित अंतरिक्ष स्टार्टअप गैलेक्सीआई का मिशन दृष्टि उपग्रह रविवार को कैलिफोर्निया से स्पेसएक्स के फाल्कन-9 रॉकेट से प्रक्षेपित किया गया। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, गैलेक्सआई का मिशन दृष्टि हमारी अंतरिक्ष यात्रा में एक बड़ी उपलब्धि है। दुनिया के पहले ऑप्टोसार उपग्रह एवं भारत में निर्मित सबसे बड़े निजी उपग्रह का सफल प्रक्षेपण नवाचार और राष्ट्र निर्माण के प्रति हमारे युवाओं के जुनून का प्रमाण है। प्रधानमंत्री ने गैलेक्सीआई के संस्थापकों और पूरी टीम को बधाई और शुभकामनाएं दीं। कंपनी के अनुसार, मिशन दृष्टि दुनिया का पहला ऑप्टोसार उपग्रह है, जो इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल (ईओ) और सिंथेटिक अपर्चर रडार (एसएआर) सेंसरों को एक ही संचालन प्लेटफॉर्म में जोड़ता है। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने भी मिशन दृष्टि के प्रक्षेपण पर प्रतिक्रिया देते हुए इसे भारत की अंतरिक्ष यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। उन्होंने एक्स पर लिखा, दुनिया के पहले ऑप्टोएसएआर उपग्रह और देश के सबसे बड़े निजी रूप से निर्मित उपग्रह का सफल प्रक्षेपण हमारे युवा नवोन्मेषकों की अपार क्षमता को दर्शाता है, जो राष्ट्र निर्माण में योगदान दे रहे हैं।

### टंकी पर

पर फंसे रह गए पवन (14) और शाबान (12) को नीचे उतारने के लिए वैकल्पिक मार्ग बनाने का प्रयास किया जा रहा था लेकिन अचानक हुई बारिश के कारण कार्य बाधित हो गया, जिसके बाद स्थिति को देखते हुए तत्काल सेना के हेलीकॉप्टर की सहायता लेने का निर्णय लिया गया। जिलाधिकारी ने बताया कि हालात को देखते हुए उन्होंने मुख्यमंत्री कार्यालय और राहत एवं आपदा विभाग से फोन पर बात करके गोरखपुर से वायु सेना का हेलीकॉप्टर मंगवाया। अधिकारी ने बताया कि उनके अनुरोध पर हेलीकॉप्टर भेजा गया और उसकी मदद से कड़ी मशक्कत के बाद रविवार सुबह करीब पांच बजकर 20 मिनट पर टंकी पर फंसे दोनों लड़कों को सकुशल नीचे उतार लिया गया। जिलाधिकारी ने बताया कि पूरे अभियान के दौरान वह खुद और पुलिस अधिकारी मौके पर मौजूद रहे और प्रशासन की त्वरित कार्वाई एवं सेना के समन्वय से यह चुनौतीपूर्ण बचाव अभियान सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। इस बीच लखनऊमें जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि हादसे के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रशासन ने युद्धस्तर पर राहत एवं बचाव अभियान चलाया। रील बनाने के लिए टंकी पर पांच बच्चे चढ़े थे। घटना की जानकारी मिलते ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तत्काल संज्ञान लिया और अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि फंसे बच्चों को सुरक्षित निकालने में कोई ढिलाई न बरती जाए। योगी के निर्देश के बाद जिला प्रशासन, पुलिस और आपदा प्रबंधन की टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं। बयान के मुताबिक योगी के निर्देश पर चलाए गए इस अभियान में कई बाधाएं सामने आईं। टंकी के आसपास जलभराव के कारण जमीन दलदली हो गई थी, जिससे भारी मशीनरी जैसे जेसीबी और क्रेन का उपयोग संभव नहीं हो सका। टंकी की ऊंचाई और टूटी सीढ़ी के कारण ऊपर पहुंचना जोखिम भरा था, बावजूद इसके प्रशासन और एसडीआरएफ की टीमों ने लगातार प्रयास जारी रखा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर भारतीय वायुसेना से सहायता ली गई। वायुसेना की टीम ने अत्यंत सावधानी से दोनों फंसे बच्चों को सुरक्षित नीचे उतार लिया।

### यूपी में

था। वर्तमान समय में कई युवा उस दौर से अनभिज्ञ हैं, क्योंकि वे तब नाबालिग थे। वर्ष 2017 के बाद भर्ती प्रक्रियाओं को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाया गया है। इसका परिणाम यह है कि अब तक पुलिस विभाग में 2,20,000 से अधिक भर्तियां सफलतापूर्वक की जा चुकी हैं। गत 9 वर्षों में हम लोगों ने निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से रिकॉर्ड 9 लाख से अधिक युवाओं की भर्तियां कीं। सीएम ने कहा कि अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा 4 और 6 मई को नियुक्त पत्र वितरिण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। ये लगातार चलेगा। सरकार बिना भेदभाव पिछले नौ वर्षों में कोरोना महामारी के बावजूद प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय तीन गुना करने में सफल रही है। प्रदेश में आज देश का सबसे अच्छा इंफ्रास्ट्रक्चर, एक्सप्रेसवे, हाइवे आदि मौजूद हैं। आज वे विभाग अच्छा काम कर रहे हैं, जिन्हें पहले लोग जानते तक नहीं थे। लगभग हर जनपद में मेडिकल कॉलेज हैं, दो एम्स कार्यरत हैं। 2017 से पहले सब भगवान भरोसे था, परिणाम भी उसी प्रकार से आते थे। उस दौरान पूरा सिस्टम ही बीमारू था। खाद्य सुरक्षा और औषधि प्रशासन विभाग के पास दवा की क्वालिटी एवं खाद्य पदार्थों में मिलावट जांचने के उपकरण व लैब्स नहीं थीं। अब विभाग के पास जांच के लिए मंडल स्तर पर ए-ग्रेड की लैब हैं। प्रशिक्षित मैनपॉवर है, जो समय-सीमा में जांच के नतीजे बता देंगे। वर्ष 2017 से पहले पांच प्रयोगशालाएं थीं, आज आधुनिक उपकरणों के साथ 18 प्रयोगशालाएं हैं। सीएम ने कहा कि पहले 5 प्रयोगशालाओं में 12,000 नमूने प्रतिवर्ष लिए जाते थे। अब इनकी संख्या बढ़कर 55,000 हो गयी है। आज 357 कनिष्ठ विश्लेषकों (औषधि) की भर्ती प्रक्रिया संपन्न हुई है, जिसके साथ ही इनकी संख्या 44 से बढ़कर 401 हो गयी है। वर्तमान में कनिष्ठ विश्लेषकों (खाद्य) की संख्या अभी केवल 58 है। हमने 417 पदों के लिए अधियाचन भेजा है, जो उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग में विचाराधीन है। जल्द ही भर्ती प्रक्रिया संपन्न होगी। वर्तमान में 36 हजार खाद्य नमूने प्रतिवर्ष लिये जाते हैं। भर्ती प्रक्रिया संपन्न होने से इनकी संख्या बढ़कर प्रतिवर्ष 1,08,000 से अधिक हो जाएगी। आज 252 डेंटल हाइजीनिस्ट को भी नियुक्ति पत्र वितरित किए गए हैं। सीएम ने कहा कि आज प्रदेश में सुरक्षा का बेहतर वातावरण बना, दंगामुक्त और गुंडामुक्त प्रदेश हुआ, जिससे अच्छे निवेश आए।

### एक दिन में

गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश को हरित क्रांति की दिशा में तेजी से आगे बढ़ाते हुए वर्ष 2030 तक 15 प्रतिशत और 2047 तक 20 प्रतिशत हरित आवरण का लक्ष्य हर हाल में हासिल करना है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि वर्ष 2026 के अभियान को पूरी तरह वैज्ञानिक, योजनाबद्ध और परिणामोन्मुख बनाया जाए। उन्होंने माइक्रो प्लानिंग को अभियान की आधारशिला बताते हुए ग्रामीण और शहरी स्तर पर तैयार सभी माइक्रो प्लानों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने को कहा। मुख्यमंत्री ने पौधों की गुणवत्ता और उपलब्धता पर विशेष जोर देते हुए निर्देश दिए कि सभी विभागों को वन विभाग की नर्सरियों से निःशुल्क एवं उच्च गुणवत्ता वाले पौधे उपलब्ध कराए जाएं। बैठक में बताया गया कि प्रदेश में 1935 विभागीय नर्सरियां संचालित हैं और 50 करोड़ से अधिक पौधों की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है, जिसके लिए 34 नई नर्सरियों की स्थापना भी की गई है। उद्यान, रेशम और निजी क्षेत्र की नर्सरियों को भी इस अभियान से जोड़ा गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वृक्षारोपण के साथ-साथ पौधों की सुरक्षा और उनकी जीवितता सुनिश्चित करना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने आधुनिक तकनीक के माध्यम से सतत मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि ह्यहरीतिमाह्ण ऐप, जीआईएस मैपिंग, क्यूआर कोड आधारित ट्रैकिंग तथा प्लांटेशन मॉनीटरिंग सिस्टम (पीएमएस) और नर्सरी मैनेजमेंट सिस्टम (एमएमएस) जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से वृक्षारोपण की निगरानी की जा रही है। वर्ष 2025 के विशेष सर्वेक्षण में वन विभाग द्वारा लगाए गए पौधों की जीवितता 80 प्रतिशत दर्ज की गई।

### योजनाओं को

अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसंवाद में प्राप्त सभी शिकायतों को तुरंत संबंधित विभागों को भेजकर उनके समाधान की समयसीमा तय की जाए। साथ ही शिकायतकर्ताओं को उनके मामलों की प्रगति की जानकारी नियमित रूप से दी जाए, ताकि शासन के प्रति पारदर्शिता और विश्वास कायम रहे। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम सरकार और जनता के बीच सीधे संवाद को मजबूत करते हैं और जमीनी स्तर की वास्तविक समस्याओं को समझने में सहायक होते हैं। इससे नीतियों और योजनाओं को अधिक व्यवहारिक बनाने के साथ प्रशासन को अधिक जिम्मेदार और संवेदनशील बनाया जा रहा है।

### पश्चिम बंगाल

हैं। मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर राष्ट्रव्यापी बहस के बीच पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल, असम और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी की विधानसभा के चुनावों में मतदाताओं ने मतदान में बढ़चढ़कर भागीदारी की। पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में आजादी के बाद मतदान- प्रतिशत के नये रिकार्ड बने। पश्चिम बंगाल में दो चरणों में हुए चुनाव में मतदान का कुल प्रतिशत 92.47 रहा। पहले चरण में 152 सीटों के लिए 23 अप्रैल को कराये गये मतदान में 93.19 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। दूसरे चरण में आज 142 सीटों पर कुल मिला कर 91.66 प्रतिशत मतदान हुआ। राज्य की कुल 294 सीटों के लिए 2926 उम्मीवार मैदान में हैं। पश्चिम बंगाल में मतगणना 77 पुलिस पर्यवेक्षक तैनात किये जायेंगे। इसके अलावा 165 विधानसभा क्षेत्रों में विशेष पर्यवेक्षक तैनात किये जायेंगे। पश्चिम बंगाल में मुख्य मुकाबला सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बीच है। कांग्रेस और वामपंथी दल भी जोर आजमाइश में हैं।

तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में 23 अप्रैल को एक चरण में हुए मतदान में सभी 234 सीटों पर कुल 84.93 प्रतिशत वोट पड़े। राज्य में कुल 4023 उम्मीदवार अपनी चुनावी किस्मत आजमा रहे हैं। राज्य में मुख्य मुकाबला सत्तारूढ़ द्रविण मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के नेतृत्व वाले गठबंधन और विपक्षी अन्ना द्रमुक-भाजपा गठबंधन के बीच है। इस बार अभिनय की दुनिया से तमिलनाडु की राजनीति के अखाड़े में उतरे सी जोसफ विजय की पार्टी तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) ने कुछ सीटों पर मुकाबला त्रिकोणीय बना दिया है।

### हब एंड स्पोक

उद्योग इकाइयां आत्मनिर्भर बन सकेंगी और लंबे समय तक टिकाऊ विकास सुनिश्चित होगा। इन मेगा स्किल हब और जिला केंद्रों में आधुनिक बुनियादी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इनमें बिजली, पानी, सड़क, इंटरनेट, सुरक्षा, आवास, खेल और मनोरंजन जैसी सुविधाएं शामिल होंगी। इसके साथ ही स्टार्टअप सपोर्ट सेंटर, प्लेसमेंट एजेंसियां, रिसर्च और डिजाइन सेंटर भी स्थापित किए जाएंगे, जिससे युवाओं को प्रशिक्षण के बाद सीधे रोजगार या स्वरोजगार के अवसर मिल सकें।

### पूर्वी दिल्ली के

की कुल 12 गाड़ियां भेजी गईं तथा दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, यातायात पुलिस और स्थानीय पुलिस के दलों ने बचाव और निकासी प्रयासों में सहायता की। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। दिल्ली अग्निशमन सेवा ने बताया कि अलग-अलग मंजिलों से नौ शव बरामद किए गए। एक शव पहली मंजिल से, पांच शव दूसरी मंजिल से और तीन शव सीढ़ियों से बरामद किए गए। सीढ़ियों वाले हिस्से में ताला लगा मिला। दूसरी मंजिल पर मृत पाए गए लोगों की पहचान अरविंद जैन (60), उनकी पत्नी अनिता जैन (58), बेटे निशांत जैन (35), बहू आंचल जैन (33) और पोते आकाश जैन के रूप में हुई है। तीसरी मंजिल पर एक परिवार के तीन सदस्य मृत पाए गए।




# पंजाब ने गुजरात को दिया 164 का लक्ष्य

## आईपीएल : शेडगे की फिफ्टी, स्टोयनिस ने 40 रन बनाये, होल्डर को 4 विकेट

एजेंसी



अहमदाबाद । आईपीएल में रविवार के दूसरे मुकाबले में पंजाब किंग्स ने गुजरात टाइटंस को 164 रन का टारगेट दिया। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। पंजाब ने 20 ओवर में 9 विकेट पर 163 रन बनाए। टीम ने 47 रन पर 5 विकेट गंवा दिए थे। यहां से सूर्यांश शेडगे ने मार्कस स्टोयनिस के साथ 44 बॉल पर 79 रन की साझेदारी करके टीम का स्कोर 100 पार पहुंचाया। शेडगे ने 29 बॉल पर 57 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। जबकि स्टोयनिस 40 रन बनाकर आउट हुए। गुजरात की ओर से जेसन होल्डर ने 4 विकेट झटके। मोहम्मद सिराज और कगिसो रबाडा को 2-2 विकेट मिले।

पंजाब की पारी के आखिरी ओवर में राशिद खान ने 14 रन दिए। मार्को यानसन ने उनकी तीसरी बॉल पर छक्का और चौथी बॉल पर चौका लगाकर स्कोर 150 पार पहुंचाया। हालांकि, राशिद ने 5वीं बॉल पर उन्हें आउट भी कर दिया। 18वें ओवर में जेसन होल्डर ने मार्कस स्टोयनिस (40 रन) और जेवियर बार्टलेट (जीरो) को पवेलियन भेजा। वे 4 विकेट ले चुके हैं। उन्होंने श्रेयस अय्यर (19 रन) और नेहल वाधेरा (0) के विकेट भी झटके। बार्टलेट के आउट होने के बाद पंजाब ने विजयकुमार वैशाख को इम्पैक्ट प्लेयर बनाया। वे नेहल वाधेरा की जगह मैदान पर आए। 16वें ओवर में सूर्यांश शेडगे 29 बॉल पर 57 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें कगिसो रबाडा ने विकेटकीपर जोस बटलर के हाथों कैच कराया। रबाडा ने पावरप्ले के आखिरी ओवर में प्रभसिमरन सिंह (15 रन) को भी पवेलियन भेजा। 14वें ओवर में मानव सुथार ने 27 रन खर्च कर लिए। पहली बॉल पर स्टोयनिस ने सिंगल लिया। उसके बाद सूर्यांश शेडगे ने लगातार 5 बाउंड्री लगाई। इनमें 3 छक्के और दो चौके शामिल रहे। 13वें ओवर में अरशद खान ने 15 रन खर्च कर दिया। उनकी दूसरी बॉल पर सूर्यांश शेडगे ने छक्का और मार्कस स्टोयनिस ने चौका लगाया। पंजाब की पारी में पहली बार किसी ओवर में 15 रन आए हैं। 10वें ओवर में पंजाब ने 50 रन का आंकड़ा पार कर लिया। इस ओवर में राशिद खान ने महज 4 रन दिए। इन्हीं 4 रनों के सहारे टीम ने फिफ्टी पूरी की। 9वें ओवर की चौथी बॉल पर पंजाब ने 5वां विकेट गंवा दिया। यहां पर कप्तान श्रेयस अय्यर 19 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें जेसन होल्डर ने बोल्ड कर दिया। होल्डर को दूसरा विकेट मिला है। उन्होंने नेहल वाधेरा (0) को विकेटकीपर जोस बटलर के हाथों कैच कराया। 7वें ओवर की तीसरी बॉल पर जेसन होल्डर ने नेहल वाधेरा (0) को विकेटकीपर जोस बटलर के हाथों कैच कराया। वाधेरा अपना खाता भी नहीं खोल सके। होल्डर की लेंथ बॉल ऑफ स्टंप से बाहर जा रही थी। वाधेरा ने इसे छेड़ने की कोशिश की, लेकिन गेंद ने बल्ले का बाहरी किनारा लिया। विकेटकीपर बटलर ने बाईं ओर डाइव लगाकर शानदार कैच लिया। टॉस हारकर बैटिंग कर रही पंजाब की शुरूआत खराब रही। टीम ने पावरप्ले के अंदर 3 विकेट गंवा दिए हैं। 6 ओवर के खेल में पंजाब की टीम 35 रन ही बना सकी। छठे ओवर की आखिरी बॉल पर कगिसो रबाडा ने प्रभसिमरन सिंह को मानव सुथार के हाथों कैच कराया। पहले ओवर में मोहम्मद सिराज ने प्रियांश आर्या और कूपर कोनोली को पवेलियन भेजा था। कगिसो रबाडा ने पंजाब की पारी के चौथे ओवर में महज 4 रन दिए। इनके इस ओवर में कोई बाउंड्री नहीं आई।

पंजाब ने पहले ओवर में दो विकेट गंवा दिए हैं। इस ओवर एक जीवनदान और दो विकेट आए। सिराज की पहली बॉल पर प्रियांश आर्या कैच आउट होने से बच गए। मिडिल स्टंप पर शॉर्ट ऑफ लेंथ गेंद पर बल्लेबाज ने हुक शॉट खेलने की कोशिश की। गेंद बैट के ऊपरी किनारे से लगकर शॉर्ट फाइन लेग की दिशा में गई। जोस बटलर पीछे भागे और शानदार डाइव लगाई, लेकिन गेंद तक पहुंच नहीं पाए। प्रियांश आर्या जीवनदान का फायदा नहीं उठा सके। वे सिराज की दूसरी बॉल पर निशांत सिंधु को कैच थमा बैठे और 2 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। ऑफ स्टंप के बाहर बैक ऑफ लेंथ गेंद पर प्रियांश ने शॉट खेलने की कोशिश की, लेकिन गैप नहीं मिला। निशांत ने अपने बाईं ओर दौड़ते हुए डाइव लगाई और कैच लपक लिया। ओवर की तीसरी गेंद पर मोहम्मद सिराज ने लगातार दूसरा विकेट झटक लिया।

# मुंबई और लखनऊ के बीच मैच में हार्दिक व सूर्यकुमार पर होगी निगाह



मुंबई। मुंबई इंडियंस को यदि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए अगर मगर की कठिन डगर की उम्मीदें जीवंत रखनी हैं तो सबसे निचले पायदान पर काबिज लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ सोमवार को यहां होने वाले मुकाबले में उसके कप्तान हार्दिक पंड्या और प्रमुख बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। पंड्या (146 रन और चार विकेट) और सूर्यकुमार (186) का अब तक का प्रदर्शन निराशाजनक रहा है, जिससे मुंबई को काफी नुकसान हुआ है।

विशेषकर तब जबकि पूर्व कप्तान रोहित शर्मा हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के कारण नहीं खेल पा रहे हैं। वह हालांकि अब वापसी की राह पर हैं। पांच बार की आईपीएल विजेता मुंबई इंडियंस नौ मैचों में सिर्फ दो जीत के साथ अंक तालिका में नौवें स्थान पर है। उसकी आईपीएल प्लेऑफ में जगह बनाने की उम्मीदें लगभग खत्म हो चुकी हैं। मुंबई को अगर मगर से क्वालीफाई करने की उम्मीद बनाए रखने के लिए अपने बाकी बचे सभी मैच जीतने होंगे और साथ ही अन्य टीम के परिणाम भी अपने अनुकूल रहने के लिए प्रार्थना करनी होगी। उसके प्रमुख खिलाड़ी अभी तक अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं।



मुंबई के खराब प्रदर्शन से हार्दिक की कप्तानी भी सवालों के घेरे में आ गई है। रणनीति के मामले में वह पूरी तरह नाकाम रहे हैं। मुंबई के बल्लेबाज एकजुट होकर प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं जबकि हार्दिक का बल्ले और गेंद दोनों से साधारण प्रदर्शन रहा है। गेंदबाजी में हार्दिक का प्रदर्शन उतार-चढ़ाव भरा रहा है, लेकिन उनकी बल्लेबाजी में काफी सुधार की जरूरत है। सूर्यकुमार अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में तब्दील करने में नाकाम रहे हैं, जो वास्तव में चिंता का विषय है क्योंकि अब वह पहले की तरह गेंदबाजों पर हावी नहीं हो पा रहे हैं। भारत की टी20 टीम के कप्तान ने 2025 में भी अच्छा प्रदर्शन नहीं किया था। उन्होंने 2026 की अच्छी शुरुआत की थी लेकिन इसके बाद उनका बल्ला नहीं चल पाया। वह न तो पूरी तरह से फॉर्म से बाहर नजर आ रहे हैं और ना ही वह क्रीज पर लंबा समय बिता पाए हैं। मुंबई इंडियंस और एलएसजी का इस सत्र में प्रदर्शन एक जैसा रहा है।

यह दोनों ही टीमें बल्लेबाजों की सामूहिक विफलता से जूझ रही हैं, जिसने अंतिम चार में पहुंचने की उनकी संभावनाओं को काफी हद तक धूमिल कर दिया है। एलएसजी के कप्तान ऋषभ पंत भी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं। उनकी टीम लगातार पांच मैच हारकर अंक तालिका में सबसे नीचे खिसक गई है। एलएसजी ने पहले मैच में हार के साथ शुरुआत करने के बाद लगातार दो जीत से वापसी की। हालांकि जब उनकी टीम को अच्छा प्रदर्शन करना चाहिए था तब वह ऐसा नहीं कर पाई। उसके गेंदबाजों का प्रदर्शन शानदार रहा है लेकिन बल्लेबाजों की कमजोरी उसकी राह में रोड़ा बन रही है। एलएसजी के पिछले मैच में मोहसिन खान ने 23 रन देकर पांच विकेट लिए थे लेकिन उनका यह शानदार प्रयास टीम को दो अंक नहीं दिला पाया क्योंकि सुपर ओवर में खराब फॉर्म में चल रहे निकोलस पूरन को भेजने का फैसला गलत साबित हुआ।

## संक्षेप

### मार्टा कोस्त्युक ने मैड्रिड ओपन का खिताब जीता

मैड्रिड। यूक्रेन की मार्टा कोस्त्युक ने रूस की मीरा एंड्रीवा को सीधे सेटों में हराकर मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट में महिला एकल का खिताब जीता। कोस्त्युक ने फाइनल में पहले सेट में संघर्ष करने के बाद एंड्रीवा को 7-5, 6-3 से हराया। रूस ने 2022 में यूक्रेन पर आक्रमण किया था और तब से उनके बीच युद्ध चल रहा है। यही कारण था कि दोनों खिलाड़ियों ने मैच के बाद नेट पर हाथ नहीं मिलाया और ना ही पुरस्कार समारोह में एक साथ फोटो खिंचवाई। विश्व में 23वीं रैंकिंग की खिलाड़ी कोस्त्युक मैच जीतने के बाद क्ले कोर्ट पर गिर पड़ीं और अपने चेहरे पर हाथ रख लिया। बाद में उन्होंने दर्शकों की तालियों के बीच कलाबाजी भरी बैकफ्लिप की। वहीं एंड्रीवा कोर्ट के किनारे अपनी सीट पर बैठ गईं और तौलिए से अपना चेहरा छिपाकर रोने लगीं। यह कोस्त्युक का तीसरा डब्ल्यूटीए खिताब है।

### रुतुराज की बल्लेबाजी की फॉर्म से कप्तानी में भी मदद : फ्लेमिंग

चेन्नई। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने कहा कि रुतुराज गायकवाड़ ने निर्णय लेने में काफी निरंतरता दिखाई है और इसका काफी श्रेय बल्लेबाज के रूप में उनकी शानदार फॉर्म को दिया जा सकता है। आईपीएल के शुरू में खराब प्रदर्शन करने वाले गायकवाड़ ने पिछले दो मैचों में क्रमशः नाबाद 74 रन और नाबाद 67 रन बनाए। इससे सीएसके अपने पिछले पांच मैचों में से तीन में जीत दर्ज करके अंक तालिका में छठे स्थान पर पहुंच गया है। फ्लेमिंग ने शनिवार को मुंबई इंडियंस पर सीएसके की आठ विकेट से जीत के बाद कहा, वह हर मैच में बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। इसकी शुरुआत थोड़ी धीमी रही थी, लेकिन पिछले कुछ मैचों में उसने शानदार प्रदर्शन किया है। पिछले 18 सत्र से सीएसके के कोच रहे फ्लेमिंग का यह भी मानना है कि गायकवाड़ के बल्लेबाजी में अच्छे प्रदर्शन ने उन्हें कप्तान के रूप में आत्मविश्वास भी मिला। फ्लेमिंग ने कहा, कप्तानी में सफलता के लिए बल्लेबाजी में अच्छा प्रदर्शन काफी महत्वपूर्ण होता है। पिछले दो मैचों में उसने शानदार फॉर्म दिखाई है। मुझे लगता है कि यह उसके अच्छे फैसलों का नतीजा है।

# डब्ल्यूएफआई ने दिया सुरक्षा का आश्वासन

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष संजय सिंह ने रविवार को जोर देकर कहा कि गोंडा में होने वाले राष्ट्रीय ओपन रैंकिंग टूर्नामेंट का स्थल नहीं बदला जाएगा और उन्होंने विनेश फोगाट की सुरक्षा की व्यक्तिगत गारंटी दी। उनका यह आश्वासन तब दिया गया, जब इस दिग्गज पहलवान की सुरक्षा और पक्षपात को लेकर आशंकाएं व्यक्त की जा रही थीं। विनेश ने रविवार को चेतावनी दी कि गोंडा में आगामी राष्ट्रीय ओपन रैंकिंग कुश्ती टूर्नामेंट के दौरान उनके या उनकी टीम के सदस्यों के साथ कुछ भी अप्रिय घटना होने पर भारत सरकार जिम्मेदार होगी। इसके साथ ही उन्होंने प्रतियोगिता में पक्षपातपूर्ण फैसलों की आशंका भी जताई। विनेश ने लगभग 18 महीनों के बाद वापसी करने से पहले एक वीडियो संदेश में आरोप लगाया कि बृज भूषण शरण सिंह से जुड़े स्थल पर होने वाली प्रतियोगिता के परिणामों पर भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व प्रमुख के करीबी लोग प्रभाव डाल सकते हैं। संजय सिंह ने बताया, अगर विनेश को अपनी सुरक्षा की चिंता है तो मैं उन्हें आश्वस्त करना चाहता हूं कि मैं इसकी व्यक्तिगत गारंटी ले रहा हूं।

❍ विनेश को पक्षपात की आशंका आयोजन स्थल बदलने से इनकार

# इशकांत क्लब ने जीती चैंपियनशिप ट्रॉफी

खेल संवाददाता



लखनऊ। इशकांत स्वीमिंग क्लब ने प्रथम जिला वीकेएस फाउंडेशन तैराकी चैंपियनशिप में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 15 स्वर्ण पदकों के साथ अपनी धाक जमाते हुए ओवरऑल चैंपियनशिप ट्रॉफी अपने नाम कर ली। लखनऊ एमेच्योर एक्वेटिक एसोसिएशन लखनऊ के तत्वावधान में वीकेएस (विजय कुमार साहू) फाउंडेशन द्वारा केडी सिंह बाबू स्टेडियम के तरणताल में आयोजित चैंपियनशिप में इशकांत स्वीमिंग ने 15 स्वर्ण, 9 रजत व 4 कांस्य सहित 28 पदक जीत श्रेष्ठता साबित की। इसके अलावा विभिन्न आयु वर्गों में भी विजेता का फैसला हुआ। ग्रुप ए में एलपीसी गोमतीनगर (7 स्वर्ण, 3 रजत), ग्रुप बी में लामार्टिनियर गर्ल्स (5 स्वर्ण, 4 रजत, 1 कांस्य), ग्रुप सी में इशकांत स्वीमिंग क्लब (9 स्वर्ण, 2 रजत व 2 कांस्य) और ग्रुप डी में सरस्वती विद्यालय (3 स्वर्ण, 2 रजत व 1 कांस्य) शीर्ष पर रहे। सर्वश्रेष्ठ कोच इशकांत स्वीमिंग के अभिकल्प शर्मा चुने गए। समापन समारोह में मुख्य अतिथि वीकेएस (विजय कुमार साहू) फाउंडेशन के निदेशक शिवम विजय साहू ने पदक विजेताओं को सम्मानित करते हुए पुरस्कार वितरित किए। इस दौरान विशिष्ट अतिथि के तौर पर कीर्ति मिश्रा (पूर्व अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी) की भी गरिमामयी मौजूदगी रही। समापन समारोह की अध्यक्षता यूपी स्वीमिंग एसोसिएशन के निदेशक रविन कपूर ने की। अंत में अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी जितेंद्र सोनकर ने आभार जताया। इस अवसर पर यूपी ट्रायथलान एसोसिएशन के सचिव संदीप मिश्रा, अंतर्राष्ट्रीय रेफरी रविंद्र सोनकर, यूपी रोइंग एसोसिएशन के लीगल कमेटी के चेयरमैन राकेश शुक्ला एवं अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी पुष्पा मिश्रा सहित कई गणमान्य अतिथि मौजूद रहे। लामार्टिनियर ब्वायज के समर्थ सिन्हा ने बालक ग्रुप डी में 200 मीटर व्यक्तिगत मेडले और 50 मीटर बटरफ्लाई स्ट्रोक में स्वर्ण पदक जीते। बालिका ग्रुप सी के 50 मीटर बटरफ्लाई स्ट्रोक में बालिका विद्या निकेतन की ममता सोनकर अव्वल रही। वहीं बालिका ग्रुप डी में इसी स्कूल की दुर्गा चौहान ने स्वर्ण जीता। ग्रुप ए में बालकों के 100 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक में सीएमएस राजेंद्र नगर के अयान यादव और बालिकाओं में एलपीसी गोमतीनगर की अनन्या सिंघानिया ने स्वर्ण जीते।

❍ प्रथम जिला वीकेएस फाउंडेशन तैराकी चैंपियनशिप

### दिन ही नहीं, पूरा सत्र ही हमारा नही : हार्दिक

चेन्नई। मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या ने शनिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग के एक अहम मैच में चेन्नई सुपर किंग्स के हाथों मिली हार के बाद निराशा व्यक्त करते हुए कहा कि दिन को छोड़िए, यह पूरा सत्र ही हमारा नहीं है। सीएसके ने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद मुंबई इंडियंस को छोटे स्कोर पर रोक दिया जिसके बाद कप्तान रुतुराज गायकवाड़ (नाबाद 67) और कार्तिक शर्मा (नाबाद 54) के बीच तीसरे विकेट के लिए 75 गेंद में 98 रन की अटूट साझेदारी की मदद से आठ विकेट से जीत दर्ज की। हार्दिक ने मैच के बाद निराशा व्यक्त करते हुए कहा, मुझे लगता है कि दिन को छोड़िए, यह पूरा सत्र ही हमारा नहीं है। उन्होंने हमसे बेहतर बल्लेबाजी की, बेहतर गेंदबाजी की और बेहतर क्षेत्ररक्षण किया।

# कोलकाता की लगातार तीसरी जीत

एजेंसी



हैदराबाद। कोलकाता नाइट राइडर्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को 7 विकेट से हराकर आईपीएल 2026 में अपनी लगातार तीसरी जीत दर्ज की है। हैदराबाद ने राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी चुनी, लेकिन पूरी टीम 19 ओवर में 165 रन पर सिमट गई। जवाब में कोलकाता ने 166 रनों का टारगेट 18.2 ओवर में हासिल कर लिया। इस जीत के बाद कोलकाता 9 मैचों में 3 जीत के साथ 8वें नंबर पर है। वहीं, हैदराबाद 10 मुकाबलों में 12 पॉइंट्स के साथ तीसरे नंबर पर है। 166 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी कोलकाता के लिए अंगकृष रघुवंशी ने अर्धशतक लगाया। उन्होंने 47 बॉल पर 59 रन बनाए।

❍ हैदराबाद को 7 विकेट से हराया, रघुवंशी की फिफ्टी, वरुण को 3 विकेट

उनके अलावा कप्तान अजिंक्य रहाणे ने 43 रन का योगदान दिया। रघुवंशी और रहाणे के बीच दूसरे विकेट के लिए 84 रन की पार्टनरशिप हुई। रिंकू सिंह ने 11 बॉल पर नाबाद 22 रन बनाए। हैदराबाद के लिए पैट कमिंस, शिवांग कुमार औक साकिब हुसैन को 1-1 विकेट मिला। इससे पहले, हैदराबाद के लिए ट्रैविस हेड ने अर्धशतक लगाया। उन्होंने 28 बॉल पर 61 रन बनाए। जबकि ईशान किशन ने 42 रन की अहम पारी खेली। हेड और ईशान के बीच दूसरे विकेट के लिए 61 रन की साझेदारी हुई। वहीं कोलकाता की ओर से वरुण चक्रवर्ती ने सबसे ज्यादा 3 विकेट झटके। सुनील नरेन और कार्तिक त्यागी ने 2-2 विकेट लिए। आईपीएल 2026 के 45वें मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को 7 विकेट से हरा दिया है। कोलकाता को जीत से पहले तीसरा झटका लगा।

शिवांग कुमार की गुगली पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में रघुवंशी लॉन्ग ऑफ पर कैच आउट हो गए। रघुवंशी ने 47 गेंदों में 59 रन की शानदार पारी खेली। कोलकाता दूसरा झटका 15वें ओवर की आखिरी बॉल पर गिरा। साकिब की तेज शॉर्ट गेंद पर रहाणे पुल शॉट खेलते हुए बल्ले के ऊपरी हिस्से से कैच दे बैठे। स्क्वायर लेग पर स्मरण ने आसान कैच लपका। रहाणे 43 रन बनाकर आउट हुए। 10 ओवर के बाद कोलकाता का स्कोर 1 विकेट पर 97 रन है। रहाणे और अंगकृष ने समझदारी से बल्लेबाजी करते हुए रनगति बनाए रखी।

पावरप्ले में कोलकाता ने 1 विकेट पर 71 रन ठोक दिए। रहाणे ने शुरूआत से आक्रामक बल्लेबाजी की, जबकि एलन ने कमिंस के ओवर में जमकर रन बटोरे। वहीं अंगकृष रघुवंशी ने भी लगातार दो छक्के लगाकर रनरेट सही रखा। पावरप्ले में दोनों टीमें बराबरी पर रहीं। 4 ओवर के बाद कोलकाता ने 1 विकेट पर 49 रन बना हैं।

# मित्तल परिवार ने राजस्थान रॉयल्स में 75 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदी

नयी दिल्ली। जाने-माने उद्योगपति लक्ष्मी एन मित्तल और उनके बेटे आदित्य मित्तल ने अदार पूनावाला के साथ मिलकर 1.65 अरब अमेरिकी डॉलर (लगभग 15,600 करोड़ रुपये) की बोली लगाकर राजस्थान रॉयल्स में सबसे अधिक हिस्सेदारी हासिल कर ली है।

उन्होंने कल सोमानी-रॉब वाल्टन-शीला फोर्ड हैम्प के समूह के दौड़ से हटने के बाद यह सौदा किया। इस सौदे में दी गई राशि (1.65 बिलियन अमेरिकी डॉलर) राजस्थान रॉयल्स की पुरुष फ्रेंचाइजी पार्ल रॉयल्स और बारबाडोस रॉयल्स के उद्यम मूल्य को दर्शाती है। यह सौदा बीसीसीआई, सीसीआई, आईपीएल संचालन परिषद और अन्य लागू नियामक प्राधिकरणों के अनुमोदन सहित अन्य शर्तों के अधीन है। यह सौदा 2026 की तीसरी तिमाही में पूरा होने की उम्मीद है। इससे पहले सोमानी के नेतृत्व वाले अमेरिका स्थित समूह ने 1.63 बिलियन अमेरिकी डॉलर की पेशकश की थी, लेकिन सूत्रों के अनुसार कई मुद्दों के कारण यह उचित जांच प्रक्रिया में खरा नहीं उतर पाया। मित्तल परिवार ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, लक्ष्मी एन मित्तल और आदित्य मित्तल ने आज घोषणा की है कि अदार पूनावाला के साथ मिलकर मनोज बदाले और उनके समूह से राजस्थान रॉयल्स का अधिग्रहण करने के लिए एक निश्चित समझौते पर सहमति बन गई है।

प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, मित्तल परिवार के पास राजस्थान रॉयल्स का लगभग 75 प्रतिशत जबकि पूनावाला के पास लगभग 18 प्रतिशत हिस्सा होगा। शेष लगभग सात प्रतिशत हिस्सेदारी मनोज बदाले सहित मौजूदा निवेशकों के पास रहेगी।

### टी20 मुंबई नीलामी, इरा जाधव सबसे महंगी महिला खिलाड़ी

मुंबई। ऑर्क्स अंधेरी ने शनिवार को टी20 मुंबई लीग के पुरुषों और महिलाओं की नीलामी के दौरान अर्जुन तेंदुलकर को 10 लाख रुपये में अपनी टीम में शामिल किया जबकि 16 साल की इरा जाधव को आकाश टाइगर्स ने इसी कीमत पर खरीदा। महिलाओं के पहले सत्र की नीलामी के बाद पुरुषों की नीलामी हुई। मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) के दोनों वर्ग के टी20 टूर्नामेंट इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के खत्म होने के बाद अगले महीने होने वाले हैं। 26 साल के तेंदुलकर ने पिछले कुछ सत्र में घरेलू क्रिकेट में गोवा का प्रतिनिधित्व किया है। उन्हें बीसीसीआई ने पहले ही नीलामी और टूर्नामेंट के लिए मंजूरी दे दी थी क्योंकि उन्होंने पिछले 12 महीनों में किसी भी राज्य संघ के टी20 टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लिया है। कुल 363 महिला खिलाड़ियों की बोली लगी, जिसमें तीन टीमों ने 50 खिलाड़ियों को चुनने के लिए कुल 1.47 करोड़ रुपये खर्च किए।

# ओसासुना को हराकर बार्सिलोना ला लिगा खिताब के करीब

एजेंसी



बार्सिलोना। रॉबर्ट लेवांडोव्स्की और फेरान टोरेस के गोल की मदद से बार्सिलोना ने ओसासुना को 2-1 से हराकर स्पेनिश लीग फुटबॉल टूर्नामेंट ला लिगा में फिर से चैंपियन बनने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। बार्सिलोना ने इस तरह से दूसरे नंबर पर काबिज रियाल मैड्रिड पर 14 अंकों की बढ़त बना ली है। इस सप्ताहांत के बाद प्रतियोगिता में केवल चार दौर के मैच खेले जाने बाकी हैं। बार्सिलोना को लगातार दूसरी बार ला लिगा का खिताब जीतने से रोकने के लिए रियाल मैड्रिड को अपने अगले मैच में एस्पेनयोल के खिलाफ जीत हासिल करनी होगी। मैड्रिड की जीत से खिताब की जंग एक और सप्ताह तक खिंच जाएगी, जब बार्सिलोना अपने चिर प्रतिद्वंद्वी रियाल मैड्रिड की मेजबानी करेगा।

मैच में तीनों गोल दूसरे हाफ में हुए। लेवांडोव्स्की ने 81वें मिनट में हेडर से गोल करके बार्सिलोना को बढ़त दिलाई जबकि टॉरेस ने पांच मिनट बाद दूसरा गोल दागा। राउल गार्सिया ने 89वें मिनट में ओसासुना के लिए गोल किया। इस बीच एटलेटिको मैड्रिड ने अपने प्रमुख खिलाड़ियों को विश्राम देने के बावजूद वालेंसिया पर 2-0 से जीत हासिल की। उसने आर्सेनल के खिलाफ होने वाले चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल के दूसरे चरण के मैच को ध्यान में रखते हुए जूलियन अल्वारेज़, अलेक्जेंडर सोरलॉथ और जूलियानो सिमोन को विश्राम दिया। विलारियल ने लेवांटे को 5-1 से हराकर चैंपियंस लीग के लिए क्वालीफाई कर लिया है। विलारियल ने लगातार दूसरे सत्र में शीर्ष चार स्थानों में जगह पक्की कर ली है और वह यूरोप के प्रतिष्ठित क्लब टूर्नामेंट में खेलेगा।

# भारत वैश्विक संकटों को अवसरों में बदले

## दक्षिण गुजरात के दो-दिवसीय वाइब्रेंट गुजरात क्षेत्रीय सम्मेलन के समापन समारोह को नड्डा ने किया संबोधित

एजेंसी

सूरत। केंद्रीय मंत्री जे.पी. नड्डा ने कहा कि भारत को अपनी घरेलू ताकत बढ़ाने के लिए मौजूदा वैश्विक अनिश्चितताओं को अवसरों में बदलना चाहिए। नड्डा ने 2047 तकै विकसित भारतै के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए विनिर्माण क्षमता, लचीलेपन और आत्मनिर्भरता बढ़ाने का आह्वान किया। दक्षिण गुजरात के दो-दिवसीय वाइब्रेंट गुजरात क्षेत्रीय सम्मेलन के समापन समारोह को संबोधित करते हुए नड्डा ने कहा कि हालिया वैश्विक घटनाक्रम रणनीतिक निर्भरता कम करने और आपूर्ति शृंखला को मजबूत करने की आवश्यकता को रेखांकित करते हैं।

उन्होंने कहा, हालिया वैश्विक अनिश्चितता इस बात का संकेत है कि हमें संकटों को अवसरों में बदलना चाहिए। हमें क्षेत्रीय सम्मेलनों के माध्यम से अपने विनिर्माण क्षेत्रों पर अधिकतम ध्यान देना होगा। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि आर्थिक शक्ति केवल विकास के बारे में ही नहीं है, बल्कि यह लचीलेपन, आत्मनिर्भरता और रणनीतिक स्वायत्तता के बारे में भी है। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत को वैश्विक अनिश्चितता को घरेलू ताकत में बदलना चाहिए और देश के भीतर अधिक निर्माण और नवाचार करना



चाहिए, ताकि महत्वपूर्ण कमजोरियों को कम किया जा सके। नड्डा ने उल्लेख किया कि 2047 तक विकसित भारत की राह के लिएै निरंतर उच्च विकास दर, गहरी औद्योगिक क्षमता, निर्यात का विस्तार और वैश्विक आपूर्ति शृंखलाओं के साथ मजबूत एकीकरणै आवश्यक है। उन्होंने आपूर्ति शृंखला में व्यवधान, प्रौद्योगिकी नियंत्रण और संसाधन अवरोधों जैसे मुद्दों को हल करने की आवश्यकता पर भी बल दिया। केंद्रीय मंत्री ने शासन के बारे में बात करते हुए उद्योगों के प्रति वर्तमान सरकार के दृष्टिकोण की तुलना 2003 में तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वाइब्रेंट गुजरात पहल शुरू होने से पहले की मानसिकता से की।

उन्होंने याद दिलाते हुए कहा कि 21वीं सदी की शुरुआत में उद्योगपतियों, राजनेताओं और नौकरशाहों के बीच तालमेल का अभाव था। उस समय लोग उद्योगपतियों को संदेह की दृष्टि से देखते थे और उनके मन में यह सवाल रहता था कि उनका छिपा हुआ उद्देश्य क्या है और वे सरकार से क्या लाभ लेना चाहते हैं। उन्होंने दावा किया कि उस समय राजनेता और नौकरशाह अक्सर व्यवसायों के लिए बाधाएं पैदा करने के बारे में सोचते थे। नड्डा ने कहा कि 2003 में पहले वाइब्रेंट गुजरात शिखर सम्मेलन ने इस विचारधारा में आमूल-चूल परिवर्तन किया। उन्होंने कहा, वहां से एक नयी विचार प्रक्रिया विकसित हुई, जिसमें संवाद, चर्चा, निवेश, सहमति पत्रों, बाधाओं को दूर करने और मिलकर काम करने पर ध्यान केंद्रित किया गया।

# पंजाब और हरियाणा के कुछ हिस्सों में बारिश



चंडीगढ़। चंडीगढ़ और पंजाब व हरियाणा के कुछ हिस्सों में रविवार को भारी बारिश हुई, जिससे तापमान में कुछ डिग्री की गिरावट आई। चंडीगढ़ में सुबह आसमान में काले बादल छाए हुए थे, जिसके बाद तेज हवाएं चलीं, धूल भरी आंधी आई और भारी बारिश हुई। कुछ स्थानों पर बिजली आपूर्ति बाधित हो गई, जबकि तेज हवाओं के कारण कुछ पेड़ उखड़ गए और कई पेड़ों की शाखाएं टूटकर गिर गईं। हालांकि, दोपहर में आसमान साफ हो गया। शहर की बिजली आपूर्ति कंपनी, चंडीगढ़ पावर डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड (सीपीडीएल) के अनुसार,ै तेज हवाओं (सुबह के समय) और बिजली के तारों के गिरने के कारण कुछ क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति अपेक्षा से अधिक समय तक प्रभावित रही है। हमारी टीम बिजली आपूर्ति बहाल करने के लिए लगातार काम कर रही है। मोहाली, रूपनगर, होशियारपुर, फगवाड़ा, अमृतसर और लुधियाना सहित पंजाब के अन्य हिस्सों से भी बारिश की खबर मिली है। हरियाणा में पंचकूला, अंबाला और यमुनानगर में बारिश हुई। शनिवार को दोनों राज्यों में कई स्थानों पर अधिकतम तापमान 38 से 40 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा, लेकिन रविवार सुबह हुई बारिश के बाद दोनों राज्यों में तापमान में कुछ गिरावट आई, जिससे लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली। अधिकारियों ने बताया कि पंजाब के होशियारपुर में तड़के सुबह बारिश और अचानक तेज हवा के झोंके से पुरहिरन इलाके के इंडस्ट्रियल फोकल प्वाइंट में कुछ बिजली के खंभे और पेड़ उखड़ गए, जिसकी चपेट में आने से एक स्थानीय उद्योगपति घायल हो गये। सुबह करीब छह बजे इलाके में तेज हवाएं चलीं, जिससे छह से सात बिजली के खंभे गिर गए और दो बड़े पेड़ उखड़ गए। पुरहिरन के थाना प्रभारी उप-निरीक्षक जगजीत सिंह ने बताया कि होशियारपुर के उद्योगपति अपने स्कूटर पर उस इलाके से गुजर रहे थे, तभी कुछ खंभे और हाई-टेंशन तार उन पर गिर पड़े। पुलिस ने बताया कि घायल व्यक्ति को स्थानीय लोगों ने तुरंत पास के अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज जारी है। इस बीच, फगवाड़ा और उसके आसपास के इलाकों में सुबह धूल भरी आंधी आई और भारी बारिश हुई।

## संक्षेप

### भारत और कंबोडिया की सेनाएं करेंगी सैन्य अभ्यास



नयी दिल्ली। भारत और कंबोडिया की सेनाएं दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय रक्षा और सैन्य संबंधों को गहरा करने के तहत सोमवार से दो सप्ताह तक सैन्य अभ्यास करेंगी। रक्षा मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी। अभ्यास सिनबैक्स का दूसरा संस्करण कंबोडिया के कम्पोंग स्पीउ प्रांत में आयोजित किया जाएगा। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि यह अभ्यास महत्वपूर्ण है क्योंकि यह वैश्विक सुरक्षा चुनौतियों के बदलते परिवेश में हो रहा है। अभ्यास में शामिल होने वाली भारतीय सेना की टुकड़ी में 120 जवान शामिल हैं, जिनमें से अधिकतर मराठा लाइट इन्फैंट्री रेजिमेंट की एक बटालियन से हैं। कंबोडियाई टुकड़ी में रॉयल कंबोडियाई सेना के 160 जवान शामिल हैं। मंत्रालय ने कहा, दोनों देशों का ये अभ्यास संयुक्त राष्ट्र शांतिरक्षा अभियान के दौरान शांतिरक्षक बलों द्वारा सामना की जा रही वर्तमान चुनौतियों के अनुरूप होगा।

# नेपाल सरकार ने राजनीति से प्रेरित करीब 1500 नियुक्तियों को किया रद्द

काठमांडू। नेपाल की नयी सरकार ने राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल के माध्यम से एक व्यापक अध्यादेश जारी कर।,500 से अधिक प्रमुख सार्वजनिक नियुक्तियों को तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया है। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी। स्थानीय मीडिया में प्रकाशित खबरों के मुताबिक, ये नियुक्तियां 26 मार्च से पहले सत्ता परिवर्तन से पहले की गई थीं। बालेंद्र शाह के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी ने पांच मार्च को हुए चुनावों में देश के पारंपरिक राजनीतिक दलों के खिलाफ भारी विरोध का फायदा उठाते हुए सत्ता हासिल की। यह आम चुनाव सितंबर 2025 में जेनरेशन जेड (1997 से 2012 के बीच जन्मे लोगों के लिए प्रयुक्त शब्द) विरोध प्रदर्शनों और केपी ओली की सरकार का पतन होने के कुछ महीनों बाद हुआ।

काठमांडू पोस्ट अखबार के मुताबिक, राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने शनिवार को मंत्रिमंडल की सिफारिश पर सार्वजनिक पद धारकों को हटाने के लिए विशेष प्रावधानों पर अध्यादेश, 2083 जारी किया।

# केंद्र ने बचपन के मधुमेह की जांच और उपचार के लिए राष्ट्रीय रूपरेखा जारी की

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने रविवार को एक दिशानिर्देश दस्तावेज जारी किया, जिसमें बचपन के मधुमेह की जांच, उपचार और दीर्घकालिक प्रबंधन के लिए एक रूपरेखा प्रदान की गई है।

मंत्रालय के अनुसार, यह दस्तावेज पहली बार एक संरचित और मानकीकृत राष्ट्रीय ढांचा स्थापित करता है, जिससे भारत उन चुनिंदा देशों के समूह में शामिल हो जाता है जिन्होंने



बचपन के मधुमेह की देखभाल को सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली में एकीकृत किया है।

सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा वितरण में सर्वोत्तम प्रथाओं पर हाल ही में मंत्रालय द्वारा आयोजित राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन में बच्चों में मधुमेह पर मार्गदर्शन दस्तावेज जारी किया गया। मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, इस रूपरेखा का उद्देश्य सामुदायिक और विद्यालय-आधारित मंचों के माध्यम से जन्म से 18 वर्ष तक के सभी बच्चों की सार्वभौमिक जांच सुनिश्चित करना है ताकि मधुमेह की शीघ्र पहचान की जा सके। बयान में कहा गया है कि संदिग्ध मामलों का तत्काल रक्त शर्करा परीक्षण किया जाएगा और पुष्टिकरण जांच और उपचार के लिए उन्हें जिला स्तरीय स्वास्थ्य केंद्रों में भेजा जाएगा।

# स्वतंत्र पत्रकारिता को दंडित और सरकार के अनुरूप चलने वालों को किया जा रहा पुरस्कृत

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रेस की स्वतंत्रता के मुद्दे पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर निशाना साधते हुए रविवार को कहा कि उनका संदेश स्पष्ट है कि स्वतंत्र पत्रकारिता को दंडित किया जाएगा और सरकार के हिसाब से चलने वालों को पुरस्कृत किया जाएगा। खरगे ने आरोप लगाया कि मीडिया के एक वर्ग को सत्तारूढ़ प्रतिष्ठान की बात दोहराने तक सीमित कर दिया गया है, जबकि सवाल पूछना जारी रखने वालों को लगातार निशाना बनाया जा रहा है। खरगे ने विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक में भारत की स्थिति 2014 से लगातार गिरी है।

उन्होंने आरोप लगाया कि संघ परिवार ने समाचार कक्षों को चुप कराने के लिए कानूनी ढांचों का हथियार के रूप में तेजी से इस्तेमाल किया है। खरगे ने कहा कि देश को इस कठोर और निर्विवाद वास्तविकता का सामना करना होगा कि भाजपा के शासन में 2014 से विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक में भारत की स्थिति लगातार गिरकर 157वें स्थान पर पहुंच गई है। कांग्रेस अध्यक्ष ने एक्स पर कहा, सही अर्थ में स्वतंत्र प्रेस का काम सरकार की बात



को बढ़ा-चढ़ाकर पेश करना या उसकी नाकामियों को छिपाना नहीं होता। उसका काम सत्ता से सवाल करना, सत्ता की पड़ताल करना और पद पर बैठे लोगों को जवाबदेह ठहराना है। खरगे ने कहा कि मीडिया सत्ता और लोगों के बीच लोकतांत्रिक संतुलन को बनाए रखता है। उन्होंने कहा, पत्रकार सार्वजनिक सत्य के संरक्षक होते हैं। पंडित नेहरू ने कहा था, प्रेस की स्वतंत्रता केवल एक नारा नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया का एक आवश्यक गुण है। मौजूदा शासन में यह आवश्यक गुण गंभीर रूप से कमजोर हुआ है। खरगे ने कहा, संघ परिवार ने समाचार कक्षों को चुप कराने के लिए कानूनी ढांचों को हथियार के रूप में तेजी से इस्तेमाल किया है। मानहानि कानूनों, राष्ट्रीय सुरक्षा प्रावधानों और व्यापक आपराधिक कानूनों का इस्तेमाल न्याय के माध्यम के रूप में नहीं, बल्कि डराने-धमकाने के औजार के रूप में किया जा रहा है।

# राहुल की यात्रा से घबरायी मोदी सरकार

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने ग्रेट निकोबार परियोजना को लेकर पारिस्थितिकी, जनजातीय अधिकारों, पारदर्शिता और सुरक्षा से जुड़ी चिंताओं को विस्तार से उठाते हुए कहा कि इन

❍ संबंधित चिंताओं पर चर्चा हो: कांग्रेस

मुद्दों पर संसदीय मंच में चर्चा होनी चाहिए। विपक्षी दल ने दावा किया कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की पिछले सप्ताह ग्रेट निकोबार की यात्रा के बाद से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार घबराई हुई है और बचाव की मुद्रा में आ गई है।



कांग्रेस महासचिव एवं संचार प्रभारी जयराम रमेश ने एक बयान में कहा, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की 28 अप्रैल, 2026 को ग्रेट निकोबार की बेहद प्रभावशाली यात्रा के बाद से मोदी सरकार स्पष्ट रूप से बचाव की मुद्रा में आ गई है और उसने तीन दिन बाद ग्रेट निकोबार द्वीप विकास परियोजना पर एक प्रेस नोट जारी किया। रमेश ने कहा कि यह प्रेस नोट उन गंभीर चिंताओं का कोई जवाब नहीं देता जिन्हें स्थानीय प्रभावित समुदायों, पर्यावरणविदों, मानवविज्ञानियों, शिक्षाविदों, नागरिक समाज के विशेषज्ञों और अन्य पेशेवरों ने उठाया है। पूर्व पर्यावरण मंत्री ने कहा, मैंने इन चिंताओं के बारे में केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री को 10 सितंबर, 2024 को विस्तार से बताया था और 27 सितंबर, 2024 को इस संबंध में फिर से पत्र लिखा था। गांधी ने पिछले सप्ताह ग्रेट निकोबार की यात्रा के दौरान आरोप लगाया था।

# पाक : हिंदू समुदाय के दो अभ्यार्थी संघीय सिविल सेवा के लिए चयनित

इस्लामाबाद। पाकिस्तान की संघीय सिविल सेवा के लिए अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के दो अभ्यार्थियों का चयन हुआ है। पाकिस्तान की संघीय सिविल सेवा में अल्पसंख्यक समुदायों का प्रतिनिधित्व ऐतिहासिक रूप से कम है। सिंध प्रांत के जीवन रेबारी और खेम चंद जंदोरा उन 170 उम्मीदवारों में शामिल थे, जो बृहस्पतिवार को संघीय लोक सेवा आयोग द्वारा परिणाम घोषित किए जाने के बाद केंद्रीय उच्च सेवा में शामिल होने के लिए अर्हता प्राप्त कर चुके हैं। एफपीएससी के अनुसार, देशभर से 12,792 अभ्यार्थियों ने लिखित परीक्षा दी, जिनमें से 355 उत्तीर्ण हुए। आगे के चरणों के बाद चयनित उम्मीदवारों की कुल संख्या 170 रही।

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षित 123 सीटें रिक्त हैं। बीबीसी की खबर के मुताबिक खेम चंद के माता-पिता को बेटे की पढ़ाई के लिए उच्च ब्याज दरों पर ऋ ण लेना पड़ा और गहने बेचने पड़े, जबकि संसाधनों की कमी के कारण जीवन रेबारी एक गुरुद्वारे में शरण लेकर लंगर से अपनी जरूरतों को पूरा करते थे।

## इंटरटेनमेंट...

# राजा शिवाजी ने 2 दिन में कमाये 21 करोड़

मुंबई। बॉक्स ऑफिस पर इस समय रितेश देशमुख की ऐतिहासिक फिल्म 'राजा शिवाजी' ने मराठी बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड तोड़ शुरूआत की है। वहीं, अक्षय कुमार की 'भूत बंगला' ने वर्ल्डवाइड 200 करोड़ का बड़ा आंकड़ा पार कर लिया है। दूसरी तरफ,

❍ अक्षय की 'भूत बंगला' 200 करोड़ पार धुरंधर 2 से पिछड़ी जुनैद की एक दिन

जुनैद खान और साई पल्लवी की फिल्म 'एक दिन' ने बहुत धीमी शुरूआत की है।




मराठी सिनेमा में रितेश ने रचा इतिहास

रितेश देशमुख ने 'राजा शिवाजी' के साथ मराठा योद्धा की वीरता को बड़े पर्दे पर उतारा है। मराठी और हिंदी में रिलीज हुई इस फिल्म ने दो दिनों में ही भारत में 21.90 करोड़ रुपए का नेट कलेक्शन कर लिया है। ट्रेड रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म ने अकेले मराठी भाषा में दो दिनों में 15 करोड़ रुपए से ज्यादा की कमाई की है। शुक्रवार को 8 करोड़ की ओपनिंग के साथ यह मराठी सिनेमा की सबसे बड़ी ओपनर फिल्म बन गई थी। शनिवार को फिल्म ने मराठी में 7.15 करोड़ रुपए बटोरे। हिंदी वर्जन को भी अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। पहले दिन हिंदी में फिल्म ने 3.35 करोड़ कमाए थे, वहीं दूसरे दिन यह आंकड़ा 3.40 करोड़ रुपए रहा।

फिल्म का ग्रॉस कलेक्शन अब 26.06 करोड़ रुपए पहुंच गया है। 'भूत बंगला' का 200 करोड़ क्लब में अक्षय कुमार की हॉरर-कॉमेडी 'भूत बंगला' ने अपना दूसरा सप्ताह शानदार तरीके से पूरा किया है। फिल्म ने 16वें दिन 4.35 करोड़ की कमाई की, जिससे इसका भारत में कुल नेट कलेक्शन 137 करोड़ रुपए हो गया है। वर्ल्डवाइड मार्केट में अक्षय की फिल्म ने 217.73 करोड़ रुपए का ग्रॉस कलेक्शन कर लिया है।

लंबे समय बाद अक्षय कुमार की किसी फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर इस तरह की मजबूती दिखाई है। फिल्म 'एक दिन' की धीमी शुरूरात आमिर खान के बेटे जुनैद खान और साई पल्लवी की फिल्म 'एक दिन' बॉक्स ऑफिस पर सुस्त है। निगेटिव रिव्यूज और ठंडी प्रतिक्रिया के कारण दूसरे दिन फिल्म की कमाई बढ़ने के बजाय गिर गई। शनिवार को फिल्म ने महज 1 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया। दो दिनों में फिल्म का कुल वर्ल्डवाइड कलेक्शन सिर्फ 2.82 करोड़ रुपए रहा है। फिल्म को 'राजा शिवाजी' और 'धुरंधर 2' जैसी फिल्मों से कड़ी टक्कर मिल रही है। 45वें दिन भी 'धुरंधर 2' की कमाई बरकरार हैरानी की बात यह है कि 45 दिन पहले रिलीज हुई 'धुरंधर 2' अब भी नई फिल्मों को मात दे रही है।

# दिलजीत दोसांझ - मौत से नहीं लगता डर

मुंबई। कनाडा में हुए कॉन्सर्ट के दौरान पंजाबी सिंगर और एक्टर दिलजीत दोसांझ का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में दिलजीत स्टेज पर ऐसी बातें कहते नजर आए, जिससे फैंस की चिंता बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि वह 'इस दुनिया और शरीर को छोड़ चुके हैं' और उन्हें मौत से डर नहीं लगता। दिलजीत ने 30 अप्रैल को कनाडा के कैलगरी स्थित स्कोटियाबैंक सैडलडोम में 'ऑरा वर्ल्ड टूर 2026' के तहत परफॉर्म किया था। इसी कॉन्सर्ट का वीडियो सामने आया है। वीडियो में वह पंजाबी में फैंस से बातचीत करते नजर आए। उन्होंने कहा कि पिछले दिसंबर में वह इस शरीर से बाहर निकलने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन अब शरीर छोड़ने से पहले उन्हें कुछ काम पूरे करने हैं।

# बढ़ती उम्र पर बोले आर माधवन किसी पर निर्भर होना नरक जैसा

मुंबई। बॉलीवुड एक्टर आर माधवन ने बढ़ती उम्र, लाइफ प्लानिंग और तेजी से बदलती दुनिया में खुद को रिलेवेंट बनाए रखने की चुनौतियों पर खुलकर बात की है। माधवन का मानना है कि मेडिकल साइंस की वजह से अब लोग पहले से ज्यादा लंबा

❍ रिटायरमेंट के बाद की मुश्किलों के लिए बहुत कम लोग तैयार

जीवन जी रहे हैं, लेकिन रिटायरमेंट के बाद आने वाली मुश्किलों के लिए बहुत कम लोग तैयार हैं। अपनी उम्र के हिसाब से चुन रहे हैं रोल वरुण दुआ के साथ एक पॉडकास्ट में माधवन ने



बताया कि वे अब वही रोल कर रहे हैं जो उनकी असल जिंदगी और उम्र से मेल खाते हैं। अपनी वेब सीरीज 'लेगेसी' का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, मैं ऐसे रोल कर रहा हूं जो मेरी उम्र के हिसाब से सही हैं।

# 'धुरंधर 2' बनी दूसरी सबसे बड़ी भारतीय फिल्म

मुंबई। धुरंधर 2 दुनियाभर में दूसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्म बन गई। फिल्म की दुनियाभर में कमाई 1,788.32 करोड़ रुपए हो गई। धुरंधर 2 ने बाहुबली 2 को पीछे छोड़ दिया, जिसने 1,788.06 करोड़ रुपए कमाए थे। अब यह सिर्फ

❍ मूवी ने बाहुबली 2 को पीछे छोड़ा अब कलेक्शन में सिर्फ दंगल आगे

दंगल (2070 करोड़) से पीछे है। ट्रेड वेबसाइट सैकनिल्क के अनुसार, फिल्म ने रिलीज के 45वें दिन भारत में 2.77 करोड़ का नेट कलेक्शन किया। फिल्म का कुल भारत नेट कलेक्शन अब 1,138.54 करोड़ रुपए तक पहुंच गया, जबकि भारत में इसका ग्रॉस कलेक्शन 1,362.57 करोड़



रुपए हो गया। ग्रॉस कलेक्शन टिकट से कुल कमाई और नेट कलेक्शन टैक्स के बाद की कमाई होती है। ओवरसीज में फिल्म का कुल कलेक्शन अब 425.75 करोड़ रुपए तक पहुंच गया है। वहीं, फिल्म का वर्ल्डवाइड ग्रॉस कलेक्शन 1,788.32 करोड़ रुपए हो चुका है। धुरंधर फ्रेंचाइजी में रणवीर सिंह ने एक भारतीय जासूस का रोल प्ले किया है। जबकि दोनों ही पार्ट का डायरेक्शन आदित्य धर ने किया है।

धुरंधर के पहले पार्ट ने भारत और अंतरराष्ट्रीय बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन किया और दुनियाभर में करीब 1,307 करोड़ रुपए कमाए। भारत में फिल्म का ग्रॉस कलेक्शन 1,005.85 करोड़ रुपए रहा, जबकि नेट कलेक्शन लगभग 840 करोड़ रुपए हुआ। विदेशी बाजारों में भी फिल्म को जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला। ओवरसीज में इसने करीब 299.5 करोड़ रुपए कमाए। अमेरिका और कनाडा में 193.06 करोड़ रुपए से ज्यादा की कमाई कर बाहुबली 2 का रिकॉर्ड भी तोड़ा।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com